

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 47 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 27 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

शेख हसीना को नुकसान हुआ तो तारिक रहमान सरकार जिम्मेदार होगी: पूर्व पेंटागन अधिकारी की चेतावनी

न्यूयॉर्क। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रस्तावित वापसी को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अमेरिका के पूर्व पेंटागन अधिकारी माइकल रुबिन ने बांग्लादेश की तारिक रहमान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शेख हसीना को कोई नुकसान पहुंचता है, तो इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार होगी।

न्यूयॉर्क में 'बांग्लादेश का भविष्य' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में रुबिन ने कहा कि बांग्लादेश सरकार को पहले ही स्पष्ट संदेश दे दिया जाना चाहिए कि शेख हसीना की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अमे रिकी राजदूत और अन्य देशों के राजनयिकों से भी यह संदेश ढा का तक पहुंचाने का आग्रह किया।

संसद का विशेष सत्र: लोकसभा 30 नवंबर, राज्यसभा 2 दिसंबर को होगी फिर सक्रिय

मानसून सत्र की अधूरी कार्यवाही पूरी करने की तैयारी, जरूरी सरकारी कामकाज निपटाएगी सरकार; शीतकालीन सत्र अलग से बुलाया जाएगा

समाज जागरण

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र की बची हुई कार्यवाही को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा की बैठक दोबारा बुलाने की तैयारी की है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू के अनुसार, सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से क्रमशः 30 नवंबर और 2 दिसंबर 2026 को दोनों सदनों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। इन बैठकों में आवश्यक सरकारी और विधायी कामकाज निपटाया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, लोकसभा की बैठक सोमवार, 30 नवंबर को होगी, जबकि राज्यसभा बुधवार, 2 दिसंबर को बैठेगी। दोनों सदनों की बैठकें 3 दिसंबर 2026 तक समाप्त



हो सकती हैं। हालांकि, कार्यवाही की अवधि और संचालन का निर्णय सदनों के कामकाज की आवश्यकता तथा परिस्थितियों के अनुसार किया जाएगा।

मानसून सत्र को ही आगे बढ़ाने की तैयारी

बताया जा रहा है कि मानसून सत्र को पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित नहीं किया गया था। इसी कारण उसी सत्र की शेष कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए दोनों सदनों को फिर से बुलाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य जरूरी सरकारी कामकाज और लंबित विधायी कार्यों को पूरा करना है।

शीतकालीन सत्र से अलग होगी यह बैठक

संसद की प्रस्तावित बैठक को लेकर यह स्पष्ट किया गया है कि इसे शीतकालीन सत्र नहीं माना जाएगा। शीतकालीन सत्र बाद में अलग से बुलाया जाएगा। फिलहाल मानसून सत्र की शेष कार्यवाही पूरी करने के लिए दोनों सदनों की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव है।

किरण रिजिजू ने दी जानकारी

संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से आवश्यक सरकारी कामकाज निपटाने के लिए दोनों सदनों को फिर से बुलाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा की बैठक 30 नवंबर और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर को प्रस्तावित है। दोनों सदनों की बैठक 3 दिसंबर को समाप्त हो सकती है।

संसद की इन बैठकों में सरकार की प्राथमिकता आवश्यक सरकारी कामकाज को पूरा करना होगी। बैठक का अंतिम कार्यक्रम सदनों की कार्यसूची और कामकाज की जरूरतों के आधार पर तय किया जाएगा।

गाजियाबाद में सनसनीखेज मामला, पति, बेटे और भांजे को लेड पॉइजनिंग देने की साजिश; पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तार

छह करोड़ की ट्रैवल एजेंसी और दो करोड़ के बीमे के लिए परिवार को जहर देने का आरोप

समाज जागरण

गाजियाबाद। संपत्ति और बीमा राशि के लालच में रिश्तों को शर्मसार करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक महिला पर अपने पति, बेटे और भांजे को जान से मारने की नीयत से लेड पॉइजनिंग देने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी रेनू भटनागर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि करीब छह करोड़ रुपये की ट्रैवल एजेंसी और दो करोड़ रुपये के बीमा से जुड़े आर्थिक लाभ के लिए परिवार के तीन सदस्यों को निशाना बनाने की साजिश रची गई।

पुलिस के अनुसार, इस मामले का खुलासा पति सुशील भटनागर की शिकायत के बाद हुआ। एसीपी इंदिरापुरम अभय डागा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार महिला ने अपने ऊपर लगे आरोप स्वीकार किए हैं। हालांकि, मामले में आरोपों की अंतिम पुष्टि



न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी।

24 सितंबर को दर्ज हुई थी शिकायत

पुलिस के मुताबिक, 24 सितंबर 2026 को सुशील भटनागर ने इंदिरापुरम थाने में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में उन्होंने अपनी पत्नी रेनू भटनागर और अन्य परिवारजनों पर गंभीर आरोप लगाए। उनका आरोप था कि परिवार के सदस्यों ने मिलकर उन्हें, उनके बेटे और भांजे को जान से मारने की नीयत से लेड पॉइजनिंग दी।

एक ही परिवार के तीन सदस्यों को कथित रूप से जहर देने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की।

मुकदमा दर्ज कर बनाई गई विशेष टीम

एसीपी अभय डागा के अनुसार, शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले की तह तक पहुंचने के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने जांच के दौरान विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की और आरोपियों की तलाश में लगातार प्रयास किए।

23 नवंबर को आरोपी पत्नी गिरफ्तार

पुलिस ने जांच और छानबीन के बाद 23 नवंबर 2026 को रेनू भटनागर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे पूरे घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी महिला ने कथित साजिश से जुड़े आरोपों को स्वीकार किया है।

आर्थिक लाभ के लिए रिश्तों पर सवाल

मामले में छह करोड़ रुपये की ट्रैवल एजेंसी और दो करोड़ रुपये के बीमा का पहलू सामने आने से जांच का दायरा आर्थिक लाभ और कथित साजिश की दिशा में भी बढ़ गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे घटनाक्रम में अन्य परिवारजनों की क्या भूमिका रही और कथित जहर देने की घटना किन परिस्थितियों में हुई।

यह मामला परिवार के भीतर विश्वास, सुरक्षा और आर्थिक लालच से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और आरोपों के संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

1 दिसंबर से जीएसटी पंजीकरण रद्द कराने की प्रक्रिया होगी आसान

समाज जागरण

नई दिल्ली। कारोबार बंद करने वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण रद्द कराने में बड़ी राहत मिलने जा रही है। 1 दिसंबर 2026 से जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द करने के नियमों में बदलाव लागू होगा। नए प्रावधानों के तहत जिन कारोबारियों का हिसाब-किताब साफ है और निर्धारित शर्तें पूरी हैं, उनका जीएसटी पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वतः रद्द हो सकेगा।

सीएनबीसी-टीवी18 की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने 25 नवंबर को इस संबंध में आदेश जारी किया है। जीएसटी काउंसिल की सिफारिश पर किए गए बदलाव के



बाद पंजीकरण रद्द करने के आवेदनों का निपटारा दो अलग-अलग प्रक्रियाओं से किया जाएगा। इससे पात्र कारोबारियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने और लंबी प्रक्रिया से राहत मिलने की उम्मीद है।

शेयर बाजार में पांच राज्यों का दबदबा, गुजरात बना नंबर-1

समाज जागरण संवाददाता

शेयर बाजार में निवेश के मामले में गुजरात ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर लिया है। एनएसई की अक्टूबर 2026 की मार्केट पल्स रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा मिलकर शेयर बाजार में करीब 55 प्रतिशत निवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात में सक्रिय निवेशकों की संख्या अक्टूबर में 28.1 लाख के पार पहुंच गई, जो देश में सबसे अधिक है। कुल सक्रिय निवेशकों में गुजरात की हिस्सेदारी करीब 19 प्रतिशत रही।

टीवी पर नहीं, जमीन पर दिखाओ दम

सपा से सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस में बढ़ती बयानबाजी के बीच पार्टी अध्यक्ष का संदेश, संगठन मजबूत करने और मिलकर काम करने पर दिया जोर

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे को लेकर जारी खींचतान के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और सहारनपुर सांसद इमरान मसूद को नसीहत दी है। लखनऊ में आयोजित संविधान रक्षा सम्मेलन में खरगे ने कहा कि केवल टीवी पर बयान देने से पार्टी मजबूत नहीं होगी, बल्कि नेताओं को जमीन पर उतरकर काम करना होगा।

खरगे ने इमरान मसूद का नाम लेते हुए कहा कि वह अपनी बात बड़े जोश और मजबूती से रखते हैं, लेकिन पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सभी नेताओं को मिलकर काम करना जरूरी है।



सपा से सीटों पर अभी सहमति नहीं

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है, लेकिन अभी तक अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। इमरान मसूद लगातार सपा के रुख पर सवाल उठाते रहे हैं और सीटों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

एकजुटता का संदेश

खरगे की टिप्पणी को कांग्रेस के भीतर अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का जोर बयानबाजी के बजाय संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर है।

संविधान दिवस पर राष्ट्रपति का संदेश: समान अवसर केवल भाषणों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए

राष्ट्रपति मुर्मु ने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय तक पहुंच पर दिया जोर; समाज जागरण का सवाल—जब पद और पहचान के बावजूद भेदभाव की भावना बनी रहे, तो समानता का सपना कैसे पूरा होगा?

समाज जागरण

नई दिल्ली। संविधान दिवस के अवसर पर सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सामाजिक समानता, शिक्षा, न्याय और मानवाधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि समान अवसर केवल कहने से नहीं, बल्कि अमल करके दिखाने से सुनिश्चित होंगे। उन्होंने कहा कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं, लेकिन इस सिद्धांत को व्यवहार में भी लागू करना जरूरी है।

राष्ट्रपति ने गरीब और वंचित वर्गों के बच्चों को समान शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता अमीर या गरीब हो सकते हैं, लेकिन बच्चे नहीं। गांवों की बच्चियां भी समान



अवसरों की हकदार हैं। न्याय तक पहुंच, स्वास्थ्य सुविधाओं और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने संविधान की मूल भावना—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे—का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान का संदेश हर नागरिक तक पहुंचना चाहिए। राष्ट्रपति ने महिला वकीलों की बढ़ती संख्या पर खुशी जताई और न्याय व्यवस्था में तकनीक तथा मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

समाज जागरण संदेश

संविधान समानता का अधिकार देता है, लेकिन समाज में समानता का वास्तविक अर्थ केवल पद, पहचान या आरक्षण तक सीमित नहीं होना चाहिए। सवाल यह भी है कि क्या संवैधानिक पदों और अवसरों तक पहुंचने के बाद व्यक्ति सामाजिक भेदभाव की मानसिकता से मुक्त हो पाता है?

यदि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद तक पहुंचने के बावजूद स्वयं को पिछड़ा, अति पिछड़ा या दलित पहचान तक सीमित रखता है, और समाज में समानता के बजाय विभाजन की भावना को बढ़ावा देता है, तो यह आत्ममंथन का विषय है। आरक्षण का उद्देश्य वंचितों को अवसर देना और सामाजिक असमानता दूर करना है, न कि किसी वर्ग को स्थायी रूप से अलग पहचान में बांधे रखना।

समानता का वास्तविक अर्थ है—हर नागरिक को सम्मान, अवसर और न्याय मिले। संविधान की भावना तभी साकार होगी, जब अधिकारों के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और भाईचारे को भी व्यवहार में अपनाया जाए।

26/11 की बरसी: आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़ा है इजरायल

मुंबई हमलों के 166 पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि, इजरायली राजनयिकों ने कहा—आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई जारी रहेगी

समाज जागरण

नई दिल्ली/मुंबई। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों की बरसी पर इजरायल ने भारत के साथ एकजुटता दोहराते हुए आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने का संकल्प व्यक्त किया। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए भारतीयों के साहस और दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले बहादुरों को सम्मान दिया। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती और उसे हराने के लिए दोनों देशों का संकल्प भी असीमित है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इजरायल



मजबूती से भारत के साथ खड़ा है।

लियोपोल्ड कैफे पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

पश्चिमी भारत के लिए इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच मुंबई के लियोपोल्ड कैफे पहुंचे, जो 26/11 हमलों के दौरान आतंकियों के निशाने पर था। उन्होंने कहा कि भारत और मुंबई में हुई त्रासदी को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया।

इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने भी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद किया। इजरायली दूतावास ने 166 मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिवारों और हमले में बचे लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

हमले में नरीमन हाउस में मारे गए पांच इजरायली नागरिकों को भी याद किया गया। भारत और इजरायल ने आतंकवाद के खिलाफ साझा संकल्प दोहराते हुए कहा कि निर्दोष लोगों की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जाएगा।



जैसी करनी वैसी भरनी : बांग्लादेश में फिर सत्ता संघर्ष, मोहम्मद यूनुस के खिलाफ विद्रोह।



कहावत है जैसी करनी वैसी भरनी, जो बोओगे वही काटोगे। बांग्लादेश की वर्तमान राजनीति इस कहावत का जीवंत उदाहरण बन गई है। जिस देश ने अगस्त दो हजार चौबीस में छात्र आंदोलन से शेख हसीना के पंद्रह साल के शासन को उखाड़ फेंका था, वही देश आज फिर उसी हिंसा, आगजनी और बदले की राजनीति के भंवर में फंस गया है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस, जो हसीना के बाद अंतरिम सरकार के मुखिया बने थे, आज खुद उसी जनता के गुस्से का शिकार हो रहे हैं जिसके नाम पर वे सत्ता में आए थे।

पिछले दस दिनों से बांग्लादेश में जो हो रहा है, उसने पूरे दक्षिण एशिया को चिंता में डाल दिया है। उन्नीस नवंबर दो हजार छब्बीस को प्रदर्शनकारियों ने चटगांव में मोहम्मद यूनुस के पुश्तैनी घर 'निरिबिली' में आग लगा दी। यह घर पंचलाइश इलाके में है और घटना रात में हुई, सौभाग्य से ऊपर की मंजिल पर रहने वाले उनके परिवार के सदस्य सुरक्षित हैं। पुलिस के अनुसार किसी ने निचली खाली मंजिल में ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर आग लगाई। इसी के साथ यूनुस द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक की अड़तीस से अधिक शाखाओं और कार्यालयों पर दस नवंबर से आगजनी और तोड़फोड़ की गई है, जिसमें अकेले एक रात में चौदह शाखाओं पर हमला हुआ। ग्रामीण बैंक वही संस्था है जिसने यूनुस को नोबेल दिलाया था और जिसे गरीबों का बैंक कहा जाता था। आज वही बैंक फूंक दिया जा रहा है इस हिंसा के पीछे सीधा कारण शेख हसीना की वापसी की घोषणा है। हसीना, जो अगस्त दो हजार चौबीस से भारत में निर्वासन में हैं और जिन्हें पिछले साल एक स्थानीय अदालत ने छात्र आंदोलन पर गोली चलाने के आदेश के लिए मौत की सजा सुनाई है, उन्होंने घोषणा की है कि वे सोलह दिसंबर को, जो बांग्लादेश का विजय दिवस है, देश लौटेंगी और अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगी।

नौ नवंबर को उनके लंदन स्थित वकीलों ने दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग से नया पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र मांगा, क्योंकि अंतरिम सरकार ने उनके पुराने दस्तावेज रद्द कर दिए थे। वर्तमान प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार ने यह अनुरोध ठुकरा दिया और कहा कि हसीना एक सजायाफ्ता अपराधी हैं, वे सामान्य रूप से नहीं लौट सकतीं, उन्हें भारत से प्रत्यर्पण संधि के तहत लाया जाएगा।

इसी फैसले के खिलाफ प्रतिबंधित आवामी लीग ने एक सप्ताह का आंदोलन और उन्नीस नवंबर को देशव्यापी लॉकडाउन का आह्वान किया। पिछले दस दिनों में अट्ठाईस से अधिक जिलों में सत्तर से अधिक बम धमाके और चौहत्तर आगजनी की घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस के अनुसार दो सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता मारे गए हैं और गोपालगंज, जो हसीना का गृह जिला है, में उनके समर्थकों ने बाजार, पुलिस थाने और दो सांसदों के घरों में आग लगा दी।

बांग्लादेश की त्रासदी यह है कि हर सत्ता परिवर्तन प्रतिशोध से शुरू होता है। दो हजार चौबीस में जब छात्र आंदोलन हुआ था तो आवामी लीग के कार्यकर्ताओं के घर जलाए गए थे, उनके नेताओं को जेल में डाला गया था। अंतरिम सरकार ने आवामी लीग को प्रतिबंधित कर दिया। तब इसे क्रांति का न्याय कहा गया।

आज जब तारिक रहमान की सरकार है, जो फरवरी दो हजार छब्बीस के चुनाव में दो सौ नौ सीटें जीत कर आई है, वही तरीका आवामी लीग अपना रही है। वह भी बसें जला रही है, रेल की पटरी उखाड़ रही है, बम फेंक रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इसे छोटा विद्रोह तक कहा है। यह सिद्ध करता है कि हिंसा से हिंसा ही पैदा होती है।

मोहम्मद यूनुस का मामला सबसे अधिक प्रतीकात्मक है। वे एक अर्थशास्त्री थे, जिन्हें राजनीति से दूर रखा जाता था। शेख हसीना के समय उनके खिलाफ कई मुकदमे चलाए गए थे और उन्हें अपमानित किया गया था। जब वे अंतरिम प्रमुख बने तो लोगों को लगा कि अब नैतिक राजनीति आएगी। लेकिन अठारह महीने के शासन में वे भी सभी पक्षों को साथ नहीं ले सके। उन्होंने आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाए रखा, संविधान सुधार पर आम सहमति नहीं बना सके और अर्थव्यवस्था में बैंकिंग संकट और कपड़ा मजदूरों की हड़ताल को संभाल नहीं पाए।

आज जब उनके अपने घर पर आग लगाई जा रही है तो यह उसी राजनीति का फल है जिसे उन्होंने रोकने की बजाय चलने दिया। जैसा व्यवहार हसीना ने उनके साथ किया था, वैसा ही व्यवहार आज उनके समर्थकों के साथ हो रहा है। यही जैसी करनी वैसी भरनी है।

प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने लालमोनिरहाट की एक रैली में बिना नाम लिए भारत पर आरोप लगाया है कि सीमा पार से साजिश हो रही है। वहीं आवामी लीग ने सत्ताईस और अट्ठाईस नवंबर को फिर से देशव्यापी बंद का ऐलान किया है और आठ मांगें रखी हैं, जिसमें प्रतिबंध हटाना, राजनीतिक कैदियों की रिहाई और जरूरी सामानों के दाम कम करना शामिल है। बांग्लादेश सत्रह करोड़ पचास लाख लोगों का देश है और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। यदि सोलह दिसंबर को हसीना की वापसी पर इसी तरह हिंसा हुई तो न केवल बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पटरी से उतर जाएगी, बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंध, गंगा जल संधि जो बारह दिसंबर को समाप्त हो रही है, और पूरे क्षेत्र की स्थिरता पर असर पड़ेगा।

बांग्लादेश को समझना होगा कि सत्ता का संघर्ष सड़क पर बम फेंक कर नहीं जीता जाता। यूनुस हों या हसीना या रहमान, कोई भी नेता तब तक सफल नहीं होगा जब तक वह प्रतिशोध की राजनीति को छोड़ कर समावेशी न्याय की राजनीति नहीं अपनाएगा। अन्यथा यह देश हर दो साल में एक नई क्रांति और एक नई आगजनी देखता रहेगा, और हर बार कहावत सच होगी, जैसी करनी वैसी भरनी।

संजीव ठाकुर

अखिलेश के प्रण पत्र से कांग्रेस हाईकमान सतर्क



उत्तर प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव की बिसात बिछने के साथ ही विपक्षी खेमे यानी ह्यइंडियाह्न गठबंधन के भीतर की दरारें अब सतह पर आ गई हैं। राज्य में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस का गठबंधन इस वक्त दो विपरीत दिशाओं में दौड़ता नजर आ रहा है। एक ओर दोनों दलों का शीर्ष नेतृत्व और वातार्कार यह दावा कर रहे हैं कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही सम्मानजनक समझौता हो जाएगा, वहीं दूसरी ओर दोनों दलों की दूसरी पंक्ति के दिग्गज नेता सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे की सियासी पगड़ी उछालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालात इतने तल्ख हो चुके हैं कि गठबंधन के भविष्य को लेकर ही सवाल उठने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान यानी गांधी परिवार भी अखिलेश के घोषणा पत्र जारी होने से नाराज बताया जा रहा है। इस सियासी घमासान की सबसे तीखी तस्वीरें पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सामने आ रही हैं, जहां सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। इमरान मसूद ने सीट बंटवारे में देरी और सपा के रुख पर भड़कते हुए यहां तक कह दिया कि कांग्रेस कोई भीख नहीं मांग रही है और वह सौ सीटों से कम पर समझौता नहीं करेगी। मसूद के इस ह्यभिखारीह्न और ह्यभीखह्न वाले बयान पर केवल आजम खान ही नहीं, बल्कि सपा की युवा सांसद इकरा हसन ने भी बेहद तीखा पलटवार किया है। इकरा हसन ने मसूद की भाषा पर कड़ी आपत्ति जताते हुए याद दिलाया कि जिन सीटों पर कांग्रेस दावा ठोक रही है, वहां सपा के अपने विधायक और मजबूत जनाधार हैं। वहीं, सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने भी 26 सीटों का प्रस्ताव रखकर कांग्रेस को उसकी सियासी हैसियत का अहसास कराने की कोशिश की, जिस पर कांग्रेस खेमे में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर, खुद आजम खान भी अपने बयानों और असदुद्दीन ओवैसी व चंद्रशेखर आजाद के साथ सियासी टकराव को लेकर सुर्खियों में हैं, जिससे गठबंधन के भीतर का माहौल और अधिक उलझ गया है।

सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही इस रस्साकशी के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने कांग्रेस की बेचैनी को कई गुना बढ़ा दिया है। दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ सीट-दर-सीट चर्चा का दूसरा दौर खत्म होने के महज कुछ ही घंटों बाद सपा ने अपने पांच प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। इन पांच सीटों में सहारनपुर, शामली, अमरोहा और ललितपुर जैसी वे सीटें शामिल हैं, जिन पर कांग्रेस भी अपनी दावेदारी जता रही थी या जहां सपा के मौजूदा विधायक हैं। इतना ही नहीं, आज 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के मौके पर अखिलेश यादव ने बिना कांग्रेस को भरोसे में लिए अपनी पार्टी का चुनावी घोषणापत्र भी जारी कर दिया, जिसे सपा ने ह्यसत्ताईस का संकल्प, पीडीए का प्रणपत्रह्न यानी ह्यजन-मन का मैनिफेस्टोह्न नाम दिया है। इसमें महिलाओं को 40 हजार रुपये सालाना पेंशन, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और पुरानी पेंशन जैसे बड़े वादे किए गए हैं। कांग्रेस के भीतर इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है कि जब गठबंधन की बात चल रही है, तो सपा एकतरफा तरीके से न केवल उम्मीदवारों का ऐलान कर रही है, बल्कि अपना अलग घोषणापत्र लाकर यह संदेश भी दे रही है कि उसे कांग्रेस की कोई खास परवाह नहीं है।

सपा की इस आक्रामक और एकतरफा रणनीति की काट के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अब ह्यप्रेशर पॉलिटिक्सह्न का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इमरान मसूद जैसे कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरों द्वारा बसपा सुप्रीमो मायावती के कसीदे पढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इसके जरिए कांग्रेस सपा नेतृत्व को यह स्पष्ट संदेश देने की कोशिश कर रही है कि यदि उसे गठबंधन में सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं, तो उसके पास बसपा के साथ हाथ मिलाने का विकल्प खुला है। कांग्रेस का मानना है कि यदि वह मायावती के साथ जाती है, तो दलित और मुस्लिम वोटों का एक नया समीकरण बन सकता है, जो सीधे तौर पर सपा के ह्यपीडीएह्न (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को ध्वस्त कर देगा। इन तमाम अंदरूनी कलह और राजनीतिक दांव-पेच के बीच उत्तर प्रदेश का चुनावी माहौल तेजी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बनाम अखिलेश यादव के बीच सिमटता नजर आ रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विपक्ष के इस बिखराव पर चुटकी लेते हुए ह्यदो लड़कों की जोड़ीह्न पर निशाना साध रहे हैं और भाजपा अपनी संगठनात्मक मजबूती व विकास कार्यों के दम पर सीधे मुकाबले का माहौल बना रही है। दूसरी तरफ अखिलेश यादव ने पांच सीटों पर आधिकारिक रूप से प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ अंदरखाने दर्जनों अन्य सीटों पर अपने मौजूदा विधायकों और मजबूत दावेदारों को तैयारी करने का ग्रीन सिग्नल दे दिया है। सपा की रणनीति साफ है कि वह उन सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर चुकी है, जहां 2022 के विधानसभा या 2024 के लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन बेहतर रहा था, और वह कांग्रेस को केवल उन्हीं करीब 26 से 30 सीटों तक सीमित रखना चाहती है, जहां सपा कमजोर रही है।

लेकिन यूपी की इस चुनावी बिसात को केवल योगी बनाम अखिलेश के सीधे मुकाबले तक सीमित मानना बड़ी भूल हो सकती है, क्योंकि राज्य में एक मजबूत तीसरा मोर्चा भी आकार ले चुका है। आज 26 नवंबर को संविधान दिवस के ही दिन लखनऊ के विशाल रमाबाई आंबेडकर मैदान में आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के ह्यसामाजिक परिवर्तन मोर्चाह्न ने एक जबरदस्त महारैली कर अपनी ताकत का एहसास कराया है। इस रैली में उमड़े जनसैलाब ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक के सियासी पंडितों का ध्यान खींचा है। ओवैसी और चंद्रशेखर की यह जोड़ी दलित और मुस्लिम मतदाताओं के बीच दलित-मुस्लिम गठजोड़ के सहारे एक आक्रामक विकल्प के रूप में उभर रही है। यदि यह गठबंधन और बसपा अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो भी ये दोनों मिलकर सपा और कांग्रेस के परंपरागत दलित-मुस्लिम वोट बैंक में बड़ी सेंध लगा सकते हैं। रमाबाई पार्क की आज की रैली का उत्साह यह बताता है कि युवा दलित और मुस्लिम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा अब पारंपरिक दलों से छिटककर नए नेतृत्व की ओर देख रहा है। यदि सपा और कांग्रेस समय रहते अपने अहं और सीटों के झगड़े को नहीं सुलझाते हैं, तो योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मजबूत मोर्चा बनाने का उनका सपना बिखर सकता है, और इसका सीधा लाभ सत्ताधारी भाजपा को मिल सकता है।



संजय सक्सेना,लखनऊ

अभिव्यक्ति पर अंकुश और कला का अस्तित्व

संगीत मानव सभ्यता की सबसे कोमल और सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है, जो किसी भी सीमा, भाषा या विचारधारा से परे सीधे हृदय तक पहुँचती है। लेकिन जब किसी राज्य की व्यवस्था एक स्त्री के गायन को अपराध की श्रेणी में रख दे और उसके बदले शरीर पर कोड़े बरसाए जाएँ, तो यह केवल एक कानूनी कार्यवाही नहीं रह जाती, बल्कि समूची मानवीय संवेदना के समक्ष एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर देती है। ईरान के कुम शहर में 23 नवंबर 2026 को जो कुछ घटा, उसने विश्व भर के कलाप्रेमियों और चिंतकों को भीतर तक झकझोर दिया है। प्रसिद्ध ईरानी गायिका परस्तू अहमदी और उनके चार साथियों को चौहत्तर-चौहत्तर कोड़ों की सजा दी गई। उनके अधिवक्ता मुस्तफा नीली द्वारा पुष्टि की गई इस सजा में केवल शारीरिक दंड ही शामिल नहीं है, बल्कि उन्हें दो वर्षों तक किसी भी कलात्मक गतिविधि में भाग लेने और देश से बाहर यात्रा करने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

इस पूरे प्रकरण की जड़ें दिसंबर 2024 की एक शांत और कलात्मक प्रस्तुति में छिपी हैं। परस्तू अहमदी ने ईरान के कुम प्रांत में स्थित ऐतिहासिक देर-ए-गचिन कारवाँसराय को अपनी संगीत संध्या के लिए चुना था। प्राचीन व्यापारिक मार्गों का साक्षी रहा यह कारवाँसराय ईरान की समृद्ध स्थापत्य और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वहाँ न तो कोई भीड़ थी और न ही कोई प्रत्यक्ष दर्शक। केवल कुछ वाद्ययंत्र, पुरुष संगीतकार, अभिलेखन के उपकरण और काले परिधान में खुले बालों के साथ गीत गाती परस्तू थीं। इसे एक काल्पनिक संगीत सभा के रूप में रचा गया था और इसका चलचित्र आभासी संसार के माध्यम से दुनिया के सामने रखा गया। देखते ही देखते यह प्रस्तुति लाखों लोगों के बीच लोकप्रिय हो गई, किंतु यही लोकप्रियता कलाकारों के लिए संकट का कारण बन गई।

वर्ष 1997 में ईरान के नौशहर में जन्मी परस्तू अहमदी ने चलचित्र निर्देशन की विधिवत शिक्षा प्राप्त की है और उनका गहरा जुड़ाव पारंपरिक ईरानी संगीत से रहा है। यह पहली बार नहीं था जब उनकी कला को प्रशासनिक अवरोधों का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले भी ईरान में चले महिला, जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनकी सांगीतिक गतिविधियों पर सुरक्षा एजेंसियों ने आपत्तियाँ जताई थीं। ऐसे में कारवाँसराय की प्रस्तुति को किसी आकस्मिक घटना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह एक संवेदनशील कलाकार की निरंतर चल रही रचनात्मक यात्रा का ही स्वाभाविक विस्तार था, जिसमें वह अपनी मिट्टी के संगीत को नए संदर्भ में जीवित करना चाहती थीं।

प्रस्तुति के प्रसारित होते ही ईरान की न्यायिक व्यवस्था सक्रिय हो गई और कलाकारों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया। परस्तू तथा उनके कुछ सहयोगियों को प्रारंभ में हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में जमानत पर रिहा किया गया। जून 2026 में कुम के न्यायालय ने गायिका और उनके साथियों को सार्वजनिक शालीनता भंग करने तथा आभासी मंच पर अनुचित सामग्री प्रसारित करने का दोषी ठहराया। सितंबर में उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई, जिसके परिणामस्वरूप नवंबर में दंड का क्रियान्वयन हुआ। इस सजा का सामना करने वालों में परस्तू के साथ संगीतकार सोहेल फकीह नसीरी, अमीन ताहेरी, अमीरअली पिरनिया और कार्यक्रम के आयोजक मोहसिन लश्करी शामिल हैं। यद्यपि प्रारंभिक प्रकरण में अन्य नाम भी जुड़े थे, परंतु दंड दिए जाने की पुष्टि इन्हीं पाँच लोगों के संबंध में हुई।

इस घटनाक्रम की गहराई को समझने के लिए ईरान की सामाजिक और वैधानिक पृष्ठभूमि पर दृष्टि डालना आवश्यक है। वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के पश्चात वहाँ सार्वजनिक जीवन में धार्मिक नियमों को कानूनी रूप दे दिया गया। इसके अंतर्गत महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सिर ढकना अनिवार्य किया गया और उनके एकल सार्वजनिक गायन पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। परस्तू की प्रस्तुति ने इन दोनों निर्धारित व्यवस्थाओं के सामने एक शांत किंतु स्पष्ट चुनौती प्रस्तुत की। उन्होंने न तो सिर ढका था और न ही अपने स्वर को चारदीवारी तक सीमित रखा।

यहाँ एक अत्यंत सूक्ष्म और आवश्यक अंतर को समझना होगा। किसी धार्मिक परंपरा को स्वेच्छा से स्वीकार करना और राज्य द्वारा बलपूर्वक उसे थोपना दो सर्वथा भिन्न बातें हैं। विश्व के विभिन्न हिस्सों में करोड़ों महिलाएँ अपनी व्यक्तिगत आस्था और विश्वास के कारण सिर ढकती हैं, वहीं असंख्य महिलाएँ ऐसा नहीं करतीं। एक सभ्य समाज का दायित्व है कि वह दोनों ही स्थितियों में स्त्री की स्वतंत्र इच्छा और उसकी गरिमा का सम्मान करे। किसी भी मनुष्य के वस्त्र उसकी नैतिकता, चरित्र या नागरिक अधिकारों का पैमाना नहीं हो सकते।

ईरान में स्त्रियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का यह विमर्श वर्ष 2022 में तब अत्यंत तीव्र हो गया था, जब बाईस वर्षीय महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी। पहनावे के नियमों के कथित उल्लंघन के आरोप में हुई उस घटना ने पूरे देश में व्यापक जनआक्रोश को जन्म दिया। इसके बाद अनेक ईरानी महिलाओं ने अनिवार्य परिधान नियमों के विरुद्ध अपना मौन और मुखर प्रतिरोध दर्ज कराया। परस्तू का गायन इसी व्यापक सामाजिक चेतना से जुड़ता दिखाई देता है, फिर भी उनकी कला को केवल राजनीतिक विरोध के चश्मे से देखना उसके सौंदर्य के साथ अन्याय होगा। संगीत का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है, जो मनुष्य की स्मृतियों, प्रेम, पीड़ा और आशाओं को अभिव्यक्त करता है। ऐतिहासिक सराय की दीवारों के बीच गूँजा परस्तू का स्वर ईरानी संस्कृति की उसी पुरानी परंपरा में एक नया और सजीव अध्याय जोड़ रहा था।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार संगठनों ने कोड़े मारने की इस सजा को क्रूर और अमानवीय बताया है। वैश्विक मानवाधिकार सिद्धांतों में शारीरिक यातना और अपमानजनक दंड के लिए कोई स्थान नहीं है। यद्यपि ईरानी प्रशासन पश्चिमी देशों की आलोचनाओं को दोहरे मापदंड कहकर नकारता रहा है, परंतु किसी नागरिक की शारीरिक गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रश्न भू-राजनीतिक बहसों से कहीं बड़ा है।

यहीं पर कानून और न्याय के मूलभूत अंतर पर विचार करना प्रासंगिक हो जाता है। कानून किसी सत्ता द्वारा निर्मित नियमों का ढाँचा है, जबकि न्याय एक जीवंत नैतिक कसौटी है जो समय के साथ उन नियमों के औचित्य को परखती है। इतिहास साक्षी है कि अनेक ऐसे व्यवहार जिन्हें कभी कानूनन अपराध माना जाता था, मानवीय चेतना के विकास के साथ उन्हें मौलिक अधिकारों के रूप में स्वीकार किया गया। अतः किसी दमनकारी नियम पर प्रश्न उठाना किसी देश या उसकी प्राचीन संस्कृति का अपमान नहीं, बल्कि उसके मानवीय भविष्य के प्रति चिंता का प्रमाण है।

परस्तू और उनके साथियों को मिला दंड केवल चौहत्तर कोड़ों की शारीरिक पीड़ा तक सीमित नहीं है। दो वर्षों तक कला से वंचित रहना किसी कलाकार की आजीविका और उसकी रचनात्मक पहचान पर सीधा आघात है। देश छोड़ने पर रोक उसके भविष्य के मार्ग अवरुद्ध करती है। यह स्थिति इस बात पर गंभीर चिंतन की माँग करती है कि राज्य की शक्ति की सीमा किसी व्यक्ति के निजी जीवन, उसके पेशे और उसकी सृजनात्मकता पर कहाँ जाकर रुकनी चाहिए।

इस पूरे प्रसंग पर विचार करते हुए हमें ईरानी समाज को किसी एक संकीर्ण खाँचे में बाँधने की भूल नहीं करनी चाहिए। वहाँ परंपरावादी और आधुनिक, दोनों तरह की विचारधाराओं को मानने वाले लोग बसते हैं। किसी सरकार के कठोर निर्णयों के लिए उस देश की समस्त जनता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। परस्तू के पक्ष में ईरान के भीतर से ही उठने वाले समर्थन के स्वर इस बात का प्रमाण हैं कि वहाँ का समाज भीतर से कितना विविध और संवेदनशील है।

भारत जैसे बहुलतावादी देश के नागरिकों के लिए भी इस घटना में गहरा संदेश छिपा है। हमारी शक्ति हमारी भाषाई, धार्मिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विविधता में निहित है। यह प्रसंग हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि कहीं हम भी अपने आसपास किसी के पहनावे, विचार या कलात्मक अभिव्यक्ति के प्रति असहिष्णु तो नहीं हो रहे हैं। सच्ची स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी बात कहने का अधिकार नहीं, बल्कि असहमत स्वर को भी सम्मानपूर्वक सुनने का धैर्य है।

सत्ता के बल पर किसी कलाकार के मंच को तोड़ा जा सकता है, उसके वाद्ययंत्रों को खामोश किया जा सकता है और उसके शरीर को यातना दी जा सकती है। लेकिन जो गीत एक बार श्रोताओं के अंतर्मन में उतर जाता है, उसे किसी भी कोड़े से मिटाया नहीं जा सकता। परस्तू अहमदी का स्वर अब उस पुरानी सराय की सीमाओं को लाँघकर विश्व भर में मानवीय गरिमा का प्रतीक बन चुका है। किसी भी सभ्यता की वास्तविक उन्नति का मापदंड उसकी भौतिक समृद्धि या सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि यह है कि वह अपने समाज में निडर होकर गीत गाने वाली एक स्त्री के अधिकारों की रक्षा किस प्रकार करती है।



महेन्द्र तिवारी

जो बीत गई सो बात गई

जीवन में एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया
अम्बर के आनन को देखो
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे
जो छूट गए फिर कहाँ मिले
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है
जो बीत गई सो बात गई

जीवन में वह था एक कुसुम
थे उस पर नित्य निछावर तुम
वह सूख गया तो सूख गया
मधुवन की छाती को देखो
सूखी कितनी इसकी कलियाँ
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता है
जो बीत गई सो बात गई

जीवन में मधु का प्याला था
तुमने तन मन दे डाला था
वह टूट गया तो टूट गया
मदिरालय का आँगन देखो
कितने प्याले हिल जाते हैं
गिर मिट्टी में मिल जाते हैं
जो गिरते हैं कब उठते हैं
पर बोलो टूटे प्यालों पर
कब मदिरालय पछताता है
जो बीत गई सो बात गई

मृदु मिटटी के हैं बने हुए
मधु घट फूटा ही करते हैं
लघु जीवन लेकर आए हैं
प्याले टूटा ही करते हैं
फिर भी मदिरालय के अंदर
मधु के घट हैं मधु प्याले हैं
जो मादकता के मारे हैं
वे मधु लूटा ही करते हैं
वह कच्चा पीने वाला है
जिसकी ममता घट प्यालों पर
जो सच्चे मधु से जला हुआ
कब रोता है चिल्लाता है
जो बीत गई सो बात गई

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश, 28-29 नवंबर को विशेष अभियान

मेरठ मंडलायुक्त ने की एसएसआर-2027 की समीक्षा, कम प्रपत्र प्राप्त करने वाले बीएलओ के कार्यो का होगा स्थलीय सत्यापन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 की प्रगति और तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेरठ मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर भानु चंद्र गोस्वामी ने अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, दावों एवं आपत्तियों, ऑफलाइन प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और डुप्लीकेट प्रविष्टियों के सत्यापन की समीक्षा की गई।



मंडलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। कम प्रपत्र प्राप्त करने वाले बीएलओ के कार्यों का 27 नवंबर को स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। लंबित ऑफलाइन प्रपत्रों को समयबद्ध तरीके से डिजिटाइज करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने बताया कि 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन दिनों कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रत्येक दो घंटे में निगरानी की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सहायकों, ग्राम प्रधानों और कोटेदारों का सहयोग लेकर पात्र मतदाताओं तक पहुंच बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव रखे।

प्रदूषण रोकने को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मुहिम तेज

11 हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी, 36 निर्माणकताओं को नोटिस और 48.10 लाख रुपये का जुमार्ना

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। प्राधिकरण की ओर से चिन्हित 11 हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए चार वरिष्ठ प्रबंधकों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

प्राधिकरण के अनुसार धूल नियंत्रण के लिए 107 वाटर टैंकर, 14 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें और 32 एंटी स्मॉग गन से छिड़काव कराया जा रहा है। सड़क किनारे और पेड़ों पर जमी धूल हटाने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

निमार्णाधीन परियोजनाओं पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। निर्माण सामग्री ढककर रखने, धूल नियंत्रण के



उपाय करने, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उचित निस्तारण करने और आवश्यकता के अनुसार पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेर्शों का पालन नहीं करने पर 36 निर्माणकताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। नियमों के उल्लंघन पर कुल 48.10 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक विजय रावल ने नागरिकों से कूड़ा नहीं जलाने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की सूचना प्राधिकरण को देने की अपील की है।

संविधान दिवस पर जिले में व्यापक आयोजन

4.55 लाख से अधिक लोगों ने संवैधानिक जागरूकता कार्यक्रमों में लिया भाग

गौतमबुद्धनगर। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों



पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठन और मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित 'एक स्वर, एक संविधान' अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, न्यायालय परिसर और अन्य संस्थानों में कार्यक्रम हुए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार, जनपद में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 4,55,019 लोगों ने सहभागिता की। इनमें करीब 4,31,820 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। लगभग 400 से अधिक विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया गया। विद्यार्थियों के बीच संविधान क्विज, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद और जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

ग्रेटर नोएडा में निवेश की संभावनाएं तलाशने पहुंचा दक्षिण कोरिया का सरकारी प्रतिनिधिमंडल

चार सांसदों समेत प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण के अधिकारियों से की बैठक, औद्योगिक ढांचे और सुविधाओं का लिया जायजा

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को तलाशने के लिए दक्षिण कोरिया का उच्चस्तरीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड कक्ष में तीनों अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान ग्रेटर नोएडा और इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप (आईआईटीजीएनएल) में उपलब्ध औद्योगिक सुविधाओं, आधारभूत ढांचे, उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश नीतियों और भूमि बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल में दक्षिण कोरिया के सांसद किम जुंग हो, मून जियोंगबोग, कैंग सियोंगक्यू और ली जुयोंग सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। भारतीय दूतावास के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. बलकार सिंह के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह, सुमित यादव और नुपुर गोयल



ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। बैठक में एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्मार्ट औद्योगिक टाउनशिप में शामिल है। इसे प्लग एंड प्ले व्यवस्था के आधार पर विकसित किया गया है। यहां उद्योग लगाने के इच्छुक निवेशकों को कम समय में भूखंड आवंटित करने की व्यवस्था है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा के नियोजन, आधारभूत ढांचे, साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं की सराहना की। सदस्यों ने ईकोटेक-3 स्थित न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के संयंत्र का भी भ्रमण किया। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं में रुचि दिखाई।

सेक्टर-42 में खुले में कचरा जलाने से परेशान निवासी

समाज जागरण

सुबह उठता धुआं बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों के लिए परेशानी का कारण

नोएडा। सेक्टर-42 के पास स्थित झुग्गियों में खुले में कचरा जलाए जाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले कई महीनों से प्रतिदिन सुबह प्लास्टिक, रबर और कबाड़ जलाया जा रहा है। इससे उठने वाला धुआं आसपास के सेक्टर में फैल जाता है और लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है।

निवासियों का कहना है कि सुबह टहलने वाले बुजुर्गों, स्कूल जाने वाले बच्चों और दमा के मरीजों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने



कई बार आरडब्ल्यूए से शिकायत की है। आरडब्ल्यूए का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद मौके पर स्थायी कार्रवाई नहीं हुई।

आरडब्ल्यूए सेक्टर-42 ने नोएडा प्राधिकरण और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से तत्काल निरीक्षण कर खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नियमित सफाई और कचरा उठाने की व्यवस्था करने की मांग की है। संगठन ने क्षेत्र में नियमित निगरानी की भी मांग की है।

आरडब्ल्यूए ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लिखित शिकायत देकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

डीएमई में युवा संवाद, नशा मुक्त भारत का संकल्प

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का किया आह्वान

समाज जागरण

नोएडा। संविधान दिवस पर दिल्ली मेट्रोपॉलिटन एजुकेशन, सेक्टर-62 में 'विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत' रही। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा सहित विभिन्न अतिथियों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।



कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और युवाओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। आयोजन माय भारत गौतमबुद्धनगर द्वारा किया गया।

संविधान दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रम, उद्देशिका का सामूहिक पाठ

अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों के पालन का लिया संकल्प

समाज जागरण



गौतमबुद्धनगर। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद, तहसील और विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया।

मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत प्रदेश में 3,955 मूर्ति स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। इसी क्रम में गौतमबुद्धनगर के विभिन्न स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित हुए।

विकासखंड दादरी के ग्राम भोगपुर स्थित अंबेडकर पार्क में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडे की उपस्थिति में अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान के आदर्शों के प्रति निष्ठा की शपथ ली। ग्राम छायसा, जारचा, खगोड़ा, प्यावली ताजपुर, भगवंतपुर, शमशमनगर और जेवर सहित विभिन्न स्थानों पर भी संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में संविधान के मूल्यों को अपनाने, लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

सेक्टर-105 की सुरक्षा दीवार और ग्रीन बेल्ट की मरम्मत की मांग

समाज जागरण

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखकर उठाया परिवारों की सुरक्षा का मुद्दा

नोएडा। सेक्टर-105 में सुरक्षा व्यवस्था और ग्रीन बेल्ट की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में सेक्टर की जर्जर सुरक्षा दीवारों, चोरी की घटनाओं और ग्रीन बेल्ट में जलभराव की समस्या का उल्लेख किया गया है।

आरडब्ल्यूए के अनुसार बी और डी ब्लॉक की बाहरी बाउंड्री वॉल कई स्थानों पर नीची और क्षतिग्रस्त है।



संगठन ने दीवार की मरम्मत कर उसकी ऊंचाई कम से कम छह फुट करने, मजबूत लोहे की ग्रिल और कंटीले तार लगवाने का अनुरोध किया है।

ए ब्लॉक में महर्षि आश्रम की निजी बाउंड्री वॉल टूटने के कारण अवांछित आवाजाही की शिकायत भी की गई है। आरडब्ल्यूए ने इसके समानांतर प्राधिकरण की ओर से सुरक्षा दीवार बनवाने की मांग की है।

बी और डी ब्लॉक से सटी ग्रीन बेल्ट सड़क से नीचे होने के कारण बरसात में जलभराव, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या उत्पन्न होने की बात कही गई है। संगठन ने मिट्टी भराव, दीवार ऊंची करने, ग्रिल लगाने, कच्चा वॉकिंग ट्रैक और सजावटी लाइट पोल लगवाने का आग्रह किया है।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल विकास कार्यों की मांग नहीं, बल्कि सेक्टर के परिवारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान का प्रश्न है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश

ब्लैक स्पॉट पर संकेतक और रोड मार्किंग दुरुस्त कराने को कहा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट, हिट एंड रन मामलों और यातायात नियमों के उल्लंघन की समीक्षा की गई। अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थलों पर सड़क संकेतक, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग और गति नियंत्रण व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। विद्यालय वाहनों की फिटनेस, चालकों की पात्रता और सुरक्षा मानकों की नियमित जांच करने को कहा गया। नशे में वाहन चलाने, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन संचालन तथा ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।



डीएमई में विकसित भारत युवा संवाद, युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

समाज जागरण

सांसद डॉ. महेश शर्मा सहित अतिथियों ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का किया आह्वान



गौतमबुद्धनगर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत गौतमबुद्धनगर द्वारा संविधान दिवस पर दिल्ली मेट्रोपॉलिटन एजुकेशन, सेक्टर-62 नोएडा में 'विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम–संविधान दिवस विशेष' आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'नशामुक्त युवा–विकसित भारत' रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पैरालंपियन सुवर्णा राज, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) भंवर सिंह, डीएमई के महानिदेशक डॉ. कोमल विग, निदेशक डॉ. राजिंदर रंधावा और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना और मादक पदार्थों तथा तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान जागरूकता वीडियो दिखाया गया, अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

अतिथियों ने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और परिवार तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

नोएडा चित्रकला उत्सव में 116 स्कूलों के करीब चार हजार प्रतिभागी

चिल्ड्रेन पार्क में विद्यार्थियों, दिव्यांग बच्चों, शिक्षकों और वरिष्ठ नागरिकों ने रंगों से व्यक्त की कल्पनाएं

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा लोक मंच और नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-33 स्थित चिल्ड्रेन पार्क में ह्यनोएडा चित्रकला उत्सव-5 इंद्रधनुष अंतर्विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता-2026ह्ल आयोजित की गई। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के 116 विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित लगभग चार हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों, दिव्यांग बच्चों, शिक्षकों और वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी कल्पनाओं तथा सामाजिक संदेशों को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरा। आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों को कला के साझा मंच पर भाग लेने



का अवसर मिला।

कार्यक्रम में कुशाग्र अवस्थी, पूजा अग्रवाल, राजीव सक्सेना, प्रिया उपाध्याय, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. राम शरण गौड़, मोहम्मद परवेज, मुकुल बाजपेयी, सौरभ द्विवेदी और अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन की समग्र जिम्मेदारी इंद्रा चौधरी ने संभाली। विभिन्न श्रेणियों के समन्वय में ग्रुप लीडर्स और स्वयंसेवकों ने सहयोग किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत कलाकृतियों का पांच दिसंबर को पेशेवर चित्रकारों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। चयनित कलाकृतियों की आर्ट गैलरी लगाई जाएगी और विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार समारोह की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

मोटर वाहन चालानों के निस्तारण को विशेष लोक अदालत 28 नवंबर को

सूरजपुर दीवानी न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से होगा आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। मोटर वाहन चालानों से संबंधित लंबित मामलों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर 2026 को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार लोक अदालत दीवानी न्यायालय परिसर, सूरजपुर में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। वाहन चालान से जुड़े मामलों के पक्षकार निर्धारित समय पर पहुंचकर अपने लंबित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

नोएडा में 108 कुंडीय भारत उत्कर्ष महायज्ञ का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। महर्षि आश्रम, महर्षि नगर में ह्यभारत उत्कर्ष महायज्ञह्ल का आयोजन किया जा रहा है। महर्षि महेश योगी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम में 108 कुंडीय देवी भगवती सहस्त्र महायज्ञ के अंतर्गत 140 करोड़ आहुतियां समर्पित करने का संकल्प लिया गया है। आयोजन पांच दिसंबर तक चलेगा। महायज्ञ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती के संरक्षण में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की समृद्धि, विश्व शांति, मानव कल्याण और भारत के सशक्त विकास की सामूहिक कामना करना है। प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी। दोपहर तीन बजे से शाम आठ बजे तक देवी कृष्ण प्रिया के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन होगा। पांच दिसंबर को पूणार्हुति के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

सेक्टर-15ए के कला कार्यक्रम को लेकर विवाद, पुलिस में शिकायत

धार्मिक प्रतीकों की कथित आपत्तिजनक तुलना का आरोप; आयोजकों के स्पष्टीकरण का इंतजार

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-15ए स्थित क्लब में 20 नवंबर को आयोजित कला संबंधी कार्यक्रम को लेकर विवाद सामने आया है। 'द स्टडी सर्किल, सेक्टर-15ए' की ओर से आयोजित कार्यक्रम का विषय कला को समझने और उसकी व्याख्या से संबंधित था। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में किशोर सिंह को आमंत्रित किया गया था। इस मामले में थाना फेज-1 में धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत और सामने आए वीडियो को लेकर आरोप लगाया गया है कि कला की व्याख्या के दौरान हिंदू देवी-देवताओं तथा मातृशक्ति से जुड़े धार्मिक प्रतीकों की तुलना नग्न और यौनिक चित्रों से की गई।

शिकायतकर्ता पक्ष ने कार्यक्रम में प्रदर्शित कुछ चित्रों और टिप्पणियों पर आपत्ति जताई है। मामले को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि धार्मिक प्रतीकों से जुड़ी संवेदनशील प्रस्तुतियों के लिए आयोजकों की ओर से किस प्रकार की सावधानी बरती गई थी।

फिलहाल आरोपों के संबंध में किशोर सिंह या कार्यक्रम आयोजकों की ओर से सार्वजनिक स्पष्टीकरण सामने आने की जानकारी उपलब्ध नहीं है। शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई और संबंधित पक्षों का पक्ष सामने आने के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट होगी।

सड़क दुर्घटना में 310 घायलों को मिला निःशुल्क उपचार

गौतमबुद्धनगर में 43 अस्पताल योजना के लिए चिन्हित, घायलों को 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित पीएम राहत योजना के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर में अब तक 310 घायलों को निःशुल्क उपचार का लाभ दिया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने यह जानकारी दी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद में 43 अस्पताल चिन्हित किए गए हैं। स्वीकृत मामलों के अनुसार 305 घायलों का उपचार जनपद के अस्पतालों में और पांच घायलों का उपचार अन्य जनपदों के अस्पतालों में कराया गया। जनपद में उपचारित मरीजों में 204 जिम्स अस्पताल, 75 शारदा अस्पताल, 22 शारदा केयर हेल्थसिटी, दो न्यू जेवर अस्पताल ट्रॉमा सेंटर तथा श्री राम सिंह मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और एसजेएम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक-एक मरीज शामिल हैं।

योजना के तहत मोटर वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। एआरटीओ ने नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करने की अपील की है। आपात स्थिति में 112 पर सूचना देने का आग्रह किया गया है।

जिले में बाबा साहेब की 85 प्रतिमाओं पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

संविधान गौरव दिवस पर जिला कार्यालय में गोष्ठी, संविधान के प्रति निष्ठा की ली शपथ

समाज जागरण

फिरोजाबाद। संविधान गौरव दिवस पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोड़ा कनेटा स्थित जिला कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जिले में स्थापित बाबा साहेब की 85 प्रतिमाओं पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने माल्यार्पण किया। इस दौरान संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली गई। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने आपातकाल के दौर से मिले लोकतांत्रिक सबक, संविधान की मूल भावना और सामाजिक न्याय के लिए किए गए संवैधानिक संशोधनों पर भी विचार रखे। साथ ही



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों के विकास और उनके विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मान की चर्चा की। : क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी डॉ. अमित गुप्ता ने कहा कि संविधान को केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना भी जरूरी है। अधिकारों के प्रति जागरूकता के साथ कर्तव्यों का पालन ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। बाबा साहेब का नारा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल पप्पू लोधी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अखिलेश गौतम, एका चेयरमैन माया देवी सागर, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, नीलम दिवाकर, पवन चक, प्रदीप कुमार, सतीश चंद्र प्रजापति और अनंत प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिले के 50 पार्कों का होगा कायाकल्प, अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना शुरू

संविधान दिवस पर विधायक और डीएम ने किया भूमि पूजन, बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। संविधान दिवस पर बुधवार को डॉ. बीआर अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत जिले के 50 पार्कों के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया। अम्बेडकर नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेशभर में मुख्यमंत्री ने योजना के तहत विकसित होने वाले पार्कों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में डीएम संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार पहली बार नगर निगम, नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ पार्कों और बाबा साहब की प्रतिमाओं के विकास का कार्य करा रही है। जिले में 50 पार्कों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। यह पहल संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के



लोग' लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की समान भागीदारी का संदेश देती है। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार दिया गया है।

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है। उनके प्रयासों से देश को ऐसा संविधान मिला, जो सभी वर्गों को समानता, न्याय और अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करता है। इस दौरान विधायक मनीष असीजा और डीएम संतोष कुमार शर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

पालिका परिसर में एसडीएम ने ली बैठक

सभासदों और पालिका कर्मचारियों को वोट बनवाने केलिए किया प्रेरित

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

शिकोहाबाद। वोट बनवाने के लिए गुरुवार को दोपहर 12 बजे एसडीएम ने नगर पालिका परिसर में पालिका के अधिशाषी अधिकारी और चेयरमैन प्रतिनिधि के साथ सभासदों से वोट बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी सभासद अपने क्षेत्रों में जाकर जिन लोगों के वोट नहीं बने हैं, वह



उन लोगों को प्रेरित कर वोट बनवाने में सहयोग करें। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने गुरुवार दोपहर 12 बजे पालिका के अधिशाषी अधिकारी राजकुमार चौधरी, चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता और पालिका के सभी सभासदों के साथ मीटिंग की। उन्होंने सभासदों से अपने-अपने वार्ड में जाकर जो लोग वोट बनवाने से छूटा है अथवा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के वोट बनवायें। इसके लिए आम जनों को प्रेरित करे। इस अवसर पर पालिका के कार्यालय अधीक्षक हृदयराम यादव, नानक चंद्र कश्यप, दिनेश यादव, कुलदीप और अन्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय संविधान हमारा महान ग्रंथ- उमंग अग्रवाल

संविधान सम्मत कार्य करना बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि- सूरज पांडे

समाज जागरण

सम्भल।भारतीय इतिहास संकलन समिति ने संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित करके भारतीय संविधान को हर भारतीय का महान ग्रंथ बताया और संविधान सम्मत कार्य करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

मुरादाबाद रोड पर स्थित गॉड लवर्स पॉइंट में भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी बात रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा विस्तारक सूरज पांडे ने कहा कि संविधान सम्मत कार्य करना बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देने के समान है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता



एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उमंग अग्रवाल ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक भारतीय का महान ग्रंथ है भारतीय संविधान का सम्मान करना संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सच्चा सम्मान है, उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि के समान है। अरविंद शंकर शुक्ला, नवीन कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, श्रेय अग्रवाल, उमेश श्रीमाली, मुकेश सैनी, प्रताप सिंह आर्य, दुर्वेश सैनी, सत्यवीर सिंह पाल, अतुल कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा आदि ने संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र, संविधान निर्माण एवं राष्ट्र सेवा पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये।

भारतीय संविधान को दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बताते हुए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिभा, कुशलता, योग्यता, को नमन करते हुए उनके बताए दिखाए और बनाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गोष्ठी की अध्यक्षता इतिहास संकलन समिति की महिला जिला अध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने की संचालन जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

एम डी जैन इंटर कॉलेज में 1600 विद्यार्थियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का पाठ

समाज जागरण

सिरसागंज । नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय के 1600 विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। भारत का संविधान संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। इसलिए 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाया जाता है। संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदा नंद सिन्हा, स्थायी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। इस संविधान को बनने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे। 26 नवम्बर 1949 को पारित होने के पश्चात भारत में संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसलिये प्रतिवर्ष 26 जनवरी को देश में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जाता है।



उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी सम्वत दो हजार छ विक्रमी को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

इस अवसर पर संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, सत्यपाल सिंह, परेश जैन, दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, धीरज जैन, प्रशान्त जैन, अंजय जैन, निर्भय जैन, निशान्त जैन, राम गोपाल, हरीशंकर, नितिन जैन, विपुल जैन, मनोज शाक्य, नितिन कुमार, संदीप यादव, सत्यराम सिंह, विष्णु मणि, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, साधना मोडवेल, सारिका कुलश्रेष्ठ, स्वाति जैन, प्रीती जैन, रंजना जैन, सरिता जैन, अंजली जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

वांछित आरोपी सोमवीर गिरफ्तार, न्यायालय में पेश करने की तैयारी

समाज जागरण

फिरोजाबाद। टूंडला पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के मुकदमे में वांछित आरोपी सोमवीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पुराने बाईपास से पकड़ा। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया



जा रहा है। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टूंडला पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर टीम ने पुराने बाईपास पर दबिश देकर सोमवीर पुत्र अशोक निवासी ओखरा, थाना नारखी को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना टूंडला में दर्ज मुकदमा संख्या 550/2026, धारा 87 बीएनएस में वांछित था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक संतोष सिंह, उपनिरीक्षक अंकित जादौन, मनोज कुमार और कांस्टेबल गौरव कुमार व प्रदीप कुमार शामिल रहे।

अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में बच्चों ने ली संविधान की शपथ

समाज जागरण

चन्दौसी।संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या के द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के संचालकमहानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा करने की शपथ ली। कार्यक्रम में बच्चों ने संविधान के महत्व पर भाषण, निबंध, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। वक्ताओं ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को ही हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा "संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, ये हमारे अधिकारों की रक्षा करने वाला सबसे बड़ा हथियार है। बाबा साहेब ने हमें बराबरी का अधिकार दिया है। हर बच्चे को संविधान को पढ़ना और समझना चाहिए।" स्कूल के संचालक महानंदन गौतम ने



बच्चों को बताया कि संविधान ने ही बोलने की आजादी, पढ़ने का अधिकार और बराबरी का अधिकार देता है। हमें अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए, जैसे देश की रक्षा करना, पर्यावरण की रक्षा करना और भाईचारा बनाए रखना। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को संविधान के प्रति जागरूक रहने और एक अच्छे नागरिक बनने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानंदन गौतम तथा संचालन शिक्षक अश्वनी शर्मा ने किया। इस दौरान नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, शशि भारद्वाज, सीमा अग्रवाल, क्षमता, महताब जहाँ, रेशमा, सुशीला, अनामिका यादव, तनु कृपाली, गौरी, कविता, रंजीत कौर,वंशिका सक्सेना, योगेश, विनीता आदि मौजूद रहे।

नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अपने काफिले के साथ पहुंचे रमाबाई अंबेडकर मैदान

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी
जनपद बिजनौर

नजीबाबाद आपको बता दे कि26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर रमाबाई अंबेडकर मैदान में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद भाई चन्द्र शेखर आजाद जी ने ऐतिहासिक बहुजन स्वराज संकल्प महारैली का आयोजन किया गया। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम अपनी टीम व सैकड़ों की संख्या में लोगो का काफिला लेकर रमाबाई अंबेडकर मैदान पहुंचे और चन्द्र शेखर आजाद जी की रैली को



सफल बनाने ओर सफल होने की कामना की। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम सुबह 4.30ं पर हे अपने काफिले के साथ रमाबाई अंबेडकर मैदान पहुंचे और सभा के आयोजन का जायजा लिया।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई संविधान दिवस की शपथ

निष्पक्षता और पारदर्शिता से कर्तव्य निभाने का दिया संदेश

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। संविधान दिवस पर बुधवार को पुलिस कार्यालय में एसएसपी आदित्य लांग्हे ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की



प्रस्तावना का पाठ कराकर शपथ दिलाई। उन्होंने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में अपनाने पर जोर दिया। एसएसपी ने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, नागरिकों के अधिकारों और राष्ट्रीय एकता का आधार है। सभी पुलिसकर्मियों को संविधान की गरिमा, संप्रभुता, एकता और अखंडता बनाए रखने के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आचरण करते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है उन्होंने कहा कि पुलिस को निष्पक्षता, पारदर्शिता और पूरी निष्ठा से काम करते हुए आमजन के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। कानून के शासन को मजबूत बनाए रखने में पुलिस की अहम भूमिका है। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक जयबिन्द कुमार गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, एसएसपी के पीआरओ समेत पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

श्री नारायण सेवा समिति ने मनाया संविधान दिवस

समाज जागरण

चन्दौसी। श्री नारायण सेवा समिति रजि. के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस चंदौसी तहसील परिसर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संरक्षक दगपालसिंह ने कहा कि संविधान दिवस हर वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन सन् 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से अपनाया था । सचिव दिलीप यादव एड. ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत होने के बाद संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था । सचिव महेश चंद्र वार्ष्णेय एड. ने कहा कि भारतीय संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह और 4 दिन का समय लगा । अजय गुप्ता एड. ने कहा कि पूर्व में संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था । उपाध्यक्ष सत्यवीरसिंह एड. ने कहा कि भारत सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125 वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 2015 से इसे संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया गया । अभिषेक शंखधार एड. ने कहा कि 26 नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और



अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए मनाया जाता है । रामसेवक यादव एड. ने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों, न्याय स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मौलिक कर्तव्यों को याद दिलाना है । तत्पश्चात प्रबंधक हरीश कठेरिया ने सभी को संविधान के प्रति गरिमा, समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता, अखंडता एकता व संप्रभुता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर महपालसिंह, अनुजकुमार, पंकजकुमार, कमर अली, आदित्यशंखधार, गौरव, विकासकुमार, मौ. तारिक अनवर, महेशचन्द्र यादव, विजय बहादुर, बाबूसिंह आदि अधिवक्तागण भी मौजूद रहे ।

दहेज हत्या के मामले में स्योहारा पुलिस की कार्रवाई , फरार आरोपी इरफान गिरफ्तार

पति के बाद अब देवर भी पुलिस की गिरफ्त में, मंगलखेड़ा रोड कब्रिस्तान के पास से हुई गिरफ्तारी

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर।

स्योहारा (बिजनौर)। दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की संदिग्ध परि स्थितियों में हुई मौत के मामले में स्योहारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमे में वांछित आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 26 नवंबर को आरोपी को मंगलखेड़ा रोड स्थित कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बीती 6 नवंबर को मुरादाबाद के थाना कांठ क्षेत्र के मोहल्ला पठीवाला निवासी साविया पत्नी सललू ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पति आसिफ अहमद, देवर इरफान और ननद शबनम पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था। परिजनों का आरोप है कि उनकी पुत्री को जहर देकर और गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा संख्या 417/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं



और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि मृतका के पति आसिफ अहमद को 7 नवंबर को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब दूसरे वांछित आरोपी इरफान पुत्र पीर मोहम्मद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार और कांस्टेबल आरिफ शामिल रहे।

गंगा स्नान करने आई 20 वर्षीय बेटी को अगवा करने का आरोप

पिता की तहरीर पर एक नाम दर्ज दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दैनिक समाज जागरण राज यादव)

गुन्नौर/थाना क्षेत्र के गंगा घाट राजघाट पर जुनाबई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति नया ट्रैक्टर ट्रॉली मैं परिवार को लेकर बीते 18 मई को गंगा स्नान करने आया था जहां एक 20 वर्षीय युवती गंगा से गायब हो गई जिसको इधर-उधर काफी तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला जिसके बाद युवती के पिता ने बबराला थाने में 27 जून को गुमशुदगी दर्ज कराई इसके बाद 25 नवंबर को थाने में आकर उसने बताया कि मेरी बेटी को जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ बहला फुसला कर ले गया है बबराला थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी बुद्धसेन उर्फ बंटी पुत्र राजेंद्र निवासी दादरा थाना जरीफनगर जिला बदायूं व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

डीएसएम शुगर रजपुरा मे सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत वाहनो पर रिफ्लेक्टर स्टिकर और रिफ्लेक्टर पेंट लगाए गए

समाज जागरण

बहजोई।डीएसएम शुगर मिल रजपुरा मे पुलिस छेत्राधिकारी यातायात आयुषी सिंह और सहायक परिवहन आयुक्त अमिताभ चतुर्वेदी और उनकी टीम के साथ साथ शुगर मिल के तरफ से सहायक उपाध्यक्ष इकबाल सिंह, सीएसओ



अजीत सिंह, मनोज कुमार, मदन सिंह आकाश ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुषी सिंह ने सभी गन्ना किशानो को वाहन लाते समय और जाते समय किन किन बातों का ध्यान रखना है बारीकी से बताया उन्होंने कहा की आप अपने परिवार और समाज के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए अपने अपने गाड़ियों मे रिफ्लेक्टर जरूर लगवाए

संविधान दिवस पर अधिकारियों ने किया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया नमन

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई), 26 नवंबर 2026 ।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह



सहित अन्य अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट परिसर के कार्मिकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संविधान के मूल आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

कलेक्ट्रेट में संविधान दिवस पर हुआ संविधान की प्रस्तावना का पाठन

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर 26 नवंबर। संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूलभूत सिद्धांतों के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध कराता है। संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मजिस्ट्रेट प्रज्ञा यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा गोष्ठी आयोजित, किसानों को दी गई जानकारी

समाज जागरण



बड़ौत। महर्षि दयानंद सरस्वती वैदिक महाविद्यालय बड़ौत के सभागार में एपीडा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत कृषि निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा गोष्ठी आयोजित की गई। निर्यात गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मनीष तोमर ने कहा कि निर्यात से किसान की आय बढ़ेगी, जिससे किसान खुशहाल होगा और देश में समृद्धि आएगी।वाराणसी से आए मुख्य अतिथि मुकेश कुमार ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में किसानों एवं एफपीओ को कृषि निर्यात की जानकारी दी। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा बागपत ब्लूम फेडरेशन, एफपीओ के सहयोग से बड़ौत में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एपीडा की भूमिका एवं कार्यों की जानकारी देते हुए किसानों एवं एफपीओ प्रति निधियों को कृषि उत्पादों के निर्यात की प्रक्रिया, आईईसी, आरसीएमसी पंजीकरण, आवश्यक लाइसेंस एवं दस्तावेजों के बारे में बताया गया। उन्होंने भारत कृषि निर्यात योजना, बाजार संपर्क तथा बायर-सेलर मीट के माध्यम से किसानों एवं एफपीओ को निर्यातकों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रवि शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं एफपीओ की निर्यात संबंधी क्षमता विकसित करना तथा जनपद बागपत के कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़कर कृषि निर्यात को बढ़ावा देना रहा।बागपत ब्लूम फेडरेशन के अध्यक्ष कपिल आर्य ने सभी को साथ लेकर निर्यात की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर धर्मपाल त्यागी, राजीव तोमर, सत्येंद्र सिंह, आरती मान, चौधरी महिपाल सिंह, मुकेश विद्यालंकर, पाहुल, अनुज आदि उपस्थित रहे।

वाहनों के अभाव में दम तोड़ रही बच्चों की स्वास्थ्य जांच, दो माह से ठप हैं आरबीएसके की 12 टीमें

-छह ब्लॉकों की 12 टीमों के पास नहीं हैं वाहन, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचना हुआ मुश्किल

-1338 आंगनबाड़ी केंद्रों और 700 स्कूलों के करीब दो लाख बच्चों की स्वास्थ्य जांच प्रभावित

-बजट के अभाव में खड़े हुए वाहन, बीमारियों की पहचान और समय पर उपचार की व्यवस्था पर लगा ब्रेक

समाज जागरण



बागपत। जनपद में करीब दो लाख बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की 12 टीमें खुद बदहाली का शिकार हो गई हैं। वाहनों के अभाव में इन टीमों का कामकाज पिछले एक माह से प्रभावित है। हालात यह हैं कि स्वास्थ्य विभाग के पास बजट नहीं होने के कारण टीमों के वाहन खड़े हैं और चिकित्सक स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसका सीधा असर हजारों बच्चों की स्वास्थ्य जांच पर पड़ रहा है। जिले के छह ब्लॉकों में संचालित आरबीएसके की 12 टीमों के माध्यम से 1338 आंगनबाड़ी केंद्रों और करीब 700 स्कूलों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। इन टीमों की जिम्मेदारी बच्चों में जन्मजात विकृतियों, गंभीर बीमारियों और पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। लेकिन पिछले एक माह से वाहन नहीं मिलने के कारण टीमों की नियमित आवाजाही प्रभावित हो गई है। इससे बच्चों की जांच और उपचार की प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। आरबीएसके की टीमें केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों को आयरन की गोलियां, सैनिटरी पैड, चश्मा वितरण और किशोर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी उपलब्ध कराती हैं। किसी बच्चे में गंभीर बीमारी मिलने पर उसे जिला अस्पताल से लेकर मेरठ मेडिकल कॉलेज तक उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था भी इन्हीं टीमों के माध्यम से की जाती है। वाहन नहीं होने से इन सुविधाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचाना चुनौती बन गया है। बजट के अभाव में खड़े हुए वाहन आरबीएसके कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वाहनों के संचालन के लिए बजट नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

दीपावली के बाद से ही वाहनों का संचालन बंद होने की स्थिति बनी हुई है। बजट मिलने पर ही वाहनों का संचालन सुचारु हो सकेगा। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल का कहना है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत होने वाले कार्य के लिए गाड़ियों के संचालन के लिए बजट की डिमांड की गई है। उम्मीद है कि जल्द बजट मिल जाएगा, जिसके बाद वाहनों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

लखनऊ में संविधान रक्षा मार्च में शामिल हुए बड़ौत के कांग्रेसी, इको गार्डन में किया धरना प्रदर्शन

समाज जागरण



बड़ौत। बड़ौत शहर से लखनऊ पहुंचे कांग्रेस कार्यकताओं ने संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना, प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सह प्रभारी संजीव आर्य के नेतृत्व में लखनऊ में संविधान की रक्षा, संवैधानिक मूल्यों, लोकतंत्र की सुरक्षा, वोट बचाओ-देश बचाओ, संविधान की गरिमा, समानता, स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय व भाईचारे को लेकर एक विशाल आयोजन किया गया। संविधान रक्षा मार्च को आगे नहीं बढ़ने दिया गया, जिसके बाद समस्त नेतागण इको गार्डन में सरकार के खिलाफ जोरदार नारे बाजी करते हुए धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। संकल्प लिया गया कि आम नागरिक के साथ हो रहे अन्याय, शोषण, उत्पीड़न, हक-अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस मजबूती के साथ आवाज बुलंद रखेगी। पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह एवं बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुष्पेन्द्र राणा, अशोक शर्मा, मो. परवेज, इरशाद आलम, इमरान इदरीशी, सौरभ, चाहीराम, बिजेन्द्र शर्मा, रविन्द्र तोमर, कृष्णहरि पंवार, ओमबीर दुहण, डॉ. सुभाष शर्मा, शोकेन्द्र तोमर, नन्दराम, रामजिस्टर, गोपाल आदि सम्मिलित रहे।

अंगदपुर में हुआ ग्राम स्तरीय जागरूकता बैठक का आयोजन

समाज जागरण



बागपत। ग्राम अंगदपुर में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं सहयोगी संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तरीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन ग्रामीण समाज विकास केंद्र की ओर से अनमोल गुप्ता के द्वारा किया गया। बैठक में लगभग 50 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समूह सखी श्रीमती अनीता, स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष, अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान आगामी 27 नवंबर को मनाए जाने वाले बाल, शीघ्र एवं जबरन विवाह के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम में समुदाय की भूमिका एवं सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, किसी भी बच्चे के साथ होने वाली परेशानी या बाल विवाह की सूचना देने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। सभी महिलाओं ने बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय सहयोग देने एवं अपने आसपास लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

डांस कॉम्पिटिशन में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुई हरप्रीत कौर

समाज जागरण

बागपत। सीसीआरटी द्वारका में आयोजित ड्रीम अचीवर्स नेशनल डांस कॉम्पिटिशन सीजन-1में स्वर्ण शक्ति वुमन एम्पावरमेंट टैलेंट शोकेस के सदस्यों ने बेहद शानदार प्रदर्शन कर समूह का नाम रोशन किया। इस भव्य कार्यक्रम में स्वर्ण शक्ति की संस्थापक हरप्रीत कौर को गेस्ट ऑफ ऑनर और समूह की अत्यंत सम्मानित सदस्य, भारतीय सेना की सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर सोनिया को वीआईपी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया।प्रतियोगिता में बबीता और ज्योति गुप्ता ने सोलो डांस में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं वेदिका एस नायर ने शास्त्रीय भरतनाट्यम में द्वितीय पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त सियांश ब्योमकेश, आराध्या, ज्योति गुप्ता और नीलम जैन ने अपनी विशेष शोकेस प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और खूब प्रशंसा बटोरी। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शानदार आयोजन में आमंत्रित करने और आत्मीय आतिथ्य सत्कार के लिए उन्होंने ड्रीम अचीवर्स की संस्थापक प्रीति साहू का विशेष आभार व्यक्त किया।



गांव-गांव चलेगा भाकियू का सदस्यता अभियान, संगठन को देंगे मजबूती

कैराना में भाकियू की बैठक में आगामी रणनीति पर मंथन, बड़ी बैठक आयोजित करने की बनी रूपरेखा

समाज जागरण



कैराना। भारतीय किसान यूनियन ने संगठन की मजबूती के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाने की रणनीति तैयार की है। अभियान के तहत अधिक से अधिक किसानों और मजदूरों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में बड़ी बैठक आयोजित कर संगठन की गति विधियों को गति देने की रूपरेखा तैयार की गई। कैराना के शहीद चौक स्थित अजंता फर्नीचर हाउस पर भाकियू के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गुरदीप सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान एवं आगामी रणनीति को लेकर पदा धिकारियों और कार्यकताओं ने विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल महासचिव चौधरी गय्यूर हसन ने कहा कि किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकजुटता बेहद जरूरी है। सभी को संगठित होकर किसान और मजदूरों की आवाज बुलंद करनी होगी। किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने एकता, संघर्ष और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने का जो मार्ग दिखाया है, उसे जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गुरदीप सिंह ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अधिक से अधिक किसानों और मजदूरों को भारतीय किसान यूनियन से जोड़कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी अपने सुझाव रखे तथा संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस दौरान चौधरी गय्यूर हसन, चौधरी गुरदीप सिंह, चौधरी इनाम कालू, फैजान अहमद, चौधरी तालिब एडवोकेट, सुभाष प्रधान झाड़खेड़ी, मनव्वर प्रधान गंदराऊ, नईम मिर्जा, राजपाल मेम्बर, नौशाद खान व नौशाद कुरैशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कैराना में अवैध प्लॉटिंग पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, 10 बीघा की कॉलोनी ध्वस्त

-मायापुर रोड पर बिना स्वीकृत मानचित्र विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर एमडीए की बड़ी कार्रवाई, तीतरवाड़ा रोड पर व्यावसायिक निर्माण भी सील

समाज जागरण



कैराना। कस्बे में नियमों को ताक पर रखकर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने मायापुर रोड स्थित मोहल्ला इस्लामनगर में करीब 10 बीघा भूमि पर बिना स्वीकृत मानचित्र के की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा तीतरवाड़ा रोड पर करीब 570 वर्गमीटर क्षेत्रफल में किए गए व्यावसायिक निर्माण को भी सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के अधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, सहारनपुर मंडलायुक्त की प्रेरणा एवं प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणता ऐश्वर्या के आदेशों के अनुपालन में गुरुवार, 26 नवंबर को कैराना विकास क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राधिकरण की टीम मोहल्ला इस्लामनगर स्थित मायापुर रोड पहुंची। यहां खसरा संख्या 542, 582 और 584 की करीब 10 बीघा भूमि पर बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण के अनुसार, उक्त भूमि पर जमशेद वकील पुत्र ईजराईल, जरीना पत्नी जमशेद, अमजद पुत्र जमशेद, अरशद पुत्र जमशेद और बिलाल पुत्र नवाब द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। पूर्व में नियमानुसार कार्रवाई के बाद ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद संबंधित भू-स्वामियों और प्लॉटिंगकताओं ने अवैध विकास कार्य नहीं हटाए। इसके चलते गुरुवार को प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग से संबंधित निर्माण को ध्वस्त कर दिया। तीतरवाड़ा रोड पर 570 वर्गमीटर का व्यावसायिक निर्माण सील अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही प्राधिकरण की टीम ने तीतरवाड़ा रोड पर भी अभियान चलाया। यहां दीपक सैनी पुत्र ब्रजपाल द्वारा करीब 570 वर्गमीटर क्षेत्रफल में किए गए व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया।प्राधिकरण के अनुसार, संबंधित निर्माण के विरुद्ध भी पहले नोटिस जारी किया गया था। चालानी कार्रवाई के बाद सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण को नियमानुसार नहीं हटाया गया। इस पर प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की। नोटिस के बाद भी नहीं हटाया निर्माण, टीम ने की कार्रवाई प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया कि दोनों मामलों में संबंधित भू-स्वामियों और निर्माण कताओं को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। नियमानुसार चालानी कार्रवाई के बाद ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग के आदेश भी निर्गत किए गए थे। आदेशों के बावजूद संबंधित स्थलों से अवैध प्लॉटिंग और निर्माण नहीं हटाए जाने के कारण प्राधिकरण को कार्रवाई करनी पड़ी। अधिकारियों के साथ मौके पर मौजूद रहा पुलिस बल अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण और व्यावसायिक निर्माण की सीलिंग के दौरान मुजफ्फरनगर विकास प्राधि करण के सहायक अभियंता, अवर अभियंता और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्रवाई को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित थाने का पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। प्राधिकरण ने गुरुवार को कैराना विकास क्षेत्र में एक स्थल पर करीब 10 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करने तथा दूसरे स्थल पर व्यावसायिक निर्माण सील करने की कार्रवाई की पुष्टि की है।

गुरु नानक जयंती पर ओआरसी सैनिक एकेडमी के बच्चों ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

समाज जागरण

बागपत। गुरु नानक देव जी की जयंती के शुभ उपलक्ष्य में ओआरसी सैनिक एकेडमी के बच्चों ने गुरुद्वारा बावली साहिब ढकोली का भ्रमण किया। बच्चों ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और गुरु नानक देव जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों ने लंगर सेवा में भाग लिया और सेवा, सिमरन व बांटकर खाने की परंपरा को करीब से समझा। बच्चों को गुरु नानक देव जी के ज्ञान, नाम जपो, किरत करो और वंड छको की शिक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों को बताया गया कि गुरु नानक देव जी ने समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया था, जो आज भी देश की सेवा और समाज के उत्थान के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस भ्रमण से बच्चों को देशभक्ति, अनुशासन और समाज सेवा के प्रति प्रेरित होने का अवसर मिला। इस अवसर पर एकेडमी के टीचर्स भी बच्चों के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। ओआरसी सैनिक एकेडमी के डायरेक्टर रंजीत रंजन झा ने बच्चों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के धार्मिक व सामाजिक भ्रमण बच्चों के चरित्र निर्माण और संस्कारों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर एसडीएम ने परखी व्यवस्थाएं, दिए जरूरी निर्देश

समाज जागरण

बागपत। आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को एसडीएम दीपशिखा सिंह ने सीओ रोहन चौरसिया के साथ क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवनों की स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। एसडीएम ने खेकड़ा कस्बे के जैन इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय के अलावा काठा गांव की वाल्मीकि चौपाल तथा प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं को बारीकी से परखा और व्यवस्थाओं में मिली कमियों को जल्द दूर कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने को कहा, ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने भवनों की गुणवत्ता और मतदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर सहित विद्यालयों का स्टाफ मौजूद रहा।



संविधान लोकतंत्र की आत्मा, अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी कराता है बोध

-विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर गूंजा प्रस्तावना का पाठ, छात्र-छात्राओं ने ली मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ

समाज जागरण

कैराना। संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय और समानता का मजबूत आधार है। यह नागरिकों को अधिकार प्रदान करने के साथ ही उनके कर्तव्यों और आचरण की संवैधानिक मयार्दा का भी बोध कराता है। इसी संदेश के साथ गुरुवार को विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ली। इस दौरान संविधान में निहित सामाजिक न्याय की अवधारणा पर आयोजित व्याख्यान में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की आधारभूत जानकारी दी। उन्होंने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों के आदर्शों, मूल्यों और दूरदर्शी दृष्टिकोण से छात्र-छात्राओं को परिचित कराया। साथ ही विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। सामाजिक न्याय और समान अवसर के संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. उत्तम कुमार ने संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संविधान में वर्णित सामाजिक न्याय की अवधारणा और उसके ऐतिहासिक विकास को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान में समानता और सामाजिक न्याय से संबंधित प्रावधानों का विशेष महत्व है। संवैधानिक नैतिकता और संविधानवाद का समझाया महत्व राजनीति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. डॉली ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की ऐतिहासिक यात्रा से परिचित कराया। उन्होंने संवैधानिक नैतिकता, संविधान और संविधानवाद की अवधारणाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इसके साथ ही सामाजिक न्याय के प्रति संविधान की प्रतिबद्धता और इससे जुड़े विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। प्रस्तावना का सामूहिक पाठ, मौलिक कर्तव्यों की ली शपथ कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. डॉली और डॉ. उत्तम कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शेखर सैनी, आंचल, अनु, वंश कुमार, हर्षित, आकाश और सानिया सहित अन्य छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अंगदपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता बैठक आयोजित

समाज जागरण



बागपत। ग्राम अंगदपुर में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं सहयोगी संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तरीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन ग्रामीण समाज विकास केंद्र की ओर से अनमोल गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में लगभग 50 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समूह सखी अनीता, स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष, अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान आगामी 27 नवंबर को मनाए जाने वाले बाल, शीघ्र एवं जबरन विवाह के उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम में समुदाय की भूमिका एवं सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, किसी भी बच्चे के साथ होने वाली परेशानी या बाल विवाह की सूचना देने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। सभी महिलाओं ने बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय सहयोग देने एवं अपने आसपास लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

नेत्र ज्योति प्रदान करना प्रभु की सच्ची सेवा : निधि पवार

समाज जागरण

बागपत। लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी की ओर से एक दिवसीय नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन बागपत की फूड सेफ्टी ऑफिसर श्रीमती निधि पवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नेत्र ज्योति प्रदान करना प्रभु की सच्ची सेवा है। इसके लिए अभिमन्यु गुप्ता के नेतृत्व में समस्त लायंस क्लब परिवार साधुवाद व बधाई का पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बागपत के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता लायन आशुतोष अग्रवाल ने की।शिविर में डॉक्टर सुशांत उपाध्याय ने 97 नेत्र रोगियों की जांच की एवं दवाइयां वितरित कीं। 5 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए लायंस आई हॉस्पिटल फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली भेजा गया एवं 38 रोगियों को चश्मे के नंबर प्रदान किए गए। 16 नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मे दिए गए। इस अवसर पर पवन शर्मा, डॉक्टर रामलाल, विभोर जिंदल, मनोज मित्तल, डॉ. मयंक गोयल का सहयोग रहा।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज में।

नोएडा में कर्ज राहत की मांग, आम जनता को भी 95 प्रतिशत तक छूट देने की अपील

सपा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों के लिए विशेष योजना बनाने की मांग की

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा। समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर संगठन ने सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में प्रेस वार्ता कर किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को कर्ज में राहत देने की मांग की। महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि बड़ी कंपनियों के कर्ज का एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से भारी छूट के साथ निपटारा किया जा रहा है, जबकि आर्थिक संकट से जूझ रहे आम नागरिकों को भी राहत मिलनी चाहिए।

डॉ. गुप्ता ने दावा किया कि जेकेएम इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लगभग 1,537.60 करोड़ रुपये के कर्ज का कथित तौर पर 73.50 करोड़ रुपये में निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि जब बड़ी कंपनियों को इतनी राहत मिल सकती है, तो किसानों, छोटे कारोबारियों और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए भी विशेष नीति बनाई जानी चाहिए।

सपा महानगर ने कृषि ऋण, छोटे व्यापारियों के व्यावसायिक ऋण, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के ऋण, युवाओं के मुद्रा ऋण, छात्रों के शिक्षा ऋण और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवारों के गृह ऋण में राहत की मांग की।

प्रेस वार्ता में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में संविधान दिवस पर शपथ

टेकजोन-4 और नॉलेज पार्क-4 में कार्यक्रम, सेक्टर-3 की जलापूर्ति समस्या जल्द दूर करने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग



ग्रेटर नोएडा। संविधान दिवस पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा उसके मूल्यों और आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-4 स्थित प्राधिकरण कार्यालय में एसीईओ नुपुर गोयल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एके सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान एसीईओ ने जनसुनवाई भी की। सेक्टर-3 के निवासियों ने जलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया। एसीईओ ने जल विभाग को पानी की लाइन डालकर समस्या शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार नई लाइन डालने का कार्य एक सप्ताह में शुरू कराने की योजना है।

नॉलेज पार्क-4 स्थित प्राधिकरण के सभागार में भी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों ने संविधान की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पालन का संकल्प लिया।

संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प

सपा नोएडा महानगर ने विचार गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहेब के विचारों पर की चर्चा

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा। संविधान दिवस पर समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर संगठन ने सेक्टर-53 स्थित कंचनजंगा मार्केट के महानगर कैंप कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने की और संचालन महासचिव विकास यादव ने किया।

गोष्ठी में संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और नागरिक अधिकारों पर विचार व्यक्त किए गए। डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार तथा सम्मान प्रदान करता है।

वक्ताओं ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के समतामूलक समाज के विचारों को याद करते हुए संविधान की गरिमा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नोएडा स्टेडियम में 28-29 नवंबर को होगा 'गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम'

भाई रणजीत सिंह खालसा ढडरियां वाले के सानिध्य में कीर्तन दरबार, 29 नवंबर को अमृत संचार

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा। श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को समर्पित 'गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम' 28 और 29 नवंबर को नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि समागम 'आओ प्यारिओ दशमेश जी वल्ल मुड़िए' लहर के तहत आयोजित किया जा रहा है।

समागम प्रतिदिन शाम छह बजे से रात दस बजे तक चलेगा। मुख्य वक्ता भाई साहिब भाई रणजीत सिंह जी खालसा ढडरियां वाले होंगे। अरदास के बाद गुरु का लंगर अटूट वतेर्गा। 29 नवंबर को शाम पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब, सेक्टर-12 में अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने संगत, सभी धर्मों के श्रद्धालुओं और नोएडा वासियों से परिवार सहित पहुंचने की अपील की है।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

नोएडा में आधुनिक लेजर तकनीक प्रस्तुत, बाल हटाने की प्रक्रिया को मिलेगी नई गति

आईसैक लक्स केंद्र में आल्मा सोप्रानो टाइटेनियम विशेष संस्करण का शुभारंभ

तीन लेजर तरंगदैर्घ्य और उन्नत शीतलन प्रणाली से युक्त तकनीक, व्यक्तिगत उपचार और विशेषज्ञ परामर्श पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नोएडा, 26 नवंबर। आधुनिक त्वचा एवं सौंदर्य उपचार के क्षेत्र में तकनीकी सुविधाओं का विस्तार करते हुए आईसैक लक्स ने नोएडा स्थित अपने केंद्र में आल्मा सोप्रानो टाइटेनियम विशेष संस्करण तकनीक प्रस्तुत की। बृहस्पतिवार को सेक्टर-104 स्थित केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता के दौरान इस आधुनिक लेजर बाल हटाने वाली तकनीक की विशेषताओं और उपचार में इसकी भूमिका की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, पत्रकारों और आमंत्रित अतिथियों ने भाग लिया। इस दौरान आधुनिक लेजर उपचार, त्वचा की देखभाल, उपचार प्रक्रिया और व्यक्ति की आवश्यकताओं के अनुसार उपचार योजना तैयार करने के महत्व पर चर्चा हुई।

तीन लेजर तरंगदैर्घ्य से युक्त तकनीक

आल्मा सोप्रानो टाइटेनियम विशेष संस्करण एक आधुनिक लेजर बाल हटाने वाला उपकरण है। कंपनी के अनुसार, इसमें 755, 810 और 1064 नैनोमीटर की तीन लेजर तरंगदैर्घ्य को एक ही उपकरण में संयोजित किया गया है। यह संयोजन बालों की जड़ों के अलग-अलग स्तरों तक ऊर्जा पहुंचाने तथा विभिन्न प्रकार की त्वचा और बालों के अनुरूप उपचार में सहायता करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस तकनीक का प्रमुख भाग ट्रायो मैक्स उपकरण है, जिसमें चार वर्ग सेंटीमीटर का बड़ा उपचार क्षेत्र दिया गया है। कंपनी के अनुसार, इसे अधिक ऊर्जा प्रदान करने और उपचार की गति बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

कंपनी का दावा है कि अधिक ऊर्जा वाले स्तर पर एसएचआर इन-मोशन प्रणाली के माध्यम से उपचार की गति में 20 प्रतिशत तक सुधार हो सकता है। हालांकि, वास्तविक परिणाम व्यक्ति की त्वचा, बालों की प्रकृति और उपचार की परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

उपचार के दौरान त्वचा को ठंडक देने की व्यवस्था

इस उपकरण में सुपर हेयर रिमूवल प्रणाली के साथ आईसीई प्लस शीतलन व्यवस्था भी शामिल है। कंपनी के अनुसार, यह व्यवस्था उपचार के दौरान त्वचा को लगातार ठंडक देने के लिए बनाई गई है। इससे प्रक्रिया के दौरान आराम बनाए रखने और ऊर्जा के नियंत्रित उपयोग में सहायता मिल सकती है।

यह तकनीक शरीर के विभिन्न हिस्सों में लेजर के माध्यम से बालों को कम करने की प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। उपचार से पहले व्यक्ति की त्वचा, बालों की प्रकृति और चिकित्सकीय इतिहास का मूल्यांकन आवश्यक होता है। उपचार की उपयुक्तता विशेषज्ञ की जांच और सलाह पर निर्भर करती है।

चिकित्सकीय विशेषज्ञता और व्यक्तिगत उपचार पर जोर

इस अवसर पर आईसैक लक्स की संस्थापक एवं चिकित्सा निदेशक डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने कहा कि आधुनिक सौंदर्य उपचार का भविष्य चिकित्सकीय विशेषज्ञता, उन्नत तकनीक और व्यक्तिगत उपचार के बेहतर समन्वय में है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक की शुरूआत केंद्र की इसी सोच को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

डॉ. गुप्ता के अनुसार, केंद्र का उद्देश्य लोगों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन, व्यक्तिगत मूल्यांकन और मरीजों के आराम तथा देखभाल को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक उपचार विकल्प उपलब्ध कराना है।

आईसैक लक्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी झरना धर ने कहा कि संस्था सौंदर्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों और बेहतर अनुभवों को उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक की शुरूआत ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने और भारत में आधुनिक सौंदर्य उपचार सेवाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

आधुनिक सौंदर्य उपचार में तकनीक की बढ़ती भूमिका

कार्यक्रम के दौरान बालों को कम करने वाले पेशेवर लेजर उपचार की बढ़ती मांग और उपचार प्रक्रिया को बेहतर बनाने में आधुनिक तकनीक की भूमिका पर भी चर्चा की गई। व्यक्तिगत परामर्श और विशेषज्ञों की देखरेख में उपचार योजना तैयार करने को महत्वपूर्ण बताया गया।

आईसैक लक्स के अनुसार, केंद्र का उद्देश्य आधुनिक सौंदर्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना तथा चिकित्सकीय विशेषज्ञता और तकनीक के समन्वय से व्यक्तिगत देखभाल उपलब्ध कराना है।

आईसैक लक्स के बारे में

आईसैक लक्स, डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता द्वारा स्थापित सौंदर्य, स्वास्थ्य और त्वचा चिकित्सा केंद्र है। यहां त्वचा, बाल, बढ़ती उम्र के प्रभावों से संबंधित उपचार, शरीर की बनावट सुधारने और स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। केंद्र का दृष्टिकोण चिकित्सकीय विशेषज्ञता, आधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत उपचार योजना के समन्वय पर आधारित है।

नोटः तकनीक की विशेषताओं और उपचार की गति से संबंधित दावे कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित हैं। उपचार से पहले योग्य चिकित्सकीय विशेषज्ञ से परामर्श आवश्यक है।

बाल भरण-पोषण मामले में फैमिली कोर्ट से बड़ी अंतरिम राहत

नाबालिग बच्चे के लिए प्रतिमाह 25 हजार रुपये देने का आदेश, बकाया राशि छह समान किस्तों में चुकाने के निर्देश

अधिवक्ता एस.बी. झा और कुणाल कुमार गर्ग की पैरवी पर तीस हजारी अदालत स्थित पश्चिम जिला फैमिली कोर्ट ने पारित किया आदेश

समाज जागरण/संदीप गर्ग



नई दिल्ली, 26 नवंबर। बाल भरण-पोषण से जुड़े एक मामले में दिल्ली की तीस हजारी अदालत स्थित पश्चिम जिला फैमिली कोर्ट ने नाबालिग बच्चे के हित में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। मामले में अधिवक्ता एस.बी. झा एवं कुणाल कुमार गर्ग ने अपने मुवक्किल की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त किया।

प्रधान न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट द्वारा 21 नवंबर 2026 को पारित आदेश के अनुसार प्रतिवादी को नाबालिग बच्चे के भरण-पोषण, देखभाल और बेहतर भविष्य के लिए 25 हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण राशि अदा करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश बच्चे की आवश्यकताओं और उसके कल्याण को ध्यान में रखते हुए पारित किया गया है।

बकाया राशि छह किस्तों में जमा कराने का निर्देश

अदालत ने नियमित मासिक भरण-पोषण राशि के भुगतान के साथ-साथ बकाया राशि के निपटारे के संबंध में भी निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार बकाया भरण-पोषण राशि छह समान किस्तों में अदा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिवादी को निर्धारित मासिक राशि का भुगतान नियमित रूप से जारी रखना होगा।

इस व्यवस्था का उद्देश्य बच्चे के भरण-पोषण से संबंधित आर्थिक सहायता को नियमित बनाना और बकाया राशि के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

बच्चे का कल्याण माता-पिता की साझा जिम्मेदारी

अदालत ने मामले पर विचार करते हुए इस महत्वपूर्ण सिद्धांत को दोहराया कि नाबालिग बच्चे की उचित देखभाल, परवरिश, शिक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना माता-पिता दोनों की जिम्मेदारी है। बच्चे के हितों को प्राथमिकता देना और उसके बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना पारिवारिक दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बाल भरण-पोषण से जुड़े मामलों में अंतरिम राहत का उद्देश्य मुकदमे के अंतिम निर्णय तक बच्चे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना होता है। इस मामले में प्रतिमाह 25 हजार रुपये की अंतरिम राशि निर्धारित किए जाने से बच्चे के नियमित भरण-पोषण के लिए सहायता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है।

अधिवक्ताओं की पैरवी को मिली सफलता

अधिवक्ता एस.बी. झा एवं कुणाल कुमार गर्ग ने मामले में अपने मुवक्किल का पक्ष प्रस्तुत करते हुए अंतरिम भरण-पोषण आदेश प्राप्त किया। इस आदेश को दोनों अधिवक्ताओं की पेशेवर प्रतिबद्धता और प्रभावी कानूनी पैरवी की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

यह आदेश पारिवारिक कानून के अंतर्गत बाल कल्याण और माता-पिता की जिम्मेदारियों के महत्व को रेखांकित करता है। साथ ही यह भी स्पष्ट करता है कि भरण-पोषण से जुड़े मामलों में बच्चे की आवश्यकताओं और उसके हितों को प्राथमिकता दी जाती है।

नोटः यह फैमिली कोर्ट का अंतरिम आदेश है। मामले के अंतिम निस्तारण के संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

फरह में आयुर्वेदिक चिकित्सालय और महाविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि पूजन

गौ ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ अनुष्ठान

28 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण और शिलान्यास

समाज जागरण संवाददाता



फरह (मथुरा)। गौ ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आयुर्वेदिक चिकित्सालय और महाविद्यालय की स्थापना के लिए गुरुवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक पूजा-अर्चना के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्र के कर्मचारियों की सुविधा के लिए बनाए जाने वाले दो कमरों वाले आवासीय भवन का भी भूमि पूजन किया गया।

समिति के मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातःकाल समिति के पदाधिकारियों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना कर प्रस्तावित निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। भूमि पूजन के दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सालय, महाविद्यालय और कर्मचारियों के आवासीय भवन के निर्माण की मंगलकामना की गई।

धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में समिति के पदाधिकारी, केंद्र के कर्मचारी, स्वयंसेवक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

28 नवंबर को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा

मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार ने बताया कि आगामी 28 नवंबर को इसी परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गौ संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसंधान और शिक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा।

प्रस्तावित परियोजनाओं को क्षेत्र में गौ-आधारित अनुसंधान, चिकित्सा और शैक्षणिक गतिविधियों को विस्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय और महाविद्यालय की स्थापना से आयुर्वेद के अध्ययन, चिकित्सा सेवाओं तथा अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

गौ-आधारित अनुसंधान और चिकित्सा को मिलेगा विस्तार

दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में प्रस्तावित प्रकल्पों का उद्देश्य गौ संवर्धन और गौ-आधारित अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों को आगे बढ़ाना है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय और महाविद्यालय की स्थापना के साथ परिसर में चिकित्सा और शिक्षा से संबंधित सुविधाओं के विकास की दिशा में भी कदम बढ़ाया जा रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरशंकर शर्मा, संजय, डॉ. कैलाश सारस्वत, नरेंद्र पाठक, कमल कौशिक, जगदीश और डॉ. राम सारस्वत सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख अधिकारी, स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रभारी प्रधानाध्यापकों की तैनाती पर सवाल, जांच समिति को नहीं मिल रहे अभिलेख

सीडीओ के निर्देश बेअसर, मूल विद्यालयों में वापस नहीं लौटे प्रभारी प्रधानाध्यापक; कार्रवाई के संकेत

मथुरा में बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, तीन बार पत्राचार के बावजूद जांच समिति को नहीं मिले पूरे दस्तावेज

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापकों की तैनाती का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। तैनाती प्रक्रिया में विभागीय मानकों और नियमों की अनदेखी किए जाने के आरोपों के बीच जिलाधिकारी के अनुमोदन तथा मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के निर्देश पर मामले की जांच कराई जा रही है। लेकिन जांच समिति को अब तक तैनाती से संबंधित संपूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण जांच प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। इससे बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल उठने लगे हैं।

प्रकरण में शिक्षकों की ओर से की गई शिकायतों के बाद जांच शुरू की गई थी। जांच समिति को तैनाती से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर यह पता लगाना है कि प्रभारी प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति निर्धारित नियमों और विभागीय प्रक्रिया के अनुरूप की गई या नहीं।

हालांकि, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण समिति अभी तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

अभिलेखों के अभाव में अटकी जांच

जांच समिति से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रभारी प्रधानाध्यापकों की तैनाती से संबंधित सभी अभिलेख मांगे गए हैं। समिति की ओर से इस संबंध में तीन बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

दस्तावेजों के अभाव में जांच समिति के सामने तैनाती प्रक्रिया की समीक्षा करने और शिकायतों की पुष्टि करने में कठिनाई आ रही है। ऐसे में जांच की गति प्रभावित हो रही है और प्रकरण लंबित बना हुआ है।

प्रभारी प्रधानाध्यापकों की तैनाती को लेकर शिक्षकों की ओर से कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतों के अनुसार, कुछ शिक्षकों ने अपने वर्तमान विद्यालय में ही प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करने की लिखित सहमति दी थी। आरोप है कि उनकी सहमति को नजरअंदाज करते हुए उन्हें दूसरे विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के लिए बाध्य किया गया। शिकायतकताओं का यह भी आरोप है कि नियमों के विपरीत ग्रामीण क्षेत्र के कुछ शिक्षकों को नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाकर भेजा गया।

वृद्धावस्था पेंशन के लिए तीन बार राजीव भवन पहुंचे बुजुर्ग, हर बार मिला आश्वासन

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। राया क्षेत्र के गांव सरदारगढ़ निवासी बुजुर्ग शिवराम कई महीनों से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। पेंशन की समस्या के समाधान के लिए वे तीन बार करीब 20 किलोमीटर साइकिल चलाकर राजीव भवन पहुंच चुके हैं। गुरुवार को भी उन्हें केवाईसी कराने का आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया।

शिवराम का कहना है कि स्थानीय विकासखंड कार्यालय से भी उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बुजुर्गों की पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण विकासखंड स्तर पर ही किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

अवैध टैक्सी स्टैंड पर प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, 10 वाहन सीज

गोवर्धन और मंडी चौराहे पर चला अभियान, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और अवैध टैक्सी स्टैंडों पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया। गोवर्धन चौराहा और मंडी चौराहा पर हुई कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े तथा यातायात बाधित करने वाले 10 वाहनों को सीज किया गया। कई अन्य वाहनों के चालान भी काटे गए। अभियान एएसपी यातायात राजेश तिवारी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शौर्य कुमार, एआरटीओ सतेंद्र कुमार सिंह तथा पीटीओ संदीप कुमार और पूजा सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। संयुक्त टीम ने दोनों चौराहों पर सड़क घेरकर खड़े वाहनों और अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ कार्रवाई की।

बाल विवाह मुक्त सिरसा अभियान के लिए ट्रॉफी लॉन्च, 27 नवंबर को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में लगेंगी बाल विवाह के दोषियों की झांकियां - 6000 से ज्यादा लोग बनेंगे साक्षी

समाज जागरण

कालांवाली 26 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर सिरसा में एक राष्ट्रीय स्तर का ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह मुक्त सिरसा अभियान के लिए आज बालिकाओं के हाथों से ट्रॉफी लॉन्च की गई। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के डायरेक्टर सुनील जागलान ने बताया कि पिछले तीन महीने से बाल आजादी अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त सिरसा को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उसी अभियान के एक अहम पड़ाव के रूप में 27 नवंबर को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर झांकियों की प्रस्तुति रखी गई है। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में 27 नवंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में सिरसा और सिरसा से बाहर के करीब 6 हजार से ज्यादा लोग भागीदार बनेंगे। बड़ी संख्या में बेटियां, महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि, छात्र, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में बाल विवाह के दोषियों को झांकी के रूप में दिखाया जाएगा। देश-दुनिया में पहली बार बाल विवाह की झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा संदेश होगा। सुनील जागलान ने बताया कि झांकियों में बाल विवाह के सारे दोषी दिखाए जाएंगे - जो बाल विवाह करवाते हैं, जो उसमें शामिल होते



हैं, जो चुप रहकर उसे होने देते हैं, और जो व्यवस्था की कमजोरी के कारण उसे रोक नहीं पाते। समाज को आईना दिखाने के लिए यह तरीका सबसे प्रभावशाली साबित होगा, क्योंकि लोग भाषण से ज्यादा झांकी से समझते हैं। इस प्रतियोगिता में जो झांकियां विजेता रहेंगी, उन्हें 21 हजार, 11 हजार और 5100 रुपये का पुरस्कार तथा ट्रॉफी दी जाएगी। इसके लिए बाल विवाह मुक्त सिरसा की ट्रॉफी का लॉन्च बालिकाओं के द्वारा किया गया। बेटियों ने ही ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाकर इस अभियान को आशीर्वाद दिया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को देश का सबसे प्रभावशाली अभियान बनाने के लिए बाल विवाह के दोषियों की झांकी का फामूर्ला बहुत ही महत्वपूर्ण और मजबूत है। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज की सोच बदलने का एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से उनके पहले वाले अभियान असरदार रहे और सरकारों ने उन्हें अपनाया है, इसी प्रकार से यह अभियान भी सरकार देश के हर एक जिले में मॉडल के तौर पर लागू करने की कोशिश जरूर करे। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से अपील की है कि बाल विवाह के दोषियों की झांकी के इस मॉडल को पूरे देश में अपनाया जाए, ताकि हर जिले, हर गांव में लोगों को यह समझ आए कि बाल विवाह अपराध है, परंपरा नहीं।

गौरतलब है कि

सुनील जागलान हरियाणा के जींद जिले के बीबीपुर गांव के रहने वाले हैं और वर्ष 2010 से 2015 तक अपने गांव के सरपंच रहे हैं। वे पिछले 16 वर्षों से महिला अधिकार, गांव के अधिकार और बाल अधिकारों के लिए कार्य कर रहे हैं। वे सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।

अम्बेडकर भवन में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

समाज जागरण

कालांवाली 26 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) गांव ख्योवाली स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में संविधान दिवस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महंत हरिशंकर जी गिरी के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के



दौरान उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना के प्रति निष्ठा रखने तथा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर अध्यापक रमन कुमार, सतीश कुमार, जगदीश राय, पंच सन्नी कस्वां, जगदीश टोन, योगेश पंवार, बंसी कस्वां एवं अजय पंवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्तिक मास गीता पाठ का हवन व गीता संदेश शोभायात्रा के साथ हुआ विधिवत समापन

: गीता प्रेमी विनोद कुमार छाबड़ा की अनूठी पहल को स्मृति चिह्न व शॉल भेंट कर किया सम्मानित

: गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास : नरेश कुमार आहूजा

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी। छोटी काशी भिवानी में श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार द्वारा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में कार्तिक मास के दौरान आयोजित निरंतर गीता पाठ का कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर



पर विधिवत समापन किया गया। इस दौरान सुबह-शाम गीता पाठ का आयोजन श्रद्धालुओं के घरों में किया गया। गीता पाठ की शुरूआत विनोद कुमार छाबड़ा के निवास से हुई थी। समापन अवसर पर उनके निवास पर हवन-यज्ञ आयोजित कर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर गीता संदेश शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसका शुभारंभ तेलीवाड़ा स्थित शिव मंदिर से हुआ। शोभायात्रा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और विभिन्न मंदिरों से होती हुई पुनः शिव मंदिर तेलीवाड़ा पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। समापन पर विधिवत गीता जी की आरती की गई तथा सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जलपान ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार के अध्यक्ष नरेश कुमार आहूजा व चंद्र प्रकाश को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं महासचिव एवं सत्संग प्रमुख विनोद कुमार छाबड़ा को पूरे कार्तिक मास में गीता पाठ के सफल आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और अनूठी पहल के लिए स्मृति चिह्न एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति सदस्यों एवं भक्तजनों ने विनोद कुमार छाबड़ा के समर्पण, सेवाभाव और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की । शोभायात्रा के आयोजन में चंद्र प्रकाश (चंद्र डेयरी) का भी विशेष सहयोग रहा। नरेश कुमार आहूजा, अध्यक्ष श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार ने कहा कि घर-घर गीता पाठ का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान पहुंचाना है। गीता हमें जीवन जीने की सही राह, कर्म और संस्कारों की प्रेरणा देती है। गीता संदेश शोभायात्रा के माध्यम से समाज को धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिकता से जोड़ने का प्रयास किया गया है। विनोद कुमार छाबड़ा, महासचिव एवं सत्संग प्रमुख ने कहा कि कार्तिक मास में घर-घर गीता पाठ करवाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। गीता का संदेश केवल पढ़ने तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति इसे अपने जीवन में अपनाए। हमारा संकल्प है कि गीता का ज्ञान जन-जन तक पहुंचे और युवा पीढ़ी भी अपनी संस्कृति से जुड़े।

संविधान दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा रइर आईटीओटी, विद्यार्थियों ने बुलंद किए संवैधानिक मूल्यों के नारे

चेयरमैन अशोक सिंगला और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश; भाषणों, वीडियो और नारों से गूंजा संस्थान

समाज जागरण



कालांवाली 26 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, लोकतांत्रिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शहीद भगत सिंह आईटीओटी (सीआईटीएस), कालांवाली में संविधान दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषणों, विचारों और जोशीले नारों के माध्यम से संविधान की महत्ता को उजागर करते हुए जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। संविधान के गौरव और लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत वातावरण में विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। संविधान हमारी पहचान, लोकतंत्र की मजबूत नींव : अशोक सिंगला संस्थान के चेयरमैन श्री अशोक सिंगला ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय संविधान केवल देश का सर्वोच्च कानून नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी जरूरी : रविंद्र कुमार संस्थान के प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे। संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा से रूबरू हुए विद्यार्थी कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संविधान पर आधारित एक ज्ञानवर्धक वीडियो दिखाई गई। वीडियो में संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान तथा संविधान के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। नारों से गूंजा संस्थान, विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश हम सबका अभिमान है, भारतीय संविधान है! न जाति का भेद, न धर्म की दीवार, संविधान देता सबको समान अधिकार! विद्यार्थियों के जोश और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी 26 नवंबर। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धमार्णी ने की तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व आईएएस अधिकारी एवं पूर्व सूचना आयुक्त,प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस शिवरमण गौड़ तथा विशेष अतिथि के तौर पर सुप्रीम कोर्ट से अधिवक्ता अजय नैन ने शिरकत की। प्रो. धमार्णी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के लिए लगातार बेहतर अकादमिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है और विश्वविद्यालय के विधि विभाग को राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष विधि विश्वविद्यालयों के बराबर



शैक्षणिक सुविधा देने व बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए प्रयासरत है। कुलगुरु ने कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र तथा किताबें भेंट की। मुख्य अतिथि शिव रमण गौड़ ने छात्रों को भारतीय सविंधान की महत्ता से छात्रों को अवगत करवाते हुए कहा कि सविंधान न सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज है बल्कि ये सामाजिक परिवर्तन के लिए, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए एवं समता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण औजार है। संविधान सर्व समाज के लिए एक पवित्र ग्रंथ की तरह है। उन्होंने छात्रों को वंचित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आवश्यक पैरवी करने के लिए छात्रों से अपील की। इस अवसर पर अधिवक्ता अजय नैन ने छात्रों को विधि व्यवसाय में उत्कृष्टता पाने के लिए लगातार प्रयासरत रहने पर जोर दिया। उन्होंने लैंगिक न्याय और लैंगिक संवेदनशीलता से संबंधित मुद्दों पर भी छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा से संबंधित आवश्यक टिप्स छात्रों के साथ साझा किए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए भारतीय सविंधान की अच्छी समझ बनाने तथा सविंधान की पालना करने लिए जोर दिया। कार्यक्रम में छात्रों के लिए भारतीय संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, सविंधान उद्देश्यिका पाठन का आयोजन किया गया जिसमें विधि विभाग तथा राजनीति विज्ञान विभाग से लगभग पचास से अधिक छात्रों ने भाग लिया। परास्नातक स्तर पर एलएलएम के छात्र मिहिर और प्रवीण की टीम ने प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही स्नातक स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में विधि विभाग से हर्षिता और साक्षी करखल की टीम रही।

उद्देश्यिका पाठन में प्रथम स्थान विधि विभाग प्रथम वर्ष से गजेंद्र ने प्राप्त किया वहीं दूसरे स्थान पर विधि विभाग की छात्रा वंशिका रही। कार्यक्रम के अंत में विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद मलिक ने मुख्य अतिथि , विशेष अतिथि तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रति भागियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में विधि विभाग से सहायक आचार्य डॉ. पवन, डॉ. आलोक, डॉ. रिया, डॉ.सुमन, डॉ. मंजीत तथा विधि विभाग तथा राजनीति विभाग के 100 से अधिक छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर देशभर में गूंजा संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की मजबूती का संदेश

समाज जागरण

कालांवाली 26 नवंबर (सुरेश जोरासिया) देशभर में संविधान दिवस उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के महत्व, उसके मूल्यों और नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। इसी ऐतिहासिक दिन की याद में प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है।



भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता, समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मजबूत आधार है। यह हमें न केवल अधिकार प्रदान करता है, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा भी देता है। संविधान की प्रस्तावना में निहित आदर्शों को जीवन में अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। संविधान दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करेंगे और देश की एकता एवं भाईचारे को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों व अफवाहों से बचे एचटेट के अभ्यर्थी: दीपक बाबू लाल करवा

- अंतिम समय का इंतजार किए बिना समय रहते करें आवेदन व शुल्क भुगतान : दीपक बाबू लाल करवा

- 28 व 29 नवंबर को ऑनलाइन ही कर सकेंगे विवरणों में संशोधन

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 26 नवंबर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड सचिव एवं अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने वीरवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अंतिम समय का इंतजार किए बिना 27 नवंबर की रात 11 बजकर 59 मिनट से पहले अपना आवेदन व शुल्क भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन की अंतिम तिथि में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और शुल्क जमा कर पावती (एक्नॉलेजमेंट) प्राप्त होने के बाद ही फॉर्म पूर्ण माना जाएगा। सचिव ने अभ्यर्थियों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों व अफवाहों से बचने तथा किसी भी प्रामाणिक सूचना के लिए केवल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का ही अवलोकन करने का अनुरोध किया है। सचिव एवं एडीसी ने बताया कि अब तक लाखों की संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिन अभ्यर्थियों के फॉर्म अधूरे हैं या फीस लंबित है, उन्हें जागरूक करने के लिए बोर्ड द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए बल्क एसएमएस भी भेजे जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को 28 व 29 नवंबर को अपने विवरणों में ऑनलाइन संशोधन करने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता



बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी सर्विलांस और कड़ी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2026 (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 26 व 27 दिसंबर, 2026 को किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट बीएस ईएच.ओआरजी.इन पर दिए गए लिंक के माध्यम से महत्वपूर्ण निदेर्शों को ध्यान से पढकर/समझकर 27 नवंबर, 2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं, परंतु अभी तक शुल्क जमा नहीं करवाया गया है, वे आवेदन की अंतिम तिथि 27 नवंबर, 2026 से पूर्व अपना शुल्क जमा करवाते हुए आवेदन प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद अभ्यर्थी पुष्टिकरण पृष्ठ (ष्टशठ्ठद्धद्वह्द्वड्ड ह्लद्वशठ्ठ क्कड्डद्दद्ग) का प्रिंट लेना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने बताया कि एचटेट-2026 परीक्षा के लिए आवेदन 18 नवंबर, 2026 से लाईव किए जा चुके हैं। परीक्षा से संबन्धित सूचना बुलेटिन (ढ्ढठ्ठद्धश ाह्द्वड्डह्लद्वशठ्ठ क्वह्वद्यद्यद्गह्लद्वठ्ठ) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सूचना बुलेटिन (ढ्ढठ्ठद्धशह्द्वड्ड ह्लद्वशठ्ठ क्वह्वद्यद्य द्गह्लद्वठ्ठ) में दर्शाए गए महत्वपूर्ण निदेर्शों को ध्यान से पढकर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी 28 व 29 नवंबर, 2026 को अपने विवरणों में ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। 27 नवंबर, 2026 उपरांत ऑनलाइन आवेदन तथा 29 नवंबर, 2026 उपरांत विवरण सुधार की अनुमति नहीं होगी। इस सन्दर्भ में कोई भी प्रार्थना पत्र/प्रतिवेदन किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट का नियमित तौर पर अवलोकन करते रहें ताकि वे किसी भी महत्वपूर्ण व अति-आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रह जाएं।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में गरीमापूर्ण ढंग से मनाया गया संविधान दिवस

- अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 26 नवंबर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी में आज संविधान दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बोर्ड उप-सचिव श्री ओ.पी. निंबीवाल के नेतृत्व में समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने बोर्ड परिसर में एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संविधान के आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड उप-सचिव ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लिखित संविधान है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को समानता,



स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा संविधान सभा के सभी सदस्यों के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए कहा कि एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोक सेवा में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का यह प्राथमिक दायित्व है कि वह संवैधानिक मूल्यों को अपने दैनिक कार्यव्यवहार में उतारे और पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ विद्यार्थियों व आमजन के हित में कार्य करे।

पंचायत की जमीन पर कब्जे का मामला गरमाया, एसडीएम ने दिए दुकानें हटाने के आदेश

बस स्टैंड की सरकारी जमीन पर बनी दो दुकानों को लेकर शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश, स्वागत द्वार से भी फोटो हटाने के आदेश दो दिन में मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट, पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल; गांव के विकास के बजाय विवादों में घिरी पंचायत

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल। गांव चैहड़ कलां में ग्राम पंचायत की जमीन पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। एक तरफ सरकार गांवों को अतिक्रमण मुक्त करवाने और विकास कार्यों को गति देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत की बस स्टैंड स्थित जमीन पर दो दुकानों के निर्माण को लेकर शिकायत सामने आई है। मामले में एसडीएम लोहारू ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों दुकानों से कब्जा हटवाने और स्वागत द्वार पर लगाई गई फोटो हटाने के निर्देश दिए हैं। गांव निवासी नवीन कुमार पुत्र सतपाल सिंह श्योराण की शिकायत पर हुई जांच के बाद एसडीएम कार्यालय ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बहल को पत्र जारी कर दो दिन के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। 26 नवंबर 2026 को जारी पत्र क्रमांक 4316 में संबंधित पक्षों के बयान और शिकायत का अवलोकन करने के बाद बस स्टैंड की पंचायत भूमि पर बनी दो दुकानों तथा स्वागत द्वार पर सरपंच प्रतिनिधि के रूप में उनके ससुर रामकिशन की फोटो लगाए जाने का उल्लेख किया गया है। पंचायत की जमीन पर दुकानें, आखिर किसकी जिम्मेदारी? इस पूरे मामले ने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पंचायत का प्राथमिक दायित्व गांव की सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, विकास कार्य करवाना और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में यदि पंचायत की ही जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत सामने आती है और प्रशासन को कब्जा हटाने के निर्देश देने पड़ते हैं, तो यह निश्चित रूप से गंभीर विषय है। ग्रामीणों के मन में भी सवाल है कि सार्वजनिक उपयोग के लिए निर्धारित बस स्टैंड की जमीन पर दुकानों का निर्माण किस प्रक्रिया और किसकी अनुमति से करवाया गया? क्या इस संबंध में कोई प्रस्ताव या प्रशासनिक स्वीकृति ली गई थी? यदि निर्माण नियमानुसार हुआ है तो पंचायत को दस्तावेज सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। विकास की जिम्मेदारी या विवादों की राजनीति? गांव की पंचायत से ग्रामीणों को उम्मीद रहती है कि वह आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देगी। लेकिन सार्वजनिक जमीन को लेकर विवाद और स्वागत द्वार पर व्यक्तिगत फोटो लगाए जाने जैसे मुद्दे पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। गांव के विकास और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत राजनीति या पद के प्रभाव की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। अब देखने वाली बात यह होगी कि बीडीपीओ बहल एसडीएम के आदेशों की पालना करते हुए निर्धारित दो दिन में क्या कार्रवाई करते हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि दुकानों के निर्माण की अनुमति, पंचायत प्रस्ताव और जमीन के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच करवाई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति ग्रामीणों के सामने आ सके और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो सके।

बारात से लौट रही स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, सात लोग घायल

सिंघानी गांव के पास हुआ भीषण सड़क हादसा, दो घायलों की हालत गंभीर; भिवानी रेफर डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचे घायल, डीएसपी संजीव कुमार ने अस्पताल पहुंचकर जाना हालचाल

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल/लोहारू। लोहारू से बारात में शामिल होकर लौट रहे लोगों की स्कॉर्पियो गाड़ी गांव सिंघानी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में गाड़ी सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना में स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार गांव बिधनोई निवासी कुछ लोग लोहारू में बारात में शामिल होने के बाद स्कॉर्पियो गाड़ी से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सिंघानी गांव के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए।

डायल 112 की टीम ने पहुंचाया अस्पताल हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तीन एंबुलेंस की सहायता से लोहारू के उपनागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान बिधनोई निवासी आकाश, सतीश, विशाल, नरेंद्र, कर्ण, मोहित और सतीश के रूप में हुई है। दो घायलों की हालत गंभीर, भिवानी रेफर अस्पताल में चिकि त्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।

इनमें दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए भिवानी रेफर कर दिया गया।

डीएसपी ने अस्पताल पहुंचकर जाना हालचाल हादसे की सूचना मिलने पर डीएसपी लोहारू संजीव कुमार भी उपनागरिक अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली तथा परिजनों से बातचीत कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

संविधान ने सभी को समान अधिकार दिए : डॉ. प्रतिमा गौड़

संविधान दिवस पर शिवरामपुर में विचार गोष्ठी, विशेषज्ञों ने संविधान के महत्व पर रखे विचार

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ (वाराणसी)। जन कल्याण सोशल सोसायटी एवं जय भीम निःशुल्क कोचिंग सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, शिवरामपुर में संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय 'भारतीय संविधान बनाम मनुस्मृति और वर्तमान में प्रासंगिकता' रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, ग्राम प्रधान एवं संस्था निदेशक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान स्नेह भारती ने बुद्ध वंदना प्रस्तुत की, जबकि सिलाई केंद्र की बालिकाओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण अशोक पटेल ने दिया।

मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. प्रतिमा गौड़ ने कहा कि भारतीय संविधान ने जाति, धर्म और लिंग से ऊपर उठकर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के मूल्यों की रक्षा करना ही सच्ची देशभक्ति है।

विशिष्ट अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रोफेसर डॉ. मुकेश मालवीय ने संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए विद्यार्थियों से इसे पढ़ने, समझने और इसके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक सुरेंद्र कुमार ने डॉ. प्रतिमा गौड़ को तथा कोचिंग सेंटर के अध्यक्ष अर्जुन एवं सदस्यों ने डॉ. मुकेश मालवीय को अशोक स्तंभ चिह्न एवं पंचशील पट्टा भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विपिन कुमार ने की। संचालन अनिल कुमार ने किया।

संविधान ही राष्ट्र की आत्मा जो जन जन की ताकत है

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। संविधान दिवस के अवसर पर हरहुआ ब्लाक के डॉ0 भीमराव अंबेडकर गहनी में स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रधान श्रीमती शशिकला व इंद्रजीत ने समस्तदेशवासियों, प्रदेशवासियों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था। यही वह ऐतिहासिक दिन है, जब भारत को एक ऐसा सर्वोच्च ग्रंथ मिला, जिसने हर नागरिक को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुता का अधिकार दिया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान आज भी देश की एकता और अखंडता का सबसे मजबूत आधार है।

प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने कहा कि संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। यह जाति, धर्म, लिंग और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। पंचायती राज व्यवस्था भी संविधान की ही देन है, जिसने गांव-गांव तक लोकतंत्र को मजबूत किया है।

अन्य वक्ताओं ने आह्वान किया कि वे संविधान को पढ़ें, समझें और उसके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। संविधान के प्रति जागरूकता ही सच्ची देशभक्ति है।

अंत में उपस्थित जनों ने संविधान की रक्षा और उसके सम्मान का संकल्प लिया। प्रमुख रूप से शशिकला देवी, इंद्रजीत ,पंकज कुमार ,रोहित भारती ,राहुल ,विकास कुमार ,नेहा कुमारी , शिवांगी गुप्ता ,अजय प्रताप सक्सेना ,राजेश कुमार ,पीयूष कुमार चौबे ,रविशंकर व अमित कुमार शामिल रहे।

अभिकर्ता की असली पूंजी पॉलिसीधारकों का विश्वास : रघुबर मौर्य

एमडीआरटी-2027 का लक्ष्य हासिल कर शाखा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, सम्मान समारोह में जताया पॉलिसीधारकों के प्रति आभार

समाज जागरण

मीरजापुर। भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्कृष्ट अभिकर्ता रघुबर प्रसाद मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की मिलियन डॉलर राउंड टेबल (एमडीआरटी)-2027 का निर्धारित लक्ष्य हासिल कर एक बार फिर अपनी मेहनत, लगन और समर्पण का परिचय दिया है। उन्होंने अपनी शाखा में सबसे पहले यह लक्ष्य पूरा कर उपलब्धि हासिल की। इस सफलता पर शाखा कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सत्य प्रकाश राजन ने रघुबर प्रसाद मौर्य को बधाई देते हुए कहा कि वे शाखा के समर्पित और उत्कृष्ट अभिकर्ता हैं। उन्होंने सबसे पहले एमडीआरटी-2027 का लक्ष्य पूरा कर अन्य अभिकताओं के सामने सफलता की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करता है, उसे सफलता अवश्य मिलती है। उल्लेखनीय है कि रघुबर प्रसाद मौर्य पिछले 14 वर्षों से भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से लोगों को जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।



किसी भी बीमा अभिकर्ता की असली पूंजी उसके पॉलिसीधारकों का विश्वास होता है। यही विश्वास उन्हें निरंतर बेहतर कार्य करने और नए लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि बीमा केवल एक पॉलिसी या आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि परिवार के भविष्य की सुरक्षा, बच्चों के सपनों और अपनों के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प है। उनका प्रयास अधिक से अधिक परिवारों को जीवन बीमा सुरक्षा से जोड़कर जरूरत के समय आर्थिक सहारा उपलब्ध कराना है।

रघुबर मौर्य की इस उपलब्धि से शाखा के अन्य अभिकताओं में भी उत्साह है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सत्य प्रकाश राजन, शाखा प्रबंधक (विक्रय) अजीत यादव, विकास अधिकारी राघवेंद्र कुमार सिंह, अभिनव सिंह, अंबर कुमार, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, वीरेंद्र कुमार, चंद्रमा पंडित, रामप्रवेश शुक्ला, ममता सिंह, बिंदु, निहारिका, मोनिका, प्रवीण कुमार और गयासुद्दीन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे।

अपने कार्यकाल के पहले वर्ष से ही वे लगातार एमडीआरटी की उपलब्धि हासिल करते आ रहे हैं। इसके अलावा वे पांच बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कोर्ट ऑफ द टेबल (सीओटी) के सदस्य और तीन बार कॉरपोरेट क्लब के सदस्य भी रह चुके हैं। उत्कृष्ट बीमा सेवाओं के लिए उन्हें पूर्व में राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

सम्मानित होने के बाद रघुबर प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन हजारों पॉलिसीधारकों, परिवारों और शुभचिंतकों का सम्मान है, जिन्होंने वर्षों से उन पर विश्वास बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि

टीएमयू का सेहत महकमे के संग छह बरस्स तक के बच्चों की श्रवण जांच को एमओयू

तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीईआरए-बेरा और ओएई सरीखी आधुनिक जांच सुविधाएं न्यूनतम दरों पर होंगी उपलब्ध, श्रवण बाधिता की समय पर पहचान और उपचार को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने बच्चों में श्रवण बाधिता की समय पर पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इस उद्देश्य के लिए तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद-स्वास्थ्य विभाग के बीच एमओयू हुआ है। एमओयू पर टीएमयू की ओर से निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मंडल की आयुक्त श्रीमती संगीता सिंह, टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन के संग-संग वीसी प्रो. वीके जैन, आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, मुरादाबाद के जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के अनुमोदन के बाद इस एमओयू को अंतिम रूप दिया गया। इस एमओयू के तहत 0 से 6 वर्ष तक के श्रवण बाधित बच्चों को बीईआरए और

ओएई सरीखी आधुनिक श्रवण जांच सुविधाएं न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला संयुक्त चिकित्सालय एवम् राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम- आरबीएसके से रेफर किए गए पात्र बच्चों को टीएमयू के मेडिकल कॉलेज में ईएनटी एवम् ऑडियोलॉजी परामर्श, आवश्यक जांच, जांच रिपोर्ट और जरूरत पड़ने पर पुनः जांच की सुविधा भी मिलेगी। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन एवम् मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने इस एमओयू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य छोटे बच्चों में श्रवण संबंधी समस्याओं की शुरूआती अवस्था में पहचान करना और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। आधुनिक जांच सुविधाओं और विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से श्रवण बाधिता से प्रभावित बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। यह पहल बच्चों के समुचित शारीरिक, मानसिक एवम् भाषायी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। समय रहते श्रवण समस्या की पहचान और उपचार से बच्चों को शिक्षा, संवाद और सामाजिक जीवन में बेहतर अवसर मिल सकेंगे। टीएमयू और स्वास्थ्य विभाग का यह संयुक्त प्रयास बाल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ ही श्रवण बाधिता से प्रभावित बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है।

किसान को मिला सड़ा हुआ गेहूं का बीज

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। बहुउद्देशीय किसान कल्याण केंद्र सेवापुरी से किसान को सड़ा हुआ गेहूं का बीज मिलने का मामला सामने आया है। बीज की गुणवत्ता खराब होने से किसान में आक्रोश व्याप्त है। किसान ने कृषि विभाग के उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, विकासखंड के करधना ग्राम पंचायत निवासी किसान प्रेम नारायण पटेल ने बहुउद्देशीय किसान कल्याण केंद्र सेवापुरी से गेहूं के दो बोरे बीज खरीदे थे। किसान के मुताबिक, दो दिन पूर्व खरीदे गए बीज को जब वह बुवाई के लिए खोलने लगे तो उसमें बीज सड़ा हुआ मिला। इससे उन्हें काफी



परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस संबंध में सहायक कृषि अधिकारी सेवापुरी अमित कुमार सिंह ने बताया कि संभव है कि बोरी में पानी चला गया हो, जिससे बीज खराब हो गया हो। किसान बोरी लेकर आते हैं तो उसे बदलकर दूसरा बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा।

वहीं, खंड विकास अधिकारी गौरव सिंह ने कहा कि केंद्र पर सरकार द्वारा प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जाता है। संभव है कि बीज पानी के संपर्क में आने से खराब हुआ हो। उधर, किसान प्रेम नारायण पटेल का कहना है कि उन्होंने महज दो दिन पहले ही केंद्र से बीज खरीदा था।

उन्नतिशील तकनीकी से जुड़ महिलाएं कृषि के क्षेत्र में एक मजबूत कड़ी होंगी।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। मुर्दहा जन विकास समिति में महिला किसान सम्मेलन सह सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का कृषि कार्यों में भागीदारी नई तकनीकी और कृषि प्रणाली पर आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने कहा उन्नतिशील तकनीकी से जुड़ महिलाएं कृषि के क्षेत्र में एक मजबूत कड़ी होंगी। कृषि प्रधान देश होने और प्रधानमंत्री के महिला कृषक प्रधान होने के बारे में जानकारी दी। संस्था द्वारा हरहुआ ब्लॉक की तीन महिला किसानों को उत्कृष्ट महिला किसान सम्मान प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो वंदना सिन्हा विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग, प्रो भावना वर्मा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ0 पूजा सिंह कृषि विज्ञान भवन वाराणसी उपस्थित रही।कार्यक्रम में किसान उत्पादक संगठन और स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों का इंस्टॉल भी लगाया गया जिसके ग्रामीण उत्पादों को नई दिशा मिले। संस्था के निदेशक चंद्रन रेमंड्स के दिशा निर्देश में कार्यक्रम को रंजीत सिंह, अभिषेक मिश्रा, जडॉवती देवी, अतुल यादव , सुभावती देवी और अंजू सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान किया।

इंस्पेक्टर क्षितिज की नेतृत्व कुशलता से पुलिस पर बढ़ा बर्रा क्षेत्र की जनता का विश्वास, दो शातिर गिरफ्तार

समाज जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले बर्रा पुलिस ने चोरों के एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए इन शातिर चोरों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे भी दर्ज हैं। उनके पास से चोरी का मोबाइल, टैबलेट ,कुकर और कढ़ाई आदि भी बरामद की गई। इसी मामले में घर में चोरी का मुकदमा भी दर्ज कराया गया था ,जिसके बाद ही घटना का सफल अनावरण करते हुये गुजैनी थाना क्षेत्र के शेखर ठाकुर उर्फ वैभव सिंह और उसके साथी बर्रा विश्व बैंक के निवासी प्रदीप कश्यप को माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली गई।



अवगत कराते चलें कि इन शातिर चोरों को माल के साथ जिस थाना क्षेत्र बर्रा में गिरफ्तार करने जैसी महत्वपूर्ण सफलता मिली। आजकल उसकी कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर क्षितिज कुमार सिंह के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके इंस्पेक्टर क्षितिज कुमार सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ विभाग में सराहनीय सेवाओं के खट्टे मीठे अनुभवों से लवरेज अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निदेर्शों का अक्षरशः पालन करने में भी अग्रणी निडर इंस्पेक्टर क्षितिज कुमार सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के इंस्पेक्टर क्षितिज कुमार सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

घटना के सटीक अनावरण से सक्रियता, सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से आम जनता में पुलिस की सकारात्मक, जिम्मेदार एवं जनहितैषी छवि परिलक्षित कराने के साथ ही आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास, सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत करने वाले तथा कानून व्यवस्था और शांति के पक्ष में कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा वाली अपनी परिश्रम पूर्ण नेतृत्व कुशलता के फलस्वरूप बिगड़ैल निवासियों के माने जाने वाले पश्चिमी यूपी के अनेक थानों में भी रिकॉर्ड तोड़ और सराहनीय कार्यकाल के साथ सफलता पूर्वक कमान संभाल चुके नेतृत्व और व्यवहार कुशलता के धनी इंस्पेक्टर क्षितिज कुमार सिंह की अगुवाई में इन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने वाली इस तेजतर्रार कठोर परिश्रमी टीम में बर्रा के चौकी प्रभारी गगन मिश्रा,सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह, रिक्रूट कांस्टेबल संजीव कुमार,दीपेंद्र सिंह और अमन सागर भी शामिल रहे।

प्रेरणा वृद्धाश्रम ने 187 बुजुर्गों को परिवार से मिलाकर घर भेजा

समाज जागरण अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, 26 नवम्बर : प्रेरणा वृद्धाश्रम में घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय ही नहीं दिया जाता है बल्कि वृद्धाश्रम में आए बुजुर्गों को दोबारा उनके परिवारों से भी मिलाया जाता है। इसी क्रम में प्रेरणा वृद्धाश्रम में आए 187 बुजुर्गों को समझौता करवा वापस उनके घरों में भेज चुके हैं। उल्लेखनीय है कि प्रेरणा वृद्धाश्रम एक ऐसा अनोखा वृद्धाश्रम है जहां बुजुर्गों को न केवल निशुल्क आश्रय प्रदान किया जाता है अपितु उनकी समस्याओं को जान उनके परिवार - जनों से सम्पर्क कर दोनों पक्षों को समझा बुझा कर बुजुर्गों को वापस उनके घरों में भेजने का काम भी करता है।

प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संचालक डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल प्रेरणा वृद्धाश्रम का निर्माण कर यहां बुजुर्गों को रखना ही नहीं था अपितु हमारी आरंभ से ही यह सोच थी कि यहां केवल उन बुजुर्गों को रखा जाएगा जिनका इस संसार में कोई नहीं है, जो निराश्रित हैं। लेकिन जो किसी कारण से घर वालों से झगड़ कर किसी बात पर नाराज होकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए घर से निकलते हैं उनको यहां पर रखकर समझा बुझाकर और उनके परिवार वालों से संपर्क करके, दोनों का समझौता करवा कर उनको वापस उनके घरों में भेजेंगे।

डा. सिंगला ने बताया कि इस दिशा में अब तक 187 बुजुर्गों को वापस उनके घरों में भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में वृद्धाश्रम से एक बुजुर्ग दंपत्ति जिनका नाम प्रेम कुमार एवं बाला रानी है, उनके परिवार जनों से उनका समझौता करवा कर उनको सम्मान पूर्वक उनके घर में भेजने का काम किया है।

डा. सिंगला ने बताया कि गत वर्ष एक ऐसे बुजुर्ग को घर भेजा था जो अपनी धर्मपत्नी से झगड़ा कर कर गत तीन वर्षों से यहां पर रह रहे थे। उनकी धर्मपत्नी से संपर्क कर उनको यहां बुलाया गया और फिर दोनों को एक दूसरे से जयमाला डलवा कर तथा ढोल की थाप पर डोली में बिठा कर वापस भेजा गया।

प्रेरणा संस्था के अध्यक्ष जसवीर गुंबर ने कहा कि बुजुर्गों के यहां से जाने के बाद हम उनसे लगातार संपर्क में रहते हैं और उनके दुख सुख में सहाई रहते हैं। प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों ने बताया कि हालांकि जब कोई यहां से जाता है तो हमें ऐसा लगता है जैसे हमारे परिवार का कोई सदस्य हमें छोड़कर जा रहा है। लेकिन मन प्रसन्न भी होता है और दिल से दुआएं भी निकलती हैं तथा हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि वह अपने घर में सदा सुखी रहे। प्रेम कुमार और बाला रानी के घर वापसी के समय प्रेरणा के महासचिव हरकेश पपोसा, कोषाध्यक्ष आशा सिंगला, उपाध्यक्ष किरण गर्ग, अध्यक्ष जसबीर गुंबर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेखा और वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग उस समय मौजूद रहे।

वापिस जाने वाले बुजुर्ग प्रेम कुमार -बाला रानी ने कहा कि हमें प्रेरणा वृद्धाश्रम में अति सौहार्दपूर्ण वातावरण मिला और यहां की मैनेजिंग कमेटी के सभी सदस्य, यहां काम करने वाले सभी स्टाफ सदस्य और बुजुर्ग सभी हमारे से ऐसे व्यवहार करते रहे जैसे हम उनके परिवार के सदस्यों हों और बहुत लंबे समय से उनके साथ रह रहे हों। जहां हमें यहां से जाने की खुशी है वहीं जाने का दुख भी है कि यहां का वातावरण इतना सुंदर था शायद ऐसा वातावरण हमारे घर में भी संभव नहीं होगा।

संविधान है राष्ट्र की प्राणवायुः सुरेंद्र कुमार मौर्य

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। सहकारिता विभाग कार्यालय विकास भवन में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर सहायक आयुक्त सहकारिता सुरेंद्र कुमार



मौर्य की अगुवाई मे कार्यालय के सभी अधिकारियो और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढीइस अवसर पर सहायक आयुक्त ने कहा कि संविधान इस राष्ट्र की प्राणवायु है. संविधान के बगैर कोई देश निष्प्राण देह की भाँति होता है उन्होंने कहा कि आज के दिन 26 नवंबर को ही संविधान सभा ने विश्व के सबसे बड़े संविधान को स्वीकृत किया थोसंविधान देश की आत्मा है और देश का गरूर है

प्रस्तावना पढ़ने वालों मे एडीसीओ अवधेश सिंह, एडीसीओ लालजी, एडीसीओ माधवराम, अपर सांख्यिकी अधिकारी शैलेश श्रीवास्तव, सीओ प्रदीप कुमार मौर्य, बृजेश पटेल, कन्हैया लाल मौर्य, इत्यादि मुख्य रहे।

डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार पति पत्नी घायल

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के वाराणसी-भदोही मार्ग पर जलालपुर पेट्रोल पंप के सामने बुधवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



मिली जानकारी के अनुसार, कार संख्या MH 05 AS 7361 में सवार प्रेमनारायण सिंह निवासी गोतवा, थाना कछवां, जनपद मिजार्पुर अपनी पत्नी निर्मला सिंह के साथ एक बारात में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। बुधवार की देर रात जब उनकी कार वाराणसी-भदोही मार्ग पर जलालपुर पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, तभी अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार दोनों पति-पत्नी घायल हो गए।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद कुछ देर तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुटी रही।

शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। समाजसेवी व विनोद सिंहा सेवा ट्रस्ट की संरक्षिका सरोज सिंह को के निधन पर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। नवलपुर बसही में आयोजित एक शोक सभा में लोगों ने उन्हें समाज का सच्चा हितैषी व प्रहरी बताया। सरोज सिंह शिक्षा विभाग के कर्मचारी नेता रहे विनोद सिंह की पत्नी थी। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में रितेश सिंहा, अनुज सिंहा नीतिश सिंहा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष प्रणय कुमार सिंह, आनंद सिंह,डॉ अरुण सिंह, अजय,विनय श,कमलेश त्रिपाठी, दीपक सिंह, सुबोध कुमार श्रीवास्तव, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह,महर्षि सिंह, राज नारायण, रघुवंश राय आदि रहे।

समूहों के खाता खोलने के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के खाता खोलने हेतु उपायुक्त स्वतः रोजगार पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया

कार्यशाला में अग्रणी जिला प्रबंधक अविनाश अग्रवाल यूनियन बैंक आफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर शैलेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश ग्रामीण



बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर द्वारा प्रतिभाग किया गया ' बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार ने बैंकवार शाखावार समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित पत्रावलियों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।जनपद वाराणसी द्वारा बैंक क्रेडिट लिंकेज में वार्षिक लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है।बैंक क्रेडिट लिंकेज की पत्रावलियां जो अभी भी बैंक शाखों में लंबित हैं उसके निस्तारण हेतु भी संबंधित बैंकों को निर्देशित किया गया ' अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी बैंकों को समूह का खाता खोलने के लिए मात्र तीन पदाधिकारी को बैंक बुलाने तथा उनका सीआईएफ बनाने हेतु निर्देशित किया गया है ' बैठक में वित्तीय समावेशन के अन्य बिंदुओं बीमा एपिवाई तथा महिलाओं के उद्यमिता को बढ़ाने के लिए अन्य योजनाओं पर भी चर्चा किया गया '

उक्त बैठक में जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार द्वारा मिशन के अन्य बिंदुओं संकुल समितियों हेतु इंटरनेट बैंकिंग- व्यू ऑप्शन, फॉर्म 60 / पैन, खाता खोलने वाले प्रारूप आदि पर विस्तार से चर्चा की गई ' बैठक में सभी विकासखंड के ब्लॉक मिशन प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

सीएम योगी शुक्रवार को 1,594 नवचयनित अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

समाज जागरण

लखनऊ, 26 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार (27 नवंबर) को लखनऊ में 1,594 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसमें 201 लेखा परीक्षक (ऑडिटर) और 1,393 सहायक लेखाकार (असिस्टेंट अकाउंटेंट) के पद शामिल हैं। यह कार्यक्रम गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इन सभी अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती उत्तर प्रदेश वित्त विभाग के आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अंतर्गत की जाएगी।

हमेशा से संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस संविधान बचाने का कर रही ढोंग : आशुतोष अग्रवाल

समाज जागरण

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में संविधान गौरव दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी पर संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री दीपक छतवानी, राधेलाल कोल, उपाध्यक्ष सुमित गौतम और विष्णु भारती की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि सौ से अधिक बार संविधान संशोधन करने वाली कांग्रेस पार्टी और उनके नेता संविधान बचाने की



बात कर रही है। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लिए संविधान एक किताब है जबकि भारतीय जनता पार्टी के लिए संविधान एक पुराण के रूप में है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी नतमस्तक है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कांग्रेस को आडे हाथों हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने कई बार संविधान की हत्या की है। आपातकाल लगाकर देश को बंधक बनाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भारत रत्न दिया और उनके कृतित्व क्षेत्र को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान को जन-जन तक पहुंचाने और उसके सम्मान एवं गौरव को नई पहचान देने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है।

संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक समरसता, समानता और नागरिकों के अधिकारों का आधार स्तंभ है। पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि संविधान गौरव दिवस हमें बाबा साहब के योगदान को स्मरण करने के साथ-साथ संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में संविधान की भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान का कभी सम्मान नहीं किया, हमेशा अपमान ही करती रही है। जबकि हमारे संविधान ने भारत के प्रत्येक नागरिक को बराबरी का अधिकार दिया। दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए कई प्रावधान किए हैं। विचार गोष्ठी को महामंत्री दीपक छतवानी और विष्णु भारती ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, शैलेंद्र सिंह, विनय मिश्राज प्रेमलता बर्मन, महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी, चंदिया मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, सोनम सोनी सुनील खटीक, दीपक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर के निदेर्शानुसार मानपुर में 1.05180 हेक्टेयर शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

केन्द्रीय विद्यालय से लगी बहुमूल्य भूमि के संरक्षण के लिए राजस्व, पुलिस एवं स्थानीय अमले की संयुक्त कार्यवाही

समाज जागरण

अनूपपुर 26 नवम्बर 2026/ कलेक्टर श्री रत्नाकर झा के निदेर्शानुसार जिले में शासकीय भूमि के संरक्षण एवं अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम मानपुर में केन्द्रीय विद्यालय से लगी बहुमूल्य शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। खसरा नंबर 56/1 एवं 56/2 के अंश भाग की कुल 1.05180 हेक्टेयर भूमि पर हरिनारायण खेड़िया पिता पुरुषोत्तम दास खेड़िया, निवासी अनूपपुर द्वारा किए गए अतिक्रमण को राजस्व, पुलिस एवं स्थानीय



अमले की संयुक्त कार्रवाई में हटाया गया है। उक्त भूमि के संबंध में हल्का पटवारी द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त फुंगा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय द्वारा 22 जून 2026 को पारित आदेश के परिपालन में तहसील अनूपपुर के राजस्व, पुलिस एवं स्थानीय अमले द्वारा कार्रवाई संपन्न की गई। कार्रवाई के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालय से लगी बहुमूल्य शासकीय भूमि का संरक्षण सुनिश्चित किया गया।

एसईसीएल के स्थापना दिवस पर जोहिला क्षेत्र का जलवा, 9 पुरस्कारों से बढ़ाया उमरिया का गौरव

42वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों और खदानों को मिला सम्मान; उत्कृष्ट कार्य, नवाचार, खेल प्रतिभा और स्वच्छता में दर्ज कराई उपलब्धि

समाज जागरण
विजय तिवारी उमरिया

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के 42वें स्थापना दिवस समारोह में जोहिला क्षेत्र ने अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता, समर्पण और उपलब्धियों का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नई पहचान बनाई है। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में जोहिला क्षेत्र को विभिन्न श्रेणियों में कुल 9 पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए। इस उपलब्धि से न केवल जोहिला क्षेत्र बल्कि पूरे उमरिया जिले का गौरव बढ़ा है। स्थापना दिवस समारोह में जोहिला क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, कार्यकुशलता, नवाचार, खेल प्रतिभा और संगठन के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में मिले इन सम्मानों ने क्षेत्र की कार्य संस्कृति और सामूहिक प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

इन अधिकारियों-कर्मचारियों ने हासिल किए सम्मान

पुरस्कार प्राप्त करने वालों में नौरोजाबाद वेस्ट भूमिगत खदान के शनिराम सिंह को सर्वश्रेष्ठ एसडीएल ऑपरेटर (भूमिगत-विभागीय) श्रेणी में तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं कंचन ओपन कास्ट के रितेश नायक को सर्वश्रेष्ठ ओसी ठेका श्रमिक श्रेणी में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सहायक प्रबंधक (खनन) गुंडू अरविंद को यंग अचीवर सम्मान तथा लाइनमैन श्रीमती संध्या पाठक को नारी शक्ति सम्मान प्रदान किया गया। नवाचार एवं रचनात्मकता की व्यक्तिगत श्रेणी में सहायक फोरमैन (यांत्रिकी) बृजेश तिवारी ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और सीआईएल का प्रतिनिधित्व करने पर फोरमैन इंचार्ज (यांत्रिकी) संतोष कोरी को खेल रत्न (व्यक्तिगत श्रेणी) से सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य प्रबंधक (खनन) संजय चिंचालकर को स्टाफ फंक्शनिंग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष (बेस्ट एचओडी) का सम्मान प्राप्त हुआ।

भूमिगत खदान और स्वच्छता अभियान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन

व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ संस्थागत श्रेणी में भी जोहिला क्षेत्र ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। भूमिगत खदान श्रेणी में विंध्य भूमिगत खदान को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल की सफाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जोहिला क्षेत्र को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया।

सामूहिक मेहनत का मिला सम्मान

स्थापना दिवस समारोह में मिली इन उपलब्धियों से जोहिला क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

यह सम्मान किसी एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की टीम भावना, अनुशासन, समर्पण और सामूहिक कार्यसंस्कृति का परिणाम माना जा रहा है। इन पुरस्कारों ने जोहिला क्षेत्र के लिए उपलब्धियों का नया अध्याय जोड़ दिया है। साथ ही भविष्य में कोयला उत्पादन, सुरक्षा मानकों, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी दी है।

जनस्वराज रैली के लिए नजीबाबाद से 10 बसों का काफिला लखनऊ रवाना, खुर्शीद मंसूरी ने किया नेतृत्व

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की ओर से लखनऊ में आयोजित होने वाली जनस्वराज रैली में प्रतिभाग करने के लिए नजीबाबाद विधानसभा से 10 बसों का विशाल काफिला साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व में लखनऊ के लिए रवाना हुआ।

काफिले में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, सुखबीर प्रधान, वीरेंद्र सिंह, अब्दुल्ला गुलजार, अयाज अंसारी,विष्णु गौतम सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काफिले को रवाना करते हुए खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि जनस्वराज रैली



बहुजन समाज के अधिकारों, सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज को बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में आयोजित इस रैली को सफल बनाने के लिए नजीबाबाद विधानसभा से कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ लखनऊ पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा से 10 बसों का काफिला रवाना होना कार्यकताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती को दशार्ता है। *लखनऊ में जनस्वराज की गूंज, नजीबाबाद ने भरी हुंकार।*

स्मार्ट वैल्यू लिमिटेड ने लगाया निःशुल्क भंडारा, हजारों लोगों ने ग्रहण किया भोजन प्रसाद

-व्यापार संघ अध्यक्ष देवेंद्र चौहान अतिथि के रूप में रहे मौजूद, कंपनी की टीम ने संभाली आयोजन की जिम्मेदारी

समाज जागरण

मोदीपुरम। स्मार्ट वैल्यू लिमिटेड की ओर से गुरुवार को रुड़की रोड स्थित इंद्रलोक कॉलोनी के निकट मंदिर ब्लॉक कॉम्प्लेक्स में निःशुल्क भोजन वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हजारों लोगों ने पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में पल्लवपुरमझ रुड़की रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र चौहान अपने पदाधिकारियों संरक्षक पूरण चंद सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी, उपाध्यक्ष धीरज चावला, उपाध्यक्ष रवि खुराना, उपाध्यक्ष जफर सैफी के साथ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों और



आमजन के लिए इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। स्मार्ट वैल्यू लिमिटेड की ओर से कंपनी के डीजीएम हिमांशु टिक्कू, प्रमोद गहलोत और अब्दुल वाहिद ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। शिविर के सफल आयोजन में कंपनी के टीम लीडर सूरज शर्मा, पुष्पेंद्र पाली, रवि शर्मा, मनोज कुमार सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

शहडोल मदिरा वेयरहाउस में मजदूरों की कमी से ठेकेदार परेशान !

समय पर माल प्रदाय नहीं, ठेकेदारों को लगाना पड़ रहा अपना मजदूर; आर्थिक नुकसान की भरपाई कौन करेगा? आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

समाज जागरण

शहडोल। जिले के विदेशी मदिरा वेयरहाउस में मजदूरों की कथित कमी के चलते मदिरा ठेकेदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि वेयरहाउस से समय पर माल प्रदाय नहीं होने के कारण ठेकेदारों को स्वयं मजदूरों की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब वेयरहाउस में माल उठाने और प्रदाय की व्यवस्था विभागीय जिम्मेदारी के दायरे में है, तो मजदूरों की कमी से होने वाले नुकसान की भरपाई आखिर कौन करेगा?

मजदूरों की कमी, ठेकेदारों पर अतिरिक्त बोझ

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शहडोल विदेशी मदिरा भंडार से संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में मदिरा का प्रदाय करने वाले ठेकेदारों को समय पर माल नहीं मिल पा रहा है। वेयरहाउस में पर्याप्त मजदूर उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आ रही है, जिसके कारण माल उठाने और लोडिंग की प्रक्रिया प्रभावित होने का आरोप है। बताया जा रहा है कि ठेकेदारों को निर्धारित समय पर माल प्राप्त करने के लिए अपने स्तर पर मजदूर बुलाने पड़ रहे हैं। इससे मजदूरी का अतिरिक्त खर्च, वाहनों के इंतजार और समय की बबार्दी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ठेकेदारों का सवाल है कि विभागीय व्यवस्था में कमी का खामियाजा निजी स्तर पर उन्हें क्यों भुगतना पड़ रहा है?

कमीशन की चर्चा, लेकिन व्यवस्था पर सवाल

सूत्रों के हवाले से वेयरहाउस की कार्यप्रणाली को लेकर कमीशन और आर्थिक लेनदेन संबंधी चचार्एं भी सामने आने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आया है। यदि ठेकेदारों से किसी प्रकार का निर्धारित शुल्क या अन्य भुगतान लिया जाता है, तो उसके बदले समय पर माल प्रदाय और उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है। ऐसे में विभागीय जिम्मेदारियों, भुगतान की प्रकृति और वेयरहाउस में मजदूरों की उपलब्धता की जांच किए जाने की आवश्यकता है।

आबकारी विभाग और उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी कौन तय करेगा ?

मामले में आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था और संबंधित आबकारी उपनिरीक्षक की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। यदि वेयरहाउस में मजदूरों की कमी लंबे समय से बनी हुई है, तो अब तक इसका समाधान क्यों नहीं किया गया? क्या विभाग को ठेकेदारों की परेशानियों की जानकारी है? यदि जानकारी है, तो समय पर प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए? ठेकेदारों का कहना है कि माल लेने के लिए उन्हें अपने स्तर पर मजदूरों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। ऐसे में अतिरिक्त खर्च की जिम्मेदारी किसकी होगी, यह स्पष्ट होना चाहिए।

ठेकेदारों की परेशानी, विभाग से जवाब की मांग

शहडोल संभाग के मदिरा ठेकेदारों के सामने समय पर माल उठाने और दुकानों तक प्रदाय सुनिश्चित करने की चुनौती बनी हुई है। वेयरहाउस में मजदूरों की कमी के कारण यदि माल प्रदाय में देरी होती है,

तो इसका असर पूरी वितरण व्यवस्था पर पड़ सकता है। अब सवाल यह है कि क्या आबकारी विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेकर मजदूरों की पर्याप्त व्यवस्था करेगा? क्या संबंधित अधिकारी ठेकेदारों की शिकायतों की जांच करेंगे? और यदि विभागीय व्यवस्था में कमी के कारण ठेकेदारों को आर्थिक नुकसान हुआ है, तो उसकी भरपाई के लिए क्या कोई जवाबदेही तय की जाएगी?

गन्ने की फसल में आग से किसान की मेहनत राख, तीन बीघा ईख जलकर नष्ट

-पंजीठ गांव के जंगल में खड़ी गन्ने की फसल में लगी आग, पीड़ित किसान ने अज्ञात व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाया

समाज जागरण

कैराना। खेत में महीनों की मेहनत से तैयार की गई गन्ने की फसल आग की भेंट चढ़ गई। पंजीठ गांव के जंगल में खड़ी करीब तीन बीघा ईख की फसल जलकर नष्ट होने से किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर फसल में आग लगाने का आरोप लगाते हुए करीब दो लाख रुपये की आर्थिक क्षति का दावा किया है। किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराने और उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।कैराना क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी निवासी महीपाल पुत्र बुद्धसिंह की ग्राम पंजीठ के जंगल में खसरा संख्या 413 में कृषि भूमि है। उक्त भूमि पर उसने गन्ने की फसल उगा रखी थी। पीड़ित के अनुसार, गुरुवार 26 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके खेत में खड़ी ईख की फसल में आग लगा दी। आग की चपेट में आने से करीब तीन बीघा गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई।



किसान का दावा है कि अग्निकांड में उसे लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। थोड़ी सी जमीन के सहारे परिवार का पालन-पोषण पीड़ित महीपाल ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि वह गरीब मजदूर है। उसके पास थोड़ी सी कृषि भूमि है, जिस पर खेती करके वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता है।किसान के अनुसार, खेत में तैयार खड़ी गन्ने की फसल उसके परिवार की आजीविका का महत्वपूर्ण सहारा थी। फसल जलने से उसे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। डीएम से जांच और मुआवजे की लगाई गुहार पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी शामली को संबोधित शिकायती पत्र में फसल में आग लगने की घटना की जांच कराने की मांग की है।

उसका कहना है कि नुकसान का आकलन कराकर उसे उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि परिवार के भरण-पोषण में कुछ आर्थिक राहत मिल सके। किसान ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों और नुकसान की राशि की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

डोंगरे की कथित कृपा से सौंता में फल-फूल रहा रेत का अवैध कारोबार!

दिन में ट्रैक्टरों से रेत की डंपिंग, रात के अंधेरे में हाईवा से रीवा तक सप्लाई का आरोप; आखिर किसके संरक्षण में चल रहा पूरा खेल, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

समाज जागरण

सौंता/शहडोल। जिले के सौंता क्षेत्र में रेत के कारोबार को लेकर एक बार फिर चचार्एं तेज हो गई हैं। स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के मुताबिक, क्षेत्र में कथित रूप से रेत का अवैध कारोबार बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है। दिन के उजाले में ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत एकत्रित कर अलग-अलग स्थानों पर डंपिंग किए जाने और फिर रात के अंधेरे में हाईवा के जरिए रीवा तक रेत पहुंचाए जाने की बात सामने आ रही है। इस पूरे कारोबार को लेकर डोंगरे की कथित कृपा और संरक्षण की चचार्एं भी क्षेत्र में हो रही हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। बताया जा रहा है कि कारोबार का तरीका कुछ इस तरह है कि दिन के समय ट्रैक्टरों के जरिए रेत का परिवहन कर उसे निर्धारित ठिकानों पर जमा किया जाता है। इसके बाद रात होते ही बड़े वाहनों यानी हाईवा के माध्यम से रेत को दूसरे जिलों की ओर रवाना किए जाने का आरोप है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह केवल अवैध खनन या परिवहन का मामला नहीं, बल्कि खनिज विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

दिन में डंपिंग, रात में परिवहन का कथित नेटवर्क

क्षेत्र में चर्चा है कि दिन के समय ट्रैक्टरों की आवाजाही सामान्य गतिविधि की तरह दिखाई देती है, लेकिन रात के अंधेरे में बड़े वाहनों से रेत की खेप बाहर भेजने का कथित खेल चलता है। सवाल यह है कि यदि इतने बड़े पैमाने पर रेत का परिवहन हो रहा है तो संबंधित विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लग रही? क्या विभागीय अमले को क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी नहीं है या फिर निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है?

डोंगरे की कथित भूमिका पर उठ रहे सवाल

इस पूरे मामले में डोंगरे का नाम सामने आने के बाद चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय स्तर पर उनकी कथित भूमिका और कृपा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि किसी व्यक्ति की संलिप्तता या संरक्षण की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकती है, लेकिन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच जरूरी है। यदि कारोबार नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा है तो इसमें शामिल लोगों के साथ-साथ कथित संरक्षण देने वालों की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए।

खनिज विभाग की कार्रवाई पर टिकी निगाहें

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि सौंता क्षेत्र में कथित रूप से चल रहे इस रेत कारोबार पर खनिज विभाग कब कार्रवाई करेगा? क्या विभाग ट्रैक्टरों से हो रही डंपिंग और रात में निकलने वाले हाईवा की जांच करेगा? क्या परिवहन किए जा रहे रेत की रॉयल्टी, वैध अनुमति और दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा? क्षेत्रवासियों की मांग है कि प्रशासन और खनिज विभाग संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाएं, संदिग्ध डंपिंग स्थलों का निरीक्षण करें तथा रात के समय हाईवा की आवाजाही पर निगरानी रखें। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस कथित रेत कारोबार की परतें खोलते हैं या फिर सौंता में दिन की डंपिंग और रात की सप्लाई का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना । परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पीडीएम डिग्री कॉलेज पुरैनी के मैदान में किया गया जिसमें 17 न्याय पंचायत के बच्चों ने बढ़ चढ़कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काट कर किया। क्रीडा प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि विकास राजपूत व खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमारवने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कोतवाली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेताओं को मुख्य अतिथि विकास राजपूत ने प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर बोलते हुए विकास राजपूत ने कहा कि खेल से शरीर ही नही मन और मस्तिष्क का भी विकास होता है। स्वस्थ मनुष्य ही समाज के विकास में योगदान दे सकता है। इसलिए ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पीडीएम डिग्री कॉलेज पुरैनी के खेल मैदान में किया गया जिसमें बीईओ विकास कुमार व मुख्य अतिथि विकास राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 17 न्याय पंचायतों के खेल प्रतियोगी बच्चों ने व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर व अनुदेशकों के नेतृत्व में बच्चों ने मार्च पास्ट के बाद में विभिन्न प्रतियोगिताओं दौड़, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो आदि में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोतवाली ब्लॉक की खेलकूद प्रतियोगिता में विकास खंड कोतवाली की 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के बाल एथलीटों ने प्रतिभाग किया। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ऋतिक, 200 मीटर दौड़ में कार्तिक, 400 मीटर दौड़ में अश्विनी ने प्रथम स्थान व जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में निक्की, 200 मीटर दौड़ में निक्की 400 मीटर दौड़ में जिया व सुधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में आशी, 100 मीटर दौड़ में दीक्षिका, 200 मीटर दौड़ में इकरा 400 मीटर दौड़ में निर्जला, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शौर्य 100 मीटर दौड़ में देव, 200 मीटर दौड़ में युवराज व 400 मीटर दौड़ में शौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं लंबी कूद बालिका प्राइमरी में निर्जला,बालक लंबी कूद में देव ने बालिका प्राइमरी बालिका खो खो में प्राथमिक विद्यालय सराय डुडुम्बर की टीम ने व बालिका खो खो में मनव्वरपुर सैद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

बीईओ विकास कुमार की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पीडीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आरपी शर्मा प्रबंधक आर एन सिंह, पंकज सिंह,भूपेंद्र सिंह, विनोद चौहान एडवोकेट, डॉ विनोद शर्मा, व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर, जिलाध्यक्ष अटेवा उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, हिमांशु राजपूत,अमजद अली, ओमकार सिंह, वारिस सलीम, राशि शर्मा, कामिनी दिवाकर, रश्मि शर्मा , मधुरिका गुप्ता,भूपेंद्र सिंह, मीनाक्षी चौधरी, ओमकार सिंह, सचिन कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

नशा तस्करों, गैंगस्टरों और अपराधियों पर कसें शिकंजा : आईजी हामिद अख्तर

समाज जागरण

भिवानी। रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हामिद अख्तर ने बुधवार को पुलिस लाइन भिवानी में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने नशा तस्करी, अवैध हथियार, संगठित अपराध, जुआ-सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा सहित जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी और क्राइम यूनिट प्रभारी मौजूद रहे। आईजी ने कहा कि नशा तस्करों, गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बुलेट मोटरसाइकिलों में पटाखे वाले साइलेंसर, वाहनों पर ब्लैक फिल्म और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नशा, साइबर अपराध और महिला अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। बैठक के बाद आईजी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त माल और पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ईमानदारी से ड्यूटी करने और आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

संविधान दिवस के अवसर पर सोनभद्र पुलिस द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन।

समाज जागरण

सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद सोनभद्र में पुलिस विभाग द्वारा गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित मुख्य समारोह में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं सम्मान बनाए रखने, संवैधानिक मूल्यों, मूलभूत अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करने तथा देश की एकता एवं अखंडता अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी



यातायात/सदर सुधीर सिंह, क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश राय, क्षेत्राधिकारी लाइन भुवनेश्वर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक मो० नदीम सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं पुलिस लाइन के कर्मचारीगण उपस्थित रहे इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों एवं चौकियों पर भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों एवं चौकियों पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में संविधान के प्रति निष्ठा, संवैधानिक मूल्यों के सम्मान तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज-3 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनपद में मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज-3 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के चयनित 200 विद्यालयों में आपदा प्रबंधन एवं विद्यालय सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के माध्यम से 20 हजार से अधिक



छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्यों एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन, कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने निर्देशित किया कि चयनित विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले प्राथमिक एवं आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के साथ ही उन्हें व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भूकंप, आगजनी सहित अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी, बचाव एवं राहत के तरीकों से भली-भांति अवगत कराया जाए। इसके लिए विद्यालयों में मॉक ड्रिल एवं व्यवहारिक अभ्यास आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यार्थी आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सहायता एवं बचाव कार्यों में भी प्रभावी भूमिका निभा सकें। अपर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित न रखते हुए व्यावहारिक अभ्यास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में जागरूकता, सतर्कता तथा आपदा से निपटने की क्षमता विकसित होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ, अग्नि शमन अधिकारी, आपदा सहायक सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर मेरा युवा भारत सोनभद्र द्वारा विकसित भारत युवा संवाद का आयोजन

युवाओं को संविधान के इतिहास, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं नशामुक्ति के प्रति किया गया जागरूक

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, सोनभद्र द्वारा विकसित भारत युवा संवाद (संविधान दिवस विशेष संस्करण) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में यूथ आइकन अनमोल सोनी, प्रधानाचार्य डॉ. वंदना सिंह, प्रवक्ता रेखा कुमारी, यूपी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृष्ण कुमार भारती एवं शिवम पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं यूथ आइकन अनमोल सोनी ने पीपीटी (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से भारतीय संविधान के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर



विस्तारपूर्वक अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने युवाओं को संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा, संविधान सभा की भूमिका, संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के आदर्शों तथा भारतीय लोकतंत्र की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन संचालन का कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक चेतना, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और नागरिकों की गरिमा का आधार है। संविधान हमें अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी बोध कराता है। प्रत्येक युवा को अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी रखने के साथ-साथ संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्तव्यों का पालन भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करना चाहिए। अनमोल सोनी ने युवाओं को विशेष रूप से अनुच्छेद 51अ के अंतर्गत वर्णित मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब देश का युवा जागरूक, जिम्मेदार, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बने। इस अवसर पर उन्होंने नशामुक्ति के विषय पर भी युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए करना चाहिए। उन्होंने सभी युवाओं से नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रधानाचार्य डॉ. वंदना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शिवम पांडेय द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं युवाओं को भारतीय संविधान की मूल प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। सभी ने संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही नशामुक्त समाज एवं नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत, सोनभद्र के वॉलंटियर्स खुशबू रुद्र एवं कार्यालय सहायक राकेश की भी सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को यह संदेश दिया गया कि संविधान का सम्मान केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार एवं कार्यों में भी दिखाई देना चाहिए। संविधान के आदर्शों को आत्मसात करते हुए अपने मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करना, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाना तथा नशामुक्त एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना ही एक जिम्मेदार युवा की पहचान है।

सामाजिक समरसता एवं विकास संविधान का मूल उद्देश्य : डॉ0 विनोद पाण्डेय

समाज जागरण/ अकबर अली

शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्ति नगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वाधान में दिनांक 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं, अध्यापकों ने संविधान का शपथ लिया। इस आयोजन में भारत के संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया ' इसके साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्य परायणता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और समानता का संकल्प दोहराया गया ' समारोह की अध्यक्षता करते हुए समाजशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि संविधान निर्माण में भारतरत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता ' उन्होंने आहवाहन किया कि जब तक सूरज चांद रहेगा भारत का संविधान और बाबा साहब का नाम



रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 रजनीकांत ने कहा कि सामाजिक समरसता की भावना का विकास हमारे संविधान का मूल लक्ष्य है, जिससे भारतीय समाज में एकता और अखंडता संरक्षित है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 प्रभाकर लाल ने कहा कि हमारा संविधान लोकतंत्र के विकास के लिए अपनी अहम भूमिका का निर्वाह कर रहा है आगे भी हमारे लोकतांत्रिक संकल्पना को सरकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 छोटे लाल प्रसाद तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 आनंद प्रिया सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के पश्चात हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खुशबू, ममता, प्रभा, नीरज, समीर, अंजना पूर्ति, पूनम, रोशनी, धन्नू आदि का विशेष योगदान रहा।

अपहरण के दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष का कठोर कारावास

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। करीब 6 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू , सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक हाथीनाला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 13 नवंबर 2020 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को 10 नवंबर 2020 को रात्रि करीब 10 बजे अजीत कुमार पुत्र अम्बिका



प्रसाद निवासी ग्राम बेलहत्थी टोला रानीताली, थाना हाथीनाला, जिला सोनभद्र बहला फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया है। उसकी बेटी से कभी कभार चोरी छुपे मोबाईल पर वह बातचीत करता था। बेटी को काफी खोजा गया लेकिन उसका पता नहीं चला। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर हाथीनाला पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश तिवारी ने बहस की।

भीषण सड़क हादसा: राखड़ लदा हाईवा डिवाइडर तोड़कर ट्रक और बाइक से टकराया, आग लगने से दो की मौत

समाज जागरण

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज-सुकृत मार्ग पर लोहरा स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। खड़िया शक्तिनगर से राखड़ लादकर बस्ती जा रहा हाईवा टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गया। इस दौरान सुकृत की तरफ से आ रहे एक ट्रक और बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में आग लग गई। हादसे में हाईवा चालक और बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 26 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 2:20 बजे की है। हाईवा संख्या BR 24 GC 7544



खड़िया शक्तिनगर से राखड़ लादकर बस्ती जा रहा था। लोहरा विद्युत उपकेंद्र के पास उसका टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी ओर चला गया। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात नंबर के ट्रक और एक बाइक से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद वाहनों में आग लग गई। हादसे में हाईवा चालक अभय पुत्र भिखू राम, निवासी लालपुर नौडीहा, जनपद मिजार्पुर, उम्र लगभग 35 वर्ष और बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दोनों शवों को जिला अस्पताल लोढ़ी स्थित मर्चरी में भेजा गया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी, रॉबर्ट्सगंज पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शी अमित कुमार सोनकर ने बताया कि हादसे के समय वह घटनास्थल पर मौजूद थे। उनके मुताबिक, एक तरफ से ट्रेलर आ रहा था और दूसरी तरफ से ट्रक। इसी दौरान ट्रेलर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया और सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने बताया कि वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए आसपास मौजूद लोगों ने मदद की। एक व्यक्ति को वाहन का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया, जबकि कुछ अन्य लोगों को खींचकर बाहर निकाला गया। बाइक सवार भी आग की चपेट में आ गया था। क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने फायर सर्विस और यातायात पुलिस की टीम को मौके पर बुलाया। आग बुझाने के साथ घायलों को अस्पताल भेजने की कार्रवाई की गई। उन्होंने दो लोगों की मौत और दो लोगों के घायल होने की पुष्टि की। पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बताई गई है।

बिजली विभाग की विजिलेंस टीम पर भ्रष्टाचार और किसानों के उत्पीड़न का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम की कार्यप्रणाली को लेकर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। मोर्चा संयोजक संदीप मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों के उत्पीड़न और बिजली विभाग की विजिलेंस टीम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। मोर्चा संयोजक संदीप मिश्रा ने आरोप लगाया कि जिले में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम मनमानी कर रही है और किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के मोनोब्लॉक और समरसेबल पंप काटकर ले जाने की कार्रवाई का विरोध किया जाता है। इससे किसानों



को सिंचाई और खेती-किसानी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि किसानों को निशाना बनाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मोर्चा ने इस तरह की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और विजिलेंस टीम की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें दंडित करने की मांग उठाई। संदीप मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि विजिलेंस टीम की मनमानी और किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा विजिलेंस टीम का घेराव करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान आकाश चौहान, हर्षित तिवारी, विक्की पटेल, राजकुमार मौर्य, दिनेश चेरो, विजय चौहान, अरविंद चौहान और धीरज कनौजिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक स्वर, एक संविधानः संविधान उद्देशिका से गुंजित रही ओबरा नगरी

- शिक्षा निकेतन, पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षार्थियों ने ली मौलिक कर्तव्यों की शपथ

समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह

ओबरा/ सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में एक स्वर, एक संविधान अभियान के तहत भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन और मौलिक कर्तव्यों के प्रति शिक्षार्थियों और अध्यापकों ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने संविधान के आदर्शों पर चलने तथा उसके मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दोहराया। संविधान दिवस के अवसर पर ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वावधान में प्रातः 08:55 बजे 09:05 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा निकेतन विद्यालय के विधिक साक्षरता क्लब के नोडल प्रवक्ता प्रमोद चौबे ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। उन्होंने प्रस्तावना में निहित संप्रभुता, समाजवाद, पंथनिरपेक्षता, लोकतंत्र, गणराज्य, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे संवैधानिक आदर्शों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मौलिक कर्तव्यों के महत्व को समझाया। मौलिक अधिकारों का बोध अधिकार मित्र कमाल अहमद ने कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुकुंद सिंह गौर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान की गरिमा बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। शिक्षक विजय भान ने आभार व्यक्त किया। समारोह में लगभग 400 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर



पराविधिक स्वयंसेवक कमाल अहमद सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अलका वर्मा ने संविधान की महत्ता, उद्देश्य, और मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अधिकार मित्र निगार फरजाना सहित सोनी साहनी, उर्मिला सिंह, सोनी, गायत्री पाल, रेखा रत्नम, सुधा सिंह, रोली मिश्रा, अनुपम देवी, डा. श्रद्धा सिंह आदि अध्यापिकाएं व लगभग 600 छात्राएं उपस्थित रहीं। शपथ ग्रहण तथा कार्यक्रम संचालन का दायित्व श्रीमती सुधा सिंह ने निभाई।

डुमरहर में डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल के सुंदरीकरण का भूमिपूजन, राज्यमंत्री जीत सिंह खरवार ने किया शुभारंभ

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के बभनी मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरहर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल के सुंदरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जीत सिंह खरवार ने विधि-विधान से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री जीत सिंह खरवार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने लोगों से संविधान में निहित सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आत्मा है। बाबा साहेब के विचारों और उनके संघर्षों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण उनके प्रति सम्मान और उनके आदर्शों को जीवंत बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बताया गया कि संविधान दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन में संविधान की उद्देशिका का पाठ किया तथा प्रदेशभर में डॉ.



बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत प्रतिमा स्थलों के सुंदरीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। इसी क्रम में डुमरहर में भी भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा बभनी मंडल अध्यक्ष लालकेश कुशवाहा, बभनी प्रधान संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह, मंडल महामंत्री लक्ष्मी गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मुनीष सिंह, ग्राम प्रधान डुमरहर रामप्रताप, ग्राम प्रधान हथियार देवकुमार, दुद्धी विधानसभा सोशल मीडिया सह संयोजक गौतम कुमार, बूथ अध्यक्ष रामानंद, अमरजीत खरवार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सहकारिता गोष्ठी में किसानों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी, बी-पैक्स को नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिजार्पुर की शाखा चोपन के तत्वावधान में गुरुवा र को ब्लॉक सभागार चोपन में तहसील स्तरीय सहकारिता गोष्ठी का आयोजन किया गया। लैम्पस अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में क्षेत्र के समस्त बी-पैक्स के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालकगण एवं कृषकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह मुख्य अतिथि तथा बलदेव सिंह एवं अवधेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गोष्ठी में प्रमुख रूप से सभी बी-पैक्स को 100-100 नए मतदाता को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके साथ ही सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के हित में संचालित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि सदस्यों महाअभियान वर्ष 2023 एवं 2025 के माध्यम से लाखों नए किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ा गया है। राज्य सरकार द्वारा



वर्ष 2023 से बी-पैक्स समितियों को ब्याज मुक्त कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) के तहत उर्वरक ऋण सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित की गई थी, जिसे वर्ष 2026 से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने के साथ ही समितियों को आत्मनिर्भर एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त सहकारिता की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का गठन एवं उनका उन्नयन किया जा रहा है। सहकारिता को कृषि तक सीमित न रखते हुए युवाओं को रोजगार एवं बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'सहकारिता भारत टैक्सी योजना' की शुरूआत की गई है। वहीं समितियों के परिसर एवं भवनों के कायाकल्प और जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार की ओर से लगभग 10 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में नवल किशोर चौबे, बीरबल, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार चौबे, घनश्याम, मोहनलाल जायसवाल सहित विभिन्न बी-पैक्स के सम्मानित संचालकगण एवं क्षेत्र के सक्रिय किसान उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर बीडीओ ने पदाधिकारियों और कर्मियों को दिलाई शपथ

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ (किशनगंज)। टेढ़ागाछ प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अजय कुमार ने प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना के प्रति निष्ठा रखने तथा उसके मूल्यों और आदर्शों का पालन करने की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने के साथ-साथ न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर बीडीओ अजय कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की मजबूत नींव है। संविधान नागरिकों को अधिकार देने के साथ-साथ उनके कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवकों की जिम्मेदारी है कि वे संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा आम लोगों को निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाएं।

कार्यक्रम के माध्यम से संविधान के प्रति सम्मान, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया गया।

संविधान दिवस पर न्यायालय, मंडल कारा और सुरक्षित स्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज की ओर से संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर संविधान के मूल आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश, उत्पाद न्यायालय प्रथम नीरज किशोर सिंह, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम दीपचंद पाण्डेय, विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय के पीठासीन पदाधिकारी सुमित कुमार सिंह-1, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मुक्तेश मनोहर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर सहित अन्य न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मंडल कारा, किशनगंज में भी संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ओम शंकर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बंदियों को शिक्षा के अधिकार, संविधान की महत्ता, मौलिक अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई। मौके पर कारा अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पैनल अधिवक्ता मोनिका प्रसाद तथा मंडल कारा के बंदी उपस्थित थे।

वहीं, सुरक्षित स्थान, किशनगंज में भी विधि विरुद्ध किशोरों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता मधुकर प्रसाद गुप्ता ने किशोरों को शिक्षा के अधिकार, संविधान की समझ, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में संवैधानिक मूल्यों और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

एसपी कार्यालय में 22 लोगों की शिकायतें सुनी गई

जन शिकायत निवारण सुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

समाज जागरण पारसनाथ दुबे

डेहरी (रोहतास)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डेहरी में गुरुवार 26 नवंबर को जन शिकायत निवारण सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे कुल 22 शिकायतकताओं की समस्याएं सुनी गईं। सुनवाई के दौरान लोगों ने जमीन विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, रुपये के लेन-देन, धमकी सहित अन्य समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतकताओं की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों की जानकारी ली।



इस दौरान कई मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं, कुछ मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का सुझाव दिया गया। लंबित मामलों में शीघ्र जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निवारण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थाने का चक्कर न लगाना पड़े और उसकी समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। सुनवाई में महिला एवं पुरुष शिकायतकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पुलिस पदाधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित थानों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।

किशनगंज में 15 मिनट तक रहा ब्लैकआउट, थम गया शहर का ट्रैफिक

गांधी चौक और समाहरणालय परिसर में बंद की गईं लाइटें, मॉक ड्रिल के बाद यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



नागरिक सुरक्षा के तहत गुरुवार को किशनगंज शहर में हवाई हमले एवं ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के दो प्रमुख स्थानों समाहरणालय परिसर और गांधी चौक पर करीब 15 मिनट तक ब्लैकआउट रहा। शाम छह बजे निर्धारित समय पर दोनों स्थानों की लाइटें बंद कर दी गईं, जिससे आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। शाम 6:15 बजे ब्लैकआउट समाप्त होने के बाद सामान्य स्थिति बहाल की गई।

मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट का असर यातायात पर भी देखने को मिला। 15 मिनट तक ब्लैकआउट रहने के कारण लोग और वाहन जहां थे, वहीं रुक गए। ब्लैकआउट समाप्त होने के बाद यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सामान्य कराई गई।

प्रभारी अनुमंडल दंडाधिकारी अंकिता सिंह ने बताया कि किशनगंज में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल सफल रहा। निर्धारित समय के अनुसार शाम छह बजे से 6:15 बजे तक ब्लैकआउट किया गया। इसके बाद यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य संभावित हवाई हमले या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखना था। ऐसी स्थिति में शहर की रोशनी बंद रखने, नागरिकों को सुरक्षित रखने तथा प्रशासनिक निर्देशों का पालन कराने का अभ्यास किया जाता है।

सीमावर्ती जिला होने के कारण किशनगंज में नागरिक सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासनिक सतर्कता एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय महत्वपूर्ण है। इस अभ्यास के जरिए सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का आकलन करने का प्रयास किया गया।

किशनगंज रेलवे स्टेशन पर 58.6 किलो गांजा बरामद, कीमत 29.30 लाख रुपये

डिब्रूगढ़-एलटीटी एक्सप्रेस के एस-3 कोच में लावारिस हालत में रखे थे 48 पैकेट, जीआरपी ने दर्ज किया मामला

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



किशनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और संबंधित रेल पुलिस की कार्रवाई में 58.6 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 29 लाख 30 हजार रुपये बताई गई है। गांजा 48 पैकेट में पैक था और ट्रेन के कोच में लावारिस हालत में रखा हुआ था।

जानकारी के अनुसार, 26 नवंबर 2026 की रात करीब 2:45 बजे एडीएस/कटिहार से सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 15946 डाउन (डिब्रूगढ़-एलटीटी एक्सप्रेस) के एस-3 कोच में संदिग्ध गांजा रखा हुआ है। सूचना मिलने के बाद सुबह करीब 3:02 बजे ट्रेन के किशनगंज स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ के एसआई प्रशांत कुमार, एएसआई एचपी सिंह और कांस्टेबल पी. कुमार ने कोच की जांच की। इस दौरान 48 पैकेट में रखा 58.6 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद हुआ।

बरामद सामग्री को प्लेटफॉर्म संख्या दो पर उतारकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। सुबह करीब नौ बजे एएसआई एस. घोष और कांस्टेबल अमित कुमार की मौजूदगी में गांजा जब्त कर आरपीएफ पोस्ट किशनगंज लाया गया। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए किशनगंज जीआरपी थानाध्यक्ष को सौंप दिया गया।

इस मामले में जीआरपी किशनगंज थाना कांड संख्या 71/2026, दिनांक 26 नवंबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(बी)(ii)(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 29 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा की बैठक में मतदाता सूची की शुद्धता पर हुई चर्चा

'लोकतंत्र बचाओ, घुसपैठिया हटाओ' अभियान के तहत प्रबुद्धजनों के साथ हुआ संवाद

समाज जागरण पारसनाथ दुबे



डेहरी (रोहतास)। भारतीय जनता पार्टी, रोहतास जिला इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को डेहरी के एनिकट स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर में लोकतंत्र बचाओ, घुसपैठिया हटाओ अभियान के तहत प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह अभियान प्रभारी आरती गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता सह कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश गोस्वामी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद वंदे मातरम के साथ बैठक की शुरूआत हुई।

बैठक में अवैध घुसपैठ से जुड़े मुद्दों, मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आरती गुप्ता ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना आवश्यक है। इसके लिए पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल करने तथा अपात्र प्रविष्टियों के संबंध में निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबलू कश्यप ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती पर अपने विचार रखे। उन्होंने निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने में जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जागरूक नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर जनजागरूकता बढ़ाना है। बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर जिला संयोजक सोशल मीडिया संजीव कुमार, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, कन्हैया सिंह, नगर अध्यक्ष रविशंकर राय सहित कई पार्टी पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

पटना के बिक्रम में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग

युवक की कनपटी में लगी गोली; हालत गंभीर

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिक्रम थाना क्षेत्र के महजपुरा गांव में बुधवार की देर रात एक तिलक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में 21 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली युवक की कनपटी में लगी है। घायल युवक की पहचान महजपुरा गांव निवासी सुरेंद्र साव के पुत्र संतु साव के रूप में की गई है। घटना के बाद समारोह स्थल और पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात करीब 11:30 बजे महजपुरा गांव में एक तिलक समारोह आयोजित था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर खुशी मना रहे थे। इसी दौरान किसी ने कथित तौर पर हर्ष फायरिंग कर दी। इस दौरान चली गोली संतु साव की कनपटी में जा लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनते ही समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। गोली लगने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल संतु साव को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही युवक के घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान अवैध या लाइसेंसी हथियार के इस्तेमाल को लेकर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गोली किसने चलाई और किस हथियार से फायरिंग की गई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और दोषियों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पटना के फतुहा में घर की तलाशी के दौरान दो देसी कट्टा बरामद, एक गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के शिवचक गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से दो अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने शिवचक गांव निवासी जगदीश प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र संजय कुमार उर्फ संजू को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध हथियार बरामद होने के बाद इलाके में हलचल मच गई है और पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 26 नवंबर को पुलिस को शिवचक गांव की एक महिला की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में गांव के संजय कुमार उर्फ संजू और उनके परिवार के सदस्यों पर फोन पर गाली-गलौज, मारपीट, अभद्र व्यवहार करने तथा हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले का सत्यापन किया और कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की।

शिकायत के सत्यापन के बाद फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन के नेतृत्व में ओपी प्रभारी कालेन्द्र कुमार, एसआई बवन चौधरी, विजय कुमार, राहुल कुमार, योगेश कुमार और सशस्त्र बल की टीम ने शिवचक गांव स्थित संजय कुमार के घर पर छापेमारी की। घर की तलाशी के दौरान बरामदे की सीढ़ी के ऊपर बने छज्जे में छिपाकर रखे गए दो अवैध देसी कट्टे बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों हथियारों को जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व से भी फतुहा थाने में पुलिस पर हमला करने से संबंधित मामला दर्ज है। अवैध हथियार बरामदगी और पूर्व की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित के आपराधिक इतिहास और अन्य संभावित पहलुओं की पड़ताल करते हुए आगे की विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

पटना के बिहटा-लई रोड पर छिनतई मामले में दो युवक गिरफ्तार सोने का महावीर लॉकेट बरामद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिहटा-लई रोड स्थित कालीगंज मोड़ के पास बुधवार देर रात पुलिस ने छापेमारी कर छिनतई के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान कालीगंज गांव निवासी स्व. सुभाष यादव के पुत्र ओमप्रकाश कुमार और स्व. पंचा सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से छिनतई किया गया सोने का महावीर लॉकेट भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों आरोपित युवकों ने एक टोटो चालक के गले से सोने का महावीर लॉकेट छीन लिया था। घटना के बाद पीड़ित चालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया और आरोपितों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईआईटी अमहारा थाना और लई ओपी की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बिहटा-लई रोड पर कालीगंज मोड़ के पास छापेमारी कर दोनों युवकों को मौके से दबोच लिया। इस संयुक्त अभियान में लई ओपी प्रभारी आयुष कुमार भी पुलिस बल के साथ शामिल रहे। लई ओपी प्रभारी आयुष कुमार ने बताया कि छिनतई मामले में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके पास से छीना गया सोने का महावीर लॉकेट बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

पटना के दानापुर में प्रोफेसर के बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास, इलाके में दहशत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के अशोपुर स्थित सोहो निर्मला अपार्टमेंट में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही अपार्टमेंट के निवासियों में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा को लेकर सहमे हुए हैं। बताया जा रहा है कि जिस फ्लैट को निशाना बनाया गया, वह फ्लैट संख्या 209 है, जो प्रो. राज कुमार का है। अपार्टमेंट के सेक्रेटरी ने जानकारी दी कि फ्लैट संख्या 209 के निवासी प्रो. राज कुमार छपरा स्थित राजेंद्र कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अपने कार्यस्थल और अन्य कार्यों के सिलसिले में बाहर रहने के कारण उनका यह फ्लैट अक्सर बंद रहता है। इसी का फायदा उठाते हुए बीती रात चोरों ने फ्लैट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश करने और चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। घटना की जानकारी मिलने के बाद अपार्टमेंट प्रबंधन की ओर से प्रो. राज कुमार को घटना की सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही मामले की जानकारी स्थानीय दानापुर थाना पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर छानबीन शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चोरी के प्रयास की इस घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। चोरों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए पुलिस अपार्टमेंट परिसर के भीतर लगे कैमरों के साथ-साथ आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। स्थानीय लोगों ने अपार्टमेंट और आसपास के क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

पटना के फतुहा में पानी भरे गड्ढे में पलटा टेम्पो

चालक की मौत; परिजनों में मचा कोहराम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ बिहटा-दनियावां-सरमेरा एसएच-78 (SH-78) पर फतुहा थाना क्षेत्र के कुंडली, कंचनपुर और ऐमनविगहा के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में टेम्पो चालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज मोड़ के पास चालक का टेम्पो अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पानी भरे गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए मसौढ़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मुन्ना कुमार उर्फ युगल यादव (45 वर्ष, पिता कृष्णा प्रसाद) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पटना के रामकृष्ण नगर का रहने वाला था, लेकिन अपने ननिहाल मोहिउद्दीनपुर में रहकर टेम्पो चलाने का काम करता था। बताया जाता है कि मुन्ना कुमार टेम्पो चलाकर अपने नाना-नानी के साथ वहीं रह रहा था और उसी से परिवार की आजीविका चल रही थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटनास्थल पर सड़क का तेज मोड़ होने और पुल के नीचे पानी भरा गड्ढा रहने के कारण यह हादसा हुआ। वाहन के संतुलन बिगड़ने से टेम्पो सीधे पानी भरे गड्ढे में जा गिरा, जिससे चालक को गंभीर चोटें आईं। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। मसौढ़ी अस्पताल में शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मुन्ना कुमार की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है। बताया गया कि परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को लेकर घर चले गए।



पटना के पालीगंज मुख्य बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के पालीगंज मुख्य बाजार में सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। अभियान के तहत जेसीबी मशीन की मदद से सड़क मार्ग तक फैले दुकानों के अतिक्रमित हिस्सों को तोड़कर हटाया गया और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में आवागमन को सुचारु और व्यवस्थित करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, पालीगंज मुख्य बाजार में पिछले कई दिनों से कुछ व्यवसायियों द्वारा सड़क के किनारे और मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण कर लिया गया था। इसके कारण बाजार से गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर वाहनों के बढ़ते दबाव के बीच अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, जिससे आम लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बताया जाता है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा पूर्व में जाम हटाने की कार्रवाई किए जाने के बावजूद कुछ समय बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते थे और जाम की गंभीर समस्या खड़ी हो जाती थी। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान में पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार, एसआई मनोज कुमार झा सहित पालीगंज थाना के दर्जनों पुलिसकर्मी और नगर पंचायत के सभी कर्मी पूरे दिन मौके पर डटे रहे।

प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों और राहगीरों में संतोष व खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पालीगंज थाना पुलिस तथा नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि इस सख्त कार्रवाई के बाद मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन पहले से अधिक सुगम व सुरक्षित होगा।

पटना के मसौढ़ी में 19 वर्षीय युवती तीन सप्ताह से लापता

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध रूप से लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के भाई ने इस संबंध में स्थानीय थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली 19 वर्षीया युवती बीते 20 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे अपने घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने खोजबीन शुरू की। युवती के लापता होने के बाद परिजनों ने अपने स्तर से आसपास के मोहल्लों व संभावित स्थानों पर तलाश की और रिश्तेदारों से फोन पर संपर्क कर जानकारी जुटाई, लेकिन शुरूआत में कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। युवती के भाई ने बताया कि इसी बीच बीते 14 नवंबर को परिवार के पास एक फोन कॉल आया। कॉल में कही गई बातों और जिस नाम का जिक्र हुआ, उसके आधार पर परिजनों को शक हुआ। फोन कॉल से मिले संकेत के आधार पर परिजन जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव निवासी विरेंद्र दास के पुत्र शैलेश कुमार (22 वर्ष) के घर पहुंचे। हालांकि, वहां शैलेश नहीं मिला।

संविधान केवल कानून की किताब नहीं, यह भारत की आत्मा है : प्रो. संजीव कुमार बिरूली

संविधान दिवस पर सिंहभूम कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन, विद्यार्थियों को दिलाई गई प्रस्तावना की सामूहिक शपथ

समाज जागरण

चांडिल। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिंहभूम कॉलेज, चांडिल के बिरसा मुंडा सभागार में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील मुर्मू ने की।



इस अवसर पर जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के प्रो. संजीव कुमार बिरूली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य वक्ता ने महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया। इसके बाद उन्होंने भारतीय संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर विस्तार से अपने विचार रखे। अपने संबोधन में प्रो. संजीव कुमार बिरूली ने कहा कि भारतीय संविधान केवल कानून की किताब नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह हमारी सामूहिक चेतना और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का सबसे बड़ा दस्तावेज है। उन्होंने संविधान के मूल आदर्शों को समझने और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

आदिवासी अधिकारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जमीन का संरक्षण केवल भूमि विवाद का विषय नहीं है, बल्कि यह उसकी सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक स्वतंत्रता और संवैधानिक गरिमा से जुड़ा सवाल है। लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि असहमति का सम्मान, संवाद की संस्कृति और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा को स्वीकार करने वाली जीवन पद्धति है।

उन्होंने कहा कि संविधान का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचेगा। उनका व्याख्यान ज्ञानवर्धक एवं विचारोत्तेजक रहा। इससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों को संविधान के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य वक्ता प्रो. संजीव कुमार बिरूली को प्रशस्ति पत्र सह प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार ने उनके बौद्धिक योगदान, प्रेरक विचारों एवं गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करना तथा लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करना था। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग की अध्यापिका डॉ. रिया शालिनी ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ज्योतिष कुमार सिंह, प्रोफेसर रतनजॉन बरला, डॉ. अंबिका रजक, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. रिया शालिनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जल्द होगा चांडिल अनुमंडल अस्पताल का उद्घाटन, विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को किया आग्रह

समाज जागरण



चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को जल्द ही नवनिर्मित अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल को जल्द चालू कराने का आग्रह की। इस संबंध में उन्होंने दोनों से मिले । विधायक ने बताया कि नवनिर्मित अस्पताल भवन तैयार है, लेकिन विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक 35 लाख रुपए कि राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्पताल का संचालन बाधित है। इसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को इलाज के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने, सुचारु संचालन के लिए चिकित्सकों एवं अन्य मानव बल की व्यवस्था करने तथा अस्पताल के उद्घाटन के लिए जल्द तिथि निर्धारित करने की मांग की। विधायक ने कहा कि चांडिल अनुमंडल के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल का जल्द चालू होना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही लगभग 35 लाख रुपए कि राशि एवं अस्पताल संचालन के लिए चिकित्सकों एवं अन्य मानव बल की व्यवस्था कर जल्द उद्घाटन किया जाएगा।

आय से अधिक संपत्ति मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता के छह ठिकानों पर छापेमारी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



पटना।बिहार विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता अजित कुमार दास के छह ठिकानों पर गुरुवार को एक साथ छापेमारी की। निगरानी थाना कांड संख्या 137/26, दिनांक 23 नवंबर 2026 के तहत यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पटना स्थित दो फ्लैटों के डीड, बैंक, शेयर और एलआईसी में निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

निगरानी विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अजित कुमार दास के खिलाफ आय से अधिक 1 करोड़ 52 लाख 4 हजार 880 रुपये की संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। विशेष न्यायालय से प्राप्त तलाशी वारंट के आधार पर 26 नवंबर को उनके पटना, नवगछिया, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर और सासाराम स्थित आवासीय एवं कार्यालय परिसरों में तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान सिलीगुड़ी के एक प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में वर्ष 2021 में खरीदी गई करीब 92 डिसमिल जमीन से संबंधित दस डीड भी बरामद हुए हैं। यह जमीन उनकी पत्नी के नाम पर खरीदी गई है। निगरानी विभाग के अनुसार, वार्षिक संपत्ति विवरण में इस जमीन का उल्लेख नहीं किया गया था। स्थानीय बाजार भाव के आधार पर जमीन की कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

प्रेस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी के अनुसार, अजित कुमार दास वर्ष 2014 से 2017 तक मढ़ौरा (छपरा), 2017 से 2020 तक बारसोई, 2020 से 2024 तक किशनगंज, 2024 से 2025 तक सासाराम, 2025 से जून 2026 तक भागलपुर तथा जुलाई 2026 से सासाराम प्रमंडल में पदस्थापित रहे हैं। वर्तमान में वे ग्रामीण कार्य विभाग के सासाराम प्रमंडल में जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित पद पर कार्यरत हैं।

निगरानी विभाग ने बताया कि छापेमारी के दौरान बरामद दस्तावेजों और अन्य संपत्तियों की जांच की जा रही है। जमीन, बैंक निवेश और अन्य परिसंपत्तियों के स्रोत का सत्यापन किया जाएगा। मामले में अनुसंधान जारी है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा जरूरी

शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों ने साझा किया विचार ,बच्चों के सामाजिक ,भावनात्मक विकास और संवेदनशील शैक्षिक वातावरण पर हुए सार्थक चर्चा

समाज जागरण



गोड्डा महागामा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने के और शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा के तेहत प्रखंड संसाधन केंद्र महागामा के सभागार में प्रखंड स्तरीय माइक्रो डायलॉग आयोजन किया गया। लोक कल्याण परिषद के तत्वाधान में इस कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों ने सेल की महत्व पर विचार साझा किया और इसे विद्यालयों की दैनिक गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा बनने पर जोर दिया ।प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अली उमर खान की अध्यक्षता में आयोजित इस संवाद में प्रखंड के बीआरपी एवं सीआरपी तथा अन्य प्रथम स्तरीय कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सामाजि भावनात्मक विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाना है।

संवाद के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है उनकी भावनात्मक जरूरत को समझना, उन्हें अपनी बात रखने का अवसर देना और विद्यालय में सुरक्षित सहयोगात्मक एवं सम्मानजनक वातावरण तैयार करना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रतिभागियों ने बच्चों की भावनाओं को समझना ,उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनके साथ सकारात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की ।साथ ही एएछ को विद्यालय गतिविधियों और दैनिक व्यवहार में शामिल करने की आवश्यकता रेखांकित की गई ।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव और विचार साझा करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए शिक्षकों विद्यालय कर्मियों और समुदाय के बीच समन्वय तथा सामूहिक प्रयास आवश्यक है। SEL के माध्यम से बच्चों को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दिया गया जहां वहअपनी भावना

कार्यक्रम के सत्र का संचालन सुवर्णपाल ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट संपूर्णा टीम से मुन्ना ,रोशनी ,मंजू , कमलेश एवं ऋषभ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रतिभागी के रूप में जिला बीआरपी/सीआरपी महासंघ गोड्डा के पूर्व महासचिव सुलेमान जहांगीर आजाद,शमीम इकबाल, सीआरपी सुभाष शुक्ला ,अजीज अख्तर, राजकुमार यादव ,अब्दुल रशीद ,मुर्शीद आलम, निसार अहमद, मो नसीम राकेश कुमार ठाकुर, सुधीर कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

एमजीएम अस्पताल में रखे 18 वर्षीय युवक के शव से दोनों आंखें गायब होने का आरोप, परिजनों का हंगामा

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)



जमशेदपुर कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शुमार महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल में गुरुवार को एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाला मामला सामने आया। अस्पताल में रखे 18 वर्षीय युवक के शव से दोनों आंखें गायब होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था, शवगृह की निगरानी और अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अपने जवान बेटे की मौत के सदमे से गुजर रहे परिवार के लिए यह घटना एक और गहरा आघात बन गई।

मिली जानकारी के अनुसार, सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया क्षेत्र निवासी 18 वर्षीय राजू प्रमाणिक की कथित आत्महत्या के बाद मौत हो गई थी। घटना के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत उसके शव को एमजीएम अस्पताल में रखवाया गया था। परिजनों को उम्मीद थी कि अस्पताल में शव सुरक्षित रहेगा और वे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अपने बेटे का अंतिम संस्कार कर सकेंगे। लेकिन गुरुवार सुबह जब परिवार के सदस्य शव लेने अस्पताल पहुंचे तो उसकी स्थिति देखकर वे स्तब्ध रह गए।

परिजनों का आरोप है कि शव की दोनों आंखें गायब थीं। उनका कहना था कि जब युवक का शव अस्पताल की देखरेख में रखा गया था, तो उसके साथ इस तरह की स्थिति कैसे उत्पन्न हो गई? आखिर अस्पताल परिसर में रखे शव की निगरानी कौन कर रहा था? यदि शव के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ हुई है तो इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को क्यों नहीं मिली? इन सवालों को लेकर परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे।

शव की सुरक्षा पर उठे सवाल

घटना सामने आने के बाद अस्पताल की व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सरकारी अस्पताल में मरीजों के इलाज के साथ-साथ मृतकों के शवों को सुरक्षित रखना भी प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है। विशेषकर ऐसे मामलों में, जहां पुलिस की निगरानी में शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा जाता है, वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतना जरूरी होता है। इसके बावजूद यदि किसी शव की स्थिति को लेकर इस तरह के आरोप सामने आते हैं तो यह अस्पताल की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

परिजनों का कहना है कि वे पहले से ही अपने बेटे की असमय मौत से टूट चुके हैं। ऐसे समय में शव की स्थिति को लेकर सामने आई इस घटना ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। परिवार के लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि अस्पताल में सुरक्षित रखे गए शव के साथ आखिर क्या हुआ? क्या शव अस्पताल लाए जाने के समय ही ऐसी स्थिति में था या अस्पताल में रखे जाने के दौरान कोई घटना हुई? इन सभी बिंदुओं की जांच जरूरी है।

जांच के बाद ही सामने आएगी सच्चाई

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग उठ रही है। यह पता लगाना जरूरी है कि शव अस्पताल पहुंचने के समय किस स्थिति में था, उसे कहां और किसकी निगरानी में रखा गया था तथा परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है। इसके लिए अस्पताल में उपलब्ध रिकॉर्ड, शव की प्रारंभिक स्थिति से संबंधित जानकारी और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल शव से दोनों आंखें गायब होने के आरोपों की चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यक जांच के बाद ही यह पता चल सकेगा कि शव की आंखों की स्थिति क्या थी और इसके पीछे क्या कारण हो सकता है।

फिलहाल इस पूरे मामले में कई सवाल अनुत्तरित हैं। परिजन जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं, जबकि अस्पताल प्रबंधन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। ऐसे में जरूरी है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में किसी तरह की लापरवाही न हो और तथ्यों के आधार पर सच्चाई सामने लाई जाए। ताकि पीड़ित परिवार को अपने सवालों का जवाब मिल सके और भविष्य में अस्पताल में रखे जाने वाले शवों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वदेशी तकनीक से वैश्विक शक्ति बनेगा भारत : राज्यपाल संतोष गंगवार

सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला का 77वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित, युवा वैज्ञानिकों से नवाचार और शोध को बढ़ावा देने का आह्वान

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)



जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) का 77वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संस्थान की गौरवशाली वैज्ञानिक यात्रा और देश के औद्योगिक विकास में इसके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के बल पर ही भारत वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि सीएसआईआर-एनएमएल ने सात दशकों से अधिक समय में खनिज, धातु एवं पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अनुसंधान और तकनीकी योगदान ने देश के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। जमशेदपुर जैसे प्रमुख औद्योगिक शहर में इस प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान की मौजूदगी पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है। अर्धचालक, रक्षा उपकरण, अंतरिक्ष अनुसंधान और आधुनिक विनिर्माण उद्योगों में विशेष धातुओं एवं उन्नत सामग्रियों की मांग बढ़ रही है। ऐसे में भारत को अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं का विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर विशेष ध्यान देना होगा। प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग कर ऐसे अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक है, जिससे देश की औद्योगिक जरूरतें घरेलू स्तर पर पूरी हो सकें।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने स्वदेशी उत्पादन, तकनीकी विकास और नवाचार को गति दी है। 'जय विज्ञान, जय अनुसंधान' का मंत्र देश की वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान क्षमता को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं अनुसंधान में निवेश, नई तकनीकों का विकास और युवाओं की भागीदारी भारत को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश की वास्तविक प्रगति उसकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता से भी निर्धारित होती है। भारत में प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, शोधकताओं और युवा नवाचारकताओं की बड़ी शक्ति है। जरूरत है कि उन्हें उचित अवसर, संसाधन और प्रोत्साहन मिले। वैज्ञानिक संस्थानों को उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर ऐसे शोध कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिनका लाभ समाज और देश की अर्थव्यवस्था तक पहुंचे।

युवा वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे बड़े सपने देखें और नए विचारों के साथ अनुसंधान एवं नवाचार की संभावनाएं तलाशें। वैज्ञानिकों का दायित्व केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके शोध का उद्देश्य सामाजिक समस्याओं का समाधान और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध भारत में खनिज एवं धातु आधारित उद्योगों के क्षेत्र में अनुसंधान की व्यापक संभावनाएं हैं। आधुनिक तकनीकों को अपनाने से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और औद्योगिक क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

समारोह के अंत में राज्यपाल ने विश्वास जताया कि सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला आने वाले वर्षों में अनुसंधान, तकनीकी विकास और नवाचार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि संस्थान की स्वदेशी तकनीकें देश की औद्योगिक क्षमता को मजबूत करने और भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

पालीगंज को नरक पंचायत से मुक्ति दिलाने की मांग

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज नगर पंचायत नरक पंचायत में तब्दील हो चुकी है। जल निकासी की समुचित निकासी व्यवस्था के अभाव में बाजार के अधिकांश सड़को पर नाले की गंदा पानी बह रही है। बाईपास के अभाव में बाजार की मुख्य सड़कों से एक भी बड़ी वाहन गुजरने पर घण्टो जाम का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में बसे घरों तक न तो नाला निर्माण कराई गई है, न कोई पेयजल की व्यवस्था हो पाई है। यहां तक कि घरों तक पहुंचने के लिए कीचक भरी कच्ची रास्ते से जाना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर संत रविदास स्मारक से पूर्वी इलाका, प्रखण्ड कार्यालय के पीछे का इलाका सहित मुख्य बाजार से गुजरनेवाली सड़को पर अतिक्रमण को लिया जा रहा है। इतने बड़े और पुराने बाजार में कोई पार्क तक कि सुविधा नही है। इसके बावजूद भी सुविधाओं के नाम पर स्थानीय लोगो पालीगंज नगर पंचायत की ओर से टैक्स की वसूली की जा रही है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक में कुछ तथाकथित स्थानीय नेताओं की ओर से पालीगंज नगर पंचायत को नगर परिषद बनाने की मांग की गई है। जबकि सरकार की ओर से प्रस्तावित सभी शर्तो को पूरी करनेवाली क्षेत्र को नगर परिषद बनना सुनिश्चित है।

ग्रेजुएट कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर ग्रेजुएट कॉलेज के एनएसएस यूनिट एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को संविधान दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व, नागरिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रोफेसर प्रतिमा सिन्हा उपस्थित रहीं। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। इसके साथ ही प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी भी है कि वह संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों का सम्मान करे तथा उनका पालन सुनिश्चित करे। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के प्रति जागरूक रहने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की विशेषताओं को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल नागरिकों को अधिकार देने वाला दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्तव्यों का भी बोध कराता है। अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करना एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने छात्राओं को संविधान की भावना को समझने और उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने व्यवहार और कार्यों में संवैधानिक मूल्यों को अपनाए।



संविधान के पालन में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के साथ-साथ नियमों और कानूनों का पालन करें, तो समाज में समानता, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में संविधान से संबंधित पुस्तकों का बुक स्टॉल लगाया गया। इसके साथ ही पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय संविधान की विशेषताओं, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों को प्रदर्शित किया गया। छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर संविधान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। वहीं, हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्राओं एवं शिक्षकों ने संविधान के आदर्शों और नियमों का पालन करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य वक्ता डॉ. विनय कुमार सिंह ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। सभी ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को आत्मसात करने तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

पूरे कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुलेखा कुमारी एवं डॉ. निशा कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. किरण दुबे, डॉ. दीप्ति, डॉ. मुक्ता, डॉ. पूनम रजक, डॉ. शारदा, डॉ. नम्रता, डॉ. सोनी, डॉ. पूर्वा, डॉ. अनामिका, डॉ. कल्याणी, डॉ. उषा, डॉ. सुदीप्ता सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक पहचान और नागरिक जीवन का मार्गदर्शक है। इसके आदर्शों का सम्मान और पालन करना प्रत्येक भारतीय का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है।